# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 31 मई 2025 शनिवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 09 • अंक : 14 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1727 : फ्रांस, ब्रिटेन और नीदरलैंड ने पेरिस संधि पर हस्ताक्षर किये।

1759 : अमेरिका के उत्तरपूर्वी प्रांत पेनसिल्वेनिया में सभी थियेटर के कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगा दिया।

1774 : भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय खोला गया।

1867 : बंबई में प्रार्थना समाज की स्थापना हुई।

1964 : बंबई में इलेक्ट्रिक ट्राम अंतिम बार चली।

1959 : बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को तिब्बत से निर्वासन के बाद भारत में शरण दी गई।


2003 : प्रसिद्ध संगीतकार अनिल बिस्वास का निधन हुआ।

## प्रधानमंत्री ने बिहार को दी 48,520 करोड़ की सौगात, एनटीपीसी की बड़ी योजना की रखी आधारशिला

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक सेना को भी किया सीधा टारगेट : मोदी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज(रोहतास)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार दौरे के दौरान शुक्रवार को बिक्रमगंज में 48,520 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इनमें सासाराम से पटना तक नई फोरलेन सड़क, औरंगाबाद (नबीनगर) में 2400 मेगावाट की ऊर्जा परियोजना, पटना-गया-डोभी फोरलेन सड़क परियोजना, गोपालगंज रिंग रोड, सासाराम और अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ियां, सोननगर-मोहम्मदगंज तीसरी रेलवे लाइन, जहानाबाद नवोदय विद्यालय में डोरमेट्री और स्टाफ क्वार्टर, आरा-सासाराम फोरलेन मार्ग, वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेस-वे, बक्सर-भरौली गंगा नदी पर पुल और रामनगर-कच्ची दरगाह सिक्स लेन सड़क आदि परियोजनाएं शामिल हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी जनसभा के संबोधन की शुरुआत बिहार के स्वाभिमानी और मेहनती लोगों को प्रणाम करके की। उन्होंने कहा कि बिहार की पवित्र भूमि पर इतनी बड़ी संख्या में आप हमें आशीर्वाद देने आए हैं, जिसको मैं हमेशा सर-आंखों पर रखता हूं। उन्होंने जनसभा के दौरान बड़ी संख्या में माताओं-बहनों को देखकर उन्हें विशेष प्रणाम किया और कहा कि यह हमारे लिए सबसे बड़ी घटना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार यह एलान किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना को भी सीधा टारगेट किया गया था।



## पीएम ने 2025 के बजट में बिहार को दी कई सौगातें : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीएम मोदी की सभा में जाति जनगणना पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि केंद्र ने हाल में ही जातीय जनगणना कराने का फैसला लिया है। मैं इसके लिए पीएम मोदी को नमन करता हूं और उनका धन्यवाद दता हू। यह बहुत बड़ा बात हा गई है। इसकी मांग मैं लंबे समय से कर रहा था। यह एक बहुत बड़ा कदम है। आप सब जानते ही हैं कि हमलोगों ने बिहार में जातीय जनगणना कराने का निर्णय लिया था। बिहार में इसे प्रमुखता से करवाया। इसके बाद केंद्र सरकार ने भी पूरे देश में जातीय जनगणना कराने की घोषणा की है।



## हेमंत सोरेन ने परिवार संग किए बदरी- केदार के दर्शन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार सुबह परिवार के साथ पवित्र तीर्थस्थल केदारनाथ धाम पहुंचे। मुख्यमंत्री सोरेन का हेलीकॉप्टर सुबह ठीक 8 बजकर 5 मिनट पर केदारनाथ हेलीपैड पर उतरा। मुख्यमंत्री अपने पूरे परिवार के साथ बाबा केदारनाथ के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे थे। मंदिर परिसर में पहुंचकर उन्होंने परिवार संग विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न की। इस दौरान उन्होंने देश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की और बाबा केदार से आशीर्वाद लिया। केदारनाथ पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर और आसपास की घाटी में फैले हिमालयी सौंदर्य का आनंद लिया। हिमाच्छादित पर्वतों से घिरे इस तीर्थस्थल की दिव्यता और भव्यता ने मुख्यमंत्री और उनके परिवार को अभिभूत कर दिया। केदारनाथ धाम के दर्शन के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन परिवार के साथ बदरीनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने भगवान बदरी-विशाल के दर्शन पूजन किए। बदरीनाथ मंदिर पहुंचने पर प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया एवं उन्हें भगवान बदरी-विशाल का अंगवस्त्र एवं प्रसाद भेंट किया। जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम जोशीमठ सीएस वशिष्ठ ने उनकी अगवानी की। मुख्यमंत्री सोरेन ने परिवार सहित वेदपाठ के साथ विशेष पूजा-अर्चना में भाग लिया। पूजा-अर्चना के उपरांत मुख्यमंत्री ने मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना की और देवभूमि में आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव साझा किया। गौरतलब हो कि चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह बना हुआ है। देश-विदेश से तीर्थयात्री बड़ी तादाद में चारधाम यात्रा के लिए पहुंच रहे हैं। वीआईपी अतिथि भी बदरी-केदार के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं हर साल कपाट खुलने के बाद बड़ी संख्या में वीआईपी लोग भी बदरी-केदार के दर्शन के लिए आते हैं। जिनका मंदिर समिति द्वारा स्वागत किया जाता है।


## चार हजार किलो नकली पनीर जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला प्रशासन ने नकली पनीर बनाने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासन ने 4000 किलो नकली पनीर जब्त किया है। इस कार्रवाई को प्रशासन द्वारा अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। दरअसल नकली पनीर की खेप बिहार के बख्तियारपुर और मनेर से हजारीबाग पहुंची थी। जानकारी के अनुसार नकली पनीर रांची सप्लाई होना था, साथ ही कुछ पनीर हजारीबाग और रामगढ़ भेजने की तैयारी चल रही थी। जिला प्रशासन का कहना है कि एक बड़ा गिरोह इसके पीछे काम कर रहा है। जो आधे दाम में नकली पनीर विभिन्न दुकानों में सप्लाई करता है। प्रशासन ने कहा जिन दो बसों से नकली पनीर जब्त किया गया है, उनके मालिक को नोटिस जारी किया जाएगा। जिला प्रशासन यह भी जानकारी जुटाएगा कि नकली पनीर के कारोबार में कौन-कौन शामिल हैं, ताकि उस पर भी सख्त कार्रवाई की जा सके। भारी मात्रा में जब्ती की कार्रवाई के बाद जिला प्रशासन हजारीबाग के छोटे और बड़े होटल में औचक निरीक्षण करेगा।

### संयुक्त ऑपरेशन के तहत कार्रवाई

जिला प्रशासन ने संयुक्त ऑपरेशन के तहत इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिसमें फूड सेफ्टी ऑफिसर, कोर्रा थाना और परिवहन विभाग ने मिलकर देर रात तक ऑपरेशन चलाया और सुबह विभिन्न गाड़ियों से नकली पनीर जब्त किया। हालांकि इस मामले में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है लेकिन प्रशासन उन लोगों तक पहुंचाने की कोशिश में लगा है, जो नकली पनीर का अवैध कारोबार चला रहे हैं। हजारीबाग के एसडीओ बैद्यनाथ कामती ने बताया कि आने वाले समय में भी इस तरीके के ऑपरेशन चलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि नकली पनीर सेहत के लिए बेहद खराब होता है। कोई व्यक्ति लगातार इसका सेवन करेगा तो उसके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इन्होंने यह भी बताया कि नकली पनीर पश्चिम बंगाल और बिहार से हजारीबाग लाया जा रहा था। फिर हजारीबाग से गिरोह के लोग इसे दूसरे शहर में बेचने की फिराक में थे। नकली पनीर का कारोबार करने वाले लोग दुकानदारों को आधे दाम में पनीर उपलब्ध कराते थे। जिला प्रशासन ने बताया कि यह पनीर स्वास्थ्य के लिए बेहद ही खतरनाक होता है।

संक्षिप्त समाचार

## पिकअप की टक्कर से ऑटो सवार 2 लोगों की मौत

### वैशाली में 7 लोग घायल, चौथी के छात्र ने इलाज के दौरान तोड़ा दम



**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली के बरांटी थाना क्षेत्र में पिकअप और टेंपो की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में 7 अन्य लोग घायल हुए हैं। घटना 26 मई को मुसहरी चौक के पास हुई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तारकेश कुमार(12) को गंभीर हालत में पटना पीएमसीएच रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। तारकेश राजापाकर थाना क्षेत्र के हरपुर मुकुंदपुर बाकरपुर का रहने वाला था। वह चौथी कक्षा का छात्र था। मृतक के परिवार में दो भाई और एक बहन हैं। मृतक के चाचा ने बताया कि 26 मई को तारकेश ऑटो से चकसिकंदर से हाजीपुर जा रहा था। इसी दौरान बरांटी में तेज रफ्तार पिकअप ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में सात लोग घायल हुए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## आइडिया लैब और अटल इनक्यूबेशन सेंटर में जाएंगे बच्चे

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** देश के इंजीनियरिंग संस्थानों में बने आइडिया लैब और अटल इनक्यूबेशन सेंटर में स्कूली बच्चे जाएंगे। सीबीएसई स्कूलों को इस संबंध में निर्देश मिला है। जिले के बच्चों का इन जगहों पर एक्सपोजर विजिट कराया जाएगा। 8वीं से 12वीं कक्षा तक के बच्चों को इन जगहों पर ले जाया जाएगा। उन्हें नए प्रयोग और तकनीक से अवगत कराया जाएगा। यही नहीं इन लैब में बच्चों को काम करने का मौका भी मिलेगा। सीबीएसई ने निर्देश दिया है कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने देश के विभिन्न इंजीनियरिंग संस्थानों में (आइडिया डेवलपमेंट, इवैल्यूएशन एंड एप्लीकेशन) लैब्स की स्थापना की है। ये लैब्स विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (स्टेम) डोमेन में नवाचार, डिजाइन सोच और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उन्नत सुविधाओं से लैस हैं। इसी तरह, अटल इनक्यूबेशन सेंटर (एआईसी) अत्याधुनिक इनक्यूबेशन सुविधाएं हैं, जिन्हें स्टार्टअप का समर्थन करने और नवाचार और उद्यमिता के पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। ये केंद्र देश भर में प्रतिष्ठित शैक्षणिक और शोध संस्थानों में स्थित हैं। छात्रों और शिक्षकों को स्टार्टअप संस्कृति, तकनीकी प्रगति, नवाचार प्रथाओं और उद्यमशीलता को समझने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हैं। सीबीएसई ने जारी की 305 संस्थानों की सूची सीबीएसई ने 305 संस्थानों की सूची जारी करते हुए सभी स्कूलों को निर्देश दिया है कि एनईपी 2020 के तहत सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों को इन लैब में एक्सपोजर विजिट आयोजित कराया जाए। सीबीएसई से संबद्ध स्कूल नजदीक के एआईसीटीई आइडिया लैब्स और अटल इनक्यूबेशन सेंटर (एआईसी) के साथ समन्वय कर इस पहल का लाभ उठाएंगे। ग्रीष्मावकाश या अन्य समय में विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए भ्रमण की व्यवस्था करेंगे। छात्रों को वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों, नवाचार तकनीकों और उभरती प्रौद्योगिकियों से परिचित कराना इसका लक्ष्य है।

## समस्तीपुर में सड़क हादसे में किसान की मौत

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर के विद्यापति नगर थाना क्षेत्र में सड़क किनारे टहल रहे युवक को बाइक ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में परिजनों ने अस्पातल में एडमिट कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान दिलीप महतो(38) के तौर पर हुई है। घटना मलकालीपुर गांव की है। ग्रामीण बिट्टू कुमार ने बताया कि गुरुवार रात को खाना खाकर दिलीप सड़क किनारे टहल रहे थे। इस दौरान बाइक ने टक्कर मार दिया। गाड़ी की स्पीड़ अधिक थी। आनन-फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे।

# टिकट न मिले तो धैर्य रखें, बूथ मजबूत करें, पीएम मोदी ने बिहार के नेताओं को दिया जीत का मंत्र




**पटना, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार भाजपा के नेताओं को कहा कि डबल इंजन की सरकार में हो रहे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं। लोगों से निरंतर संपर्क में रहें। सरकार की योजनाओं को बताने के साथ-साथ उनका फीडबैक भी लेते रहें। एनडीए के सभी घटक दल ऊपर से नीचे स्तर तक समन्वय बनाकर कार्य करें। अगर टिकट न मिले तो धैर्य रखें। पीएम ने गुरुवार देर शाम पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी सांसदों, विधायकों, विधान पार्षदों और प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना संबोधन पार्टी नेताओं से सवालों के जरिए किया। एक-एक कर विभिन्न विषयों पर नेताओं से सवाल पूछे, उनके जवाब सुने और फिर उस पर अपनी राय रखी। पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर जनता के फीडबैक को लेकर भी पार्टी नेताओं की राय जानी। डेढ़ घंटे तक चली बैठक में उन्होंने कहा कि आप लोग निरंतर जनता से मिलें। बिहार में विधानसभा चुनाव है इसलिए मैं लोगों से मिलने के लिए कह रहा हूं, ऐसी बात नहीं है। जनता से लगातार मिलते रहें, ना कि सिर्फ चुनाव के दौरान। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रहने की सभी को सलाह दी, ताकि इसके माध्यम से सरकार और पार्टी की बात लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जा सके। प्रधानमंत्री दूसरी बार भाजपा प्रदेश कार्यालय में आए। इससे पहले प्रधानमंत्री पार्टी कार्यालय में 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान उनका आगमन हुआ था।

**धैर्य से मिलती है राजनीति में सफलता : पीएम मोदी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताओं से पूछा कि राजनीति में सफलता कैसे मिलती है? इस पर कइयों ने अपनी राय रखी। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सफलता के लिए सबसे जरूरी चीज है धैर्य। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव के समय टिकट के लिए कुछ लोग पार्टी बदल लेते हैं। ऐसे लोगों में धैर्य का अभाव होता है। उन्हें धैर्य रखना चाहिए। पीएम ने कहा कि एनडीए को केंद्र में लगातार तीसरी बार सफलता मिली है तो इसके पीछे भी धैर्य है। जनसंघ के समय से ही लगे हुए लोगों के कारण आज हमें यह सफलता मिल रही है।

**नई पीढ़ी को बताएं विपक्ष का शासनकाल :** पार्टी नेताओं से गुफ्तगू के दौरान प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर हमलावर रहने के निर्देश दिए। उन्होंने राजद का नाम लिए बगैर कहा कि विपक्ष का जो बिहार में शासनकाल रहा है, उसके बारे में भी राज्य की नई पीढ़ी को जरूरी बताएं।

### बूथ मजबूत कर ही चुनाव जीतेंगे

प्रधानमंत्री मोदी ने बूथ तक संगठन को सशक्त करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगले चार महीने में चुनाव है, इस समय का पूरा उपयोग बूथ को मजबूत करने पर करें। बूथ से ही आप चुनाव जीतेंगे। उन्होंने अपने पुराने दिनों को याद किया और सभी को बताया कि कैसे वे बूथ स्तर तक काम करते थे। पीएम ने बीजेपी नेताओं से कहा कि बूथ स्तर के पदाधिकारी वहां के लोगों से निरंतर मिलते रहें। बैठक में भाजपा के सांसद, विधायक, विधान पार्षद, प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी और सभी मोर्चों के अध्यक्ष शामिल रहे। भाजपा प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में आयोजित बैठक में करीब 180 लोगों की बैठने की व्यवस्था थी। हालांकि, कुछ मंत्री-विधायक बिक्रमगंज की जनसभा की तैयारी में लगे थे, वे इस बैठक में शामिल नहीं हो सके।

लाखों का नुकसान हुआ, सिर्फ 17, 500 रुपए मिला

## गया में अग्निकांड पीड़ित ने सिस्टम पर उठाए सवाल : कहा- मुआवजे के नाम पर खानापूर्ति की गई है



**गया, एजेंसी।** गया जिला प्रशासन ने अग्निकांड के पीड़ित को 17,500 रुपए का चेक सौंपा है। पीड़ित ललन दुबे ने सरकारी सिस्टम पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि नुकसान 50 लाख का हुआ है। मुआवजे के नाम पर खानापूर्ति की गई है। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुलाबबाग की है। बुधवार देर रात कबाड़ की दुकान में भीषण आग लग गई थी। आग की लपटों ने पड़ोस के दो फ्लोर के मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। मकान मालिक ने बताया कि घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है। पीने को पानी भी नहीं बचा है।

मैंने और बच्चों ने जो कपड़े पहने है, सिर्फ वही बचा हुआ है। आग से करीब 50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आगजनी की सूचना पर सीओ सुबोध कुमार भी मौके पर पहुंचे थे। नुकसान की वीडियोग्राफी कराई गई। लिस्टिंग हुई, अफसरों ने मुआयना भी किया, लेकिन जब राहत का समय आया तो मुआवजा की राशि आपदा प्रबंधन नियमावली की मोहताज हो गई।

### जांच रिपोर्ट अधिकारियों को भेजा गया है

सीओ ने बताया कि जांच रिपोर्ट भेजी जाएगी। अफसरों से आदेश लिया जाएगा। पीड़ित से आवेदन मांग लिया गया है। आगे कार्रवाई होगी। नियम के अनुसार सामान के नुकसान पर अधिकतम 17500 रुपए ही मिल सकते हैं।

### ज्वेलरी, कपड़े, फर्नीचर, अनाज सबकुछ जलकर राख

ललन दुबे ने बताया कि घर में खाने पीने के सामान के साथ-साथ चार एसी, सोना-चांदी के गहने, महंगे कपड़े, फर्नीचर, पानी की टंकी, खिड़कियां, बेड, पंखे, वायरिंग, कूलर, दरवाजे सब कुछ जलकर राख हो गया। आग इतनी भयावह थी कि कुछ भी नहीं बचा।

## शादी के जोड़े में हुआ अंतिम संस्कार, विदाई के दौरान ट्रक ने कार को मारी थी टक्कर

### आईसीयू में दूल्हा, ससुर ने दी दुल्हन को मुखाग्नि



**आरा, भोजपुर, एजेंसी।** आरा में विदाई कर ससुराल लौट रही दूल्हे की गाड़ी को ट्रक ने टक्कर मार दी। इलाज के दौरान दुल्हन की गुरुवार को मौत हो गई। दूल्हे की हालत गंभीर है। दुल्हन को जिस जोड़े में परिवार ने विदा किया था उसी में उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए लाया गया। हाथों में मेहंदी थी। पैर में महावर था। पोस्टमॉर्टम के बाद शव ससुराल पहुंचा। रिवाज के मुताबिक मुखाग्नि पति को देनी थी, लेकिन उसकी हालत गंभीर है। परिवार ने फैसला लिया कि ससुर मुखाग्नि देंगे। इसके बाद ससुराल में ही बहू को ससुर ने मुखाग्नि दी। इस दौरान दुल्हन शादी के जोड़े में ही थी। अंतिम संस्कार में लड़की भी पूरा परिवार मौजूद था। 27 मई को ये शादी हुई थी। 28 को दुल्हन की विदाई थी। इसी दिन सुबह हादसा हुआ। गुरुवार को पटना में इलाज के दौरान दुल्हन की मौत हो गई।

**भाई बोला- नहीं पता था बहन अब कभी नहीं लौटेगी :** 28 मई को ये हादसा बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर हुआ था। ससुर ओमप्रकाश उर्फ बधारी यादव ने मुखाग्नि दी। दुल्हन के भाई धनजी ने बताया- 27 मई को धूमधाम से बहन की शादी हुई थी। घर की सबसे छोटी थी। शादी में हम लोगों ने अपने हैसियत से बढ़कर अरेजमेंट किया था। अगले दिन 28 मई को खुशी-खुशी उसे विदा था। मैंने खुद उसका कन्यादान किया था। किसे पता था, अब वो लौटकर घर नहीं आएगी।

**कार की पीछे वाली सीट पर बैठी थी दुल्हन :** दुल्हन ललिता देवी (21) शादी के बाद पहली बार पति मोनू कुमार (25) के साथ ससुराल जा रही थी। इस दौरान सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के सिकरौल गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। ट्रक ड्राइवर ने बाएं साइड से जोरदार टक्कर मारी। उसी साइड आगे दूल्हा और दुल्हन पीछे बैठी हुई थी। हादसे में दूल्हा-दुल्हन सहित 6 लोग घायल हो गए थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने दुल्हन ललिता देवी (21) को पटना रेफर कर दिया था। जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई। दूल्हा मोनू कुमार जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। दुल्हन जिस लिबास में विदा हुई थी, उसी लिबास में उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में कराया गया। दुल्हन चार भाई-बहन में तीसरे स्थान पर थी। पिता दूधनाथ सिंह की मौत 10 साल पहले ही मौत हो चुकी है।

दुकान में घुसकर बदमाशों ने मारी थी गोली

## महुआ में व्यवसाय की हत्या पर चिराग पासवान का दौरा : पीड़ित परिवार के परिजनों से की मुलाकात



**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने वैशाली के महुआ में दिवंगत गल्ला व्यवसाय विनोद चौधरी के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री की बिहार यात्रा पर बोलते हुए चिराग ने कहा कि मोदी जी लोकसभा चुनाव से पहले किए गए वादों को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्राथमिकताओं में बिहार शामिल है। बिहार में बड़ी योजनाएं लागू हो रही हैं। प्रधानमंत्री का मानना है कि देश तब तक विकसित नहीं होगा, जब तक बिहार विकसित नहीं होगा। डबल इंजन की सरकार विकास को तेज गति से आगे बढ़ा रही है। पटना एयरपोर्ट का उद्घाटन इसी का उदाहरण है।

### 24 मई को 3 बदमाशों ने मारी गोली

दरअसल, घटना 24 मई की है। विनोद चौधरी अपने बेटे राहुल कुमार के साथ दुकान में बैठकर हिसाब-किताब कर रहे थे। उसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन बदमाश दुकान में दाखिल हुए। उन्होंने पिस्टल निकालकर लूटपाट शुरू कर दी। घायल राहुल से मोबाइल छीना गया और जब विनोद चौधरी ने रुपयों देने से इनकार किया, तो एक बदमाश ने सीने में गोली मार दी। मौके पर ही विनोद चौधरी की मौत हो गई।

### घायल ने एक बदमाश को पकड़

राहुल ने साहस दिखाते हुए गोली चलाने के बाद भाग रहे एक बदमाश को पकड़ लिया। स्थानीय लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। पकड़े गए बदमाश ने बताया कि मझिया गांव के सैयक्क नामक युवक ने गोली चलाई और उसे सिर्फ बाइक चलाने के लिए बुलाया गया था।

### असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

बिहार में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर चिंता जताते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कानून व्यवस्था राज्य सरकार का विषय है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार और प्रशासन को असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। एनडीए में सीट बंटवारे पर चिराग ने कहा कि यह गठबंधन की आंतरिक बात है। एनडीए के पांचों दल जल्द ही एक साथ बैठकर विधानसभा सीटों का बंटवारा तय कर लेंगे।

## चिराग पासवान लड़ेंगे विधानसभा चुनाव? एलजेपी-आरवी करा रही सर्वे

**हाजीपुर, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है पार्टी इसके लिए सर्वे करा रही है। किसी पार्टी के बड़े नेता चुनाव लड़ते हैं तो गठबंधन को भी फायदा होता है। चिराग पासवान पहले भी इस बात के संकेत दे चुके हैं। हाजीपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री ने विधानसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर मना नहीं किया। पटना में उन्हें सीएम बनाने की मांग वाले पोस्टर भी लगाए जा चुके हैं। लोजपा आरवी के सुप्रीमो और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के बेटे चिराग पासवान गुरुवार को हाजीपुर पहुंचे थे। क्षेत्र की जनता से मुलाकात के बाद उन्होंने मीडिया कर्मियों से बात की। जब उनसे पूछा गया कि क्या विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। इस पर उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से यह तय किया जाता है तो वे अवश्य लड़ेंगे। अभी पार्टी इसके लिए सर्वे करा रही है। वे खुद कोई निर्णय नहीं लेंगे लेकिन पार्टी जनों का फैसला होगा तो वे पीछे नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि बड़े नेता चुनाव लड़ते हैं तो पार्टी और गठबंधन दोनों को फायदा होता है। इससे पहले चिराग पासवान ने कई मौकों पर कहा कि उनकी रुचि बिहार की राजनीति में ज्यादा है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता की भलाई और बिहार का विकास उनकी राजनीति का मुख्य मुद्दा है। लोजपा आरपी सुप्रीमो बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट अभियान भी चला रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने बिहार के सीएम नीतीश कुमार से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की और राज्य के हित के मुद्दों पर चर्चा की। पार्टी का कार्यकारिणी की बैठक में तय किया गया कि चिराग पासवान की भूमिका बड़ी होगी और दलित नेता के बदले बहुजन के नेता के रूप में उनकी छवि विकसित की जाएगी।



## बिहार अल्पसंख्यक आयोग में सिख समाज को मिला प्रतिनिधित्व

**किशनगंज, एजेंसी।** बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने गुरुवार को कमेटी का पुनर्गठन किया। किशनगंज के सरदार लखविंदर सिंह (लक्खा) को आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही, किशनगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशिर कुमार दास को सदस्य बनाया गया है। दोनों नेताओं के रात में किशनगंज पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट किए। समर्थकों ने शहर में जुलूस निकाला और आतिशबाजी की। नवनियुक्त उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय बाद सिख समाज को आयोग में प्रतिनिधित्व मिला है। वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। सदस्य बने शिशिर कुमार दास ने आयोग में मौजूद कमियों को दूर करने का संकल्प लिया।

## गर्मी के साथ बढ़ी बिजली खपत, लोड 350 मेगावाट तक पहुंचा




**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** दो दिन से अधिकतम तापमान 35 डिग्री पार चल रहा है। लोग पंखा और एसी का इस्तेमाल अधिक कर रहे हैं। इससे दोपहर में बिजली का लोड बढ़ रहा है। दो दिन से जिले का बिलजी लोड 300 मेगावाट को पार कर चुका गया है। दोपहर में यह 350 मेगावाट तक पहुंच गया। इससे कई फीडरों को रोटेशन पर बिजली आपूर्ति मिली है। दोपहर और रात में करीब 100 मेगावाट बिजली की मांग बढ़ जा रही है। वर्तमान में ग्रिड से पावर सब स्टेशन से करीब 250-275 मेगावाट बिजली ही मिल पर रही है। शहर के बालूघाट, सिकंदरपुर, जीरो माइल, अहियापुर, सदातपुर, दामोदरपुर, चांदनी चौक, भगवानपुर, गोबरसही, रामदयालु, अघोरिया बाजार, लक्ष्मी चौक, दाउदपुर कोठी, न्यू पुलिस लाइन, चांदवारा, मालीघाट, बेला आदि इलाके में गुरुवार को बिजली आपूर्ति सुचारु नहीं रही। हर दो घंटा पर बिजली कटती रही। लोग परेशान रहे। कस्टमटर केयर से भी बिजली उपभोक्ताओं को सटीक जानकारी नहीं मिल रही थी। वहीं एमआईटी इलाके में गुरुवार की सुबह से ही बिजली की ट्रिपिंग हो रही थी। दोपहर में ट्री-कटिंग के नाम पर बिजली बंद कर दी गयी।

### दोपहर 12 से 02 बजे तक नहीं थी बिजली

दाउदपुर कोठी के दीपक कुमार सिंह, उमेश रंजन श्रीवास्तव, प्रशांत कुमार आदि ने बताया कि दोपहर 12 बजे से दो बजे तक बिजली नहीं थी। इस दौरान घर में भी उमस भरी गर्मी से परेशान रहे। वहीं मालीघाट के मंजय रस्तोगी, सुनीता देवी, खादी भंडार से आशुतोष कुमार और बावन बीघा के अभिषेक कुमार ने बताया कि बिजली आवाजाही से अधिक परेशानी हुई। इन लोगों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से बिजली आपूर्ति व्यवस्था खराब हो गयी है। कस्टमर केयर भी सही तरीके से जानकारी उपलब्ध नहीं करा रही है। ग्रामीण इलाकों की स्थिति और खराब ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति की स्थिति और खराब है। यहां एक बार बिजली कटने पर दो से चार घंटे बाद ही आ पाती है। मरवन के मो. रईस, पारू के संवेदक मनीष कुमार, देवरिया के पंकज साहू ने बताया कि दिन में बिजली कटने पर कुछ घंटों में आने की संभावना रहती है। पर रात में अगर कटी तो अगली सुबह ही आती है। इसके अलावा कुढ़नी, सरैया, मुशहरी, बोचहां, औराई, कटरा, कांटी, साहेबगंज प्रखंड इलाके में भी बिजली आपूर्ति सही नहीं होने से गर्मी में बिजली उपभोक्ता परेशान है।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 30-05-2025 21:49 Page 1



# अंग्रेजी शराब एवं मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन

**▸ मौके से पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार ▸ शराब बनाने के उपकरण बरामद**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिला के रूस्तमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरुषोत्तमपुर दियारा में ईआईबी की गुप्त सूचना के आधार पर पटना एवं वैशाली उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर अवैध अंग्रेजी शराब की फैक्ट्री एवं मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया है। मौके से मिनी गन फैक्ट्री चलाने वाले एक शख्स को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शख्स नालंदा जिला के चिकसौरा निवासी चिकसौरा बाजार निवासी राधे साह का पुत्र सुरेश कुमार है। टीम ने मौके से देशी कट्टा, हथियार बनाने वाला उपकरण, कैरामल कैमिकल, अंग्रेजी शराब का ढक्कन, खाली प्लास्टिक डब्बा और रेपर आदि बरामद किया है।

इस मामले पर पुलिस का कहना है कि आयुक्त उत्पाद रजनीश कुमार सिंह को ईआईबी की गुप्त सूचना मिली थी कि रुस्तमपुर थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर दियारा में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब एवं मिनी गन फैक्ट्री संचालित किया जा रहा है। आयुक्त उत्पाद रजनीश कुमार सिंह को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर ईबाईबी, मुख्यालय, बिहार, पटना की टीम द्वारा पुरुषोतमपुर दियारा क्षेत्र, थाना रूस्तमपुर, वैशाली में छापामारी कर काफी मात्रा में विदेशी शराब बनाने का सामान, रसायन के साथ चार अवैध तैयार देशी कट्टा के साथ अवैध हथियार बनाने का सामान बरामद किया गया है। भारी संख्या में देशी चुलाई शराब की भट्टी को भी ध्वस्त किया गया।

अवैध शराब संबंधित अभियोग मद्यनिषेध टीम वैशाली एवं अवैध हथियार का अभियोग रूस्तमपुर थाना, वैशाली द्वारा किया गया। जिस तरह विदेशी शराब के विभिन्न ब्रांडों का बोतल, रैपर, ढक्कन, रसायन आदि जब्त हुआ है. इससे स्पष्ट होता है कि नकली शराब बनाने का कार्य दियारा क्षेत्र में चल रहा है। आयुक्त उत्पाद द्वारा बताया गया कि मामले की गहन अनुसंधान कर दोषी व्यक्तियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जएगी। सभी सहायक आयुक्त,अधीक्षक मद्यनिषेध को निदेशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्रों में आसूचना संग्रहण कर इस प्रकार के मामलों का उद्भेदन कर छापामारी करना सुनिश्चित करेंगे उक्त छापामारी का नेतृत्व संजय कुमार, उपायुक्त मद्यनिषेध, ईआईबी बिहार, पटना के द्वारा की गयी। छापामारी में पटना मद्यनिषेध टीम के अजीत कुमार निरीक्षक मद्यनिषेध एवं वैशाली मद्यनिषेध टीम के द्वारा सहयोग किया गया।

# कोचिंग से बुलाकर छात्र को मारी गोली, इलाज के दौरान मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज।** हथुआ थाना क्षेत्र के पश्चिम मठिया के समीप शुक्रवार की शाम कोचिंग में पढ़ने आए एक इंटरमीडिएट छात्र को बदमाशों ने कोचिंग से बाहर बुलाकर सीने में गोली मार दी।

इस घटना में मौके पर ही छात्र की मौत हो गई। वहीं, बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई करने में जुट गई है। मृतक छात्र मीरगंज थाना क्षेत्र के कालोपट्टी गांव निवासी मुमताज मियां के छोटा पुत्र आंसू आलम (17 वर्ष) बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, आंसू आलम रोज की तरह शुक्रवार को भी कोचिंग में पढ़ने आया था। इसी दौरान कोचिंग सेंटर के बाहर बदमाशों ने उसे बुलाया। इस दौरान आंसू अली और बाइक सवार बदमाशों के बीच तू-तू मैं-मैं हुई। इसके बाद आंसू आलम के सीने में बदमाशों ने एक गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद कोचिंग के शिक्षक और अन्य छात्रों की मदद से छात्र को गंभीर हालत में रामदुलारी कुंवर अनुमंडलीय अस्पताल हथुआ में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया।

मृतक के पिता मुमताज मियां विदेश में कार्य करते हैं। घर में दो भाई और एक बहन में आंसू सबसे छोटा था। बेटे की मौत की खबर सुनकर अस्पताल परिसर में उसकी मां का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, छात्र की हत्या के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया।

हथुआ थानाध्यक्ष शोयब आलम मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कर कार्रवाई करने में जुट गए हैं। थानाध्यक्ष ने हत्या के बाद एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। हथुआ थानाध्यक्ष शोयब आलम ने बताया कि हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच की जा रही है।

# महिला का चेन छीनकर भाग रहे अपराधी ने पीछा करने वाले को मारी गोली

**▸ गंगा स्नान करने गयी थी महिला**

**▸ लोगों ने सुरक्षा पर उठाये सवाल**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** चकिया थाना अंतर्गत सिमरिया गंगा नदी तट पर गुरुवार की सुबह आठ बजे समस्तीपुर जिले के मकरदही से तीन-चार वाहनों पर सवार होकर आए एक दर्जन लोगों ने सिमरिया घाट पर गाड़ी लगाकर गंगा स्नान करने लगे।

इसी दौरान समस्तीपुर मकरदही निवासी जयप्रकाश की पत्नी अनुराधा देवी शौच के लिए जा रही थी। तभी सीढ़ी घाट के पास ही दो अज्ञात बदमाशों ने अनुराधा देवी के गले से सोने की चेन झपट्टा मारकर भागने लगा।

उनके द्वारा हल्ला करने पर महिला के दामाद गाजियाबाद निवासी संदीप कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग बदमाशों को खदेड़ा तो दोनों बदमाशों ने कट्टा निकाल लिया और एक ने हवाई फायर की, जबकि दूसरे ने संदीप कुमार गुप्ता के पैर में गोली मारकर घायल कर दिया।

बदमाश गोलीबारी करते हुए फरार हो गए, घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। स्वजनों ने आनन-फानन में घायल व्यक्ति को इलाज के लिए एलेक्सिया अस्पताल में भर्ती कराया। यहां हालत ठीक है। घायल संदीप कुमार गुप्ता, उनकी पत्नी सोनी कुमारी ने बताया कि आठ बजे वे लोग गंगा नदी तट पर गंगा स्नान करने पहुंचे।

कपड़ा सुरक्षित स्थान पर रखकर गंगा नदी में स्नान करने की तैयारी कर रहे थे। तभी बदमाशों ने गले से सोने की चेन झपट्टा मारकर भागने लगा। उन्होंने कहा कि घटना के बाद चकिया थाना की गश्ती पुलिस वाहन पर बैठे पदाधिकारी मदद करने के बजाए घटनास्थल से वाहन के साथ गायब हो गए।

किसी पदाधिकारी एवं सुरक्षा बल ने गाड़ी से उतरकर बदमाशों की तरफ जाने की जुर्रत नहीं की। अपने निजी वाहन से इलाज के लिए ले जाया गया। न ही एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई गई। छिनतई के दौरान महिला के गले में निशान आ गया है।

घायल व्यक्ति की पत्नी सोनी कुमारी ने बताया कि सिमरिया गंगा नदी तट पर सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर कुछ भी नहीं है। जबकि यहां लोग दूर दूर से आते हैं। दिनदहाड़े लूटपाट, गोलीबारी, मारपीट की घटना हो रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से सिमरिया धाम आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग की।

इस संबंध में चकिया थाना प्रभारी नीरज कुमार चौधरी ने घायल श्रद्धालुओं से पूछताछ करते हुए दो लोगों को हिरासत में लिया है। उन्होंने कहा कि इस घटना में शामिल बदमाशों को बख्शा नहीं जाएगा।

# टहलने निकले वृद्ध को ट्रक ने रौंदा, मौत

**उग्र लोगों ने बाइपास को किया जाम**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** नगर थाना अंतर्गत ज्योति चौक के समीप शुक्रवार अल सुबह पांच बजे के करीब तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर ने 80 वर्षीय एक वृद्ध की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के दौरान ट्रक फंसे वृद्ध को करीब 20 फीट तक घसीटता चला गया। घटना के बाद ट्रक समेत चालक मौके से फरार हो गया। इस बीच आक्रोशित लोगों ने ज्योति चौक बाईपास रोड को करीब एक घंटे तक जाम किए रखा। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर सड़क जाम हटाया।



मिली जानकारी के अनुसार कोइरपुरवा निवासी 80 वर्षीय शिवबचन कुशवाहा पिता देवनंदन कुशवाहा रोज की तरह अल सुबह टहलने निकले थे। टहलने के बाद चौक पर ही मौजूद अपने पुत्र दारा सिंह की दुकान की ओर चाय पीने जा रहे थे, तभी बाइपास रोड से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक न सिर्फ रौंद दिया, बल्कि करीब 20 फीट तक घसीटता चला गया।घटना के बाद ट्रक समेत चालक मौके से फरार हो गया, जबकि आक्रोशित नागरिकों ने मुआवजा के लिए ज्योति चौक बाइपास रोड को जाम कर दिया, जिससे दूर-दूर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई।करीब एक घंटे सड़क जाम के बाद मौके पर पहुंचे नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह और एसआई मुकेश कुमार ने लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम हटवाते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थानाध्यक्ष ने लोगों को आश्वस्त किया कि प्रक्रिया के अधीन मुआवजा दिलाया जाएगा। लोगों ने बताया कि मृतक शिवबचन सिंह की देखरेख में ही हर साल कोइरपुरवा से शिव बारात निकाली जाती थी।

# इंटरनेट के माध्यम से बनी प्रेमिका जम्मू से पहुंची बिहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** इंटरनेट पर हुआ प्यार, जम्मू से चली थी यूपी के लिए, पहुंच गई बिहार, मुजफ्फरपुर जंक्शन से बरामद कर लड़की को जम्मू पुलिस के साथ आए स्वजन के हवाले किया गया। उसके बाद जम्मू पुलिस यहां से लेकर चली गई।

लड़की अनन्या शर्मा की मां पूजा शर्मा ने जम्मू कश्मीर के गांधी नगर थाने में 20 मई को गुमशुदगी की रिपोर्ट दी थी। उसके बाद जम्मू के गांधी नगर थाने के एसआई दानिश कुमार ने उसकी तलाश तेज कर दी। जम्मू पुलिस के अनुसार, सुबह साढ़े नौ बजे लड़की गोल मार्केट गांधी नगर से स्कूल यूनिफॉर्म में गुम हो गई। सफेद सलवार कमीज पहनती थी। इंटरनेट पर जिससे दोस्ती के बाद प्यार हुआ उसके यूपी के लखनऊ में बुलाया। वह ट्रेन पकड़ लखनऊ आ गई।

उसके बाद उसको जम्मू जाने के लिए निकली, लेकिन उसने मुजफ्फरपुर की तरफ वाली ट्रेन पकड़ ली। मुजफ्फरपुर जंक्शन पर उतर कर इधर-उधर भटक रही थी। जम्मू पुलिस के अनुसार, उसने घर से चलने के बाद अपनी मोबाइल की सिम बदल ली थी। इसके साथ कपड़े भी टी-शर्ट और जिंस पहन ली।

दूसरी सिम पर बातचीत के दौरान उसका लोकेश बिहार मुजफ्फरपुर जंक्शन आया। उसके बाद जम्मू पुलिस ने मुजफ्फरपुर जीआरपी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार से संपर्क किया। सीसीटीवी खंगालने पर उक्त लड़की को जंक्शन पर घूमते देखा गया, लेकिन कपड़े बदले होने के कारण पता नहीं चल रहा था कि वही लड़की अनन्या शर्मा है।

हालांकि, उसके दोनों हाथों के एक हाथ में काला और दूसरे हाथ में लाल धागा बांधे होने की जानकारी स्वजन द्वारा पुलिस को दी गई। उसके बाद वह पकड़ में आ गई। इस बीच लड़की को बरामद कर जम्मू पुलिस को सौंप दिया गया।

# हथियार सत्यापन के समय नेता के अंगरक्षक को लगी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान।** जिले के महाराजगंज में शुक्रवार को एक चौंकाने वाली घटना घटी, जब पूर्व विधायक और जदयू नेता हेमनारायण साह के निजी अंगरक्षक जनकदेव सिंह को हथियार सत्यापन के दौरान गोली लग गई। यह हादसा प्रखंड कार्यालय में उस समय हुआ, जब जनकदेव सिंह राइफल का सत्यापन करा रहे थे। गोली उनके पैर में लगी, जिसके बाद अफरातफरी मच गई। इस घटना ने न केवल स्थानीय प्रशासन की तैयारियों पर सवाल उठाए, बल्कि बिहार के स्वास्थ्य मंत्री के गृह जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की लचर स्थिति को भी उजागर कर दिया। घायल अंगरक्षक को इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है, लेकिन इस प्रक्रिया में कई खामियां सामने आईं।

महाराजगंज के प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब पूर्व विधायक हेमनारायण साह के निजी अंगरक्षक जनकदेव सिंह हथियार सत्यापन के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी के कक्ष में पहुंचे। सत्यापन के दौरान उनकी पिस्तौल में पहले से फंसी गोली अचानक चल गई, जो सीधे उनके पैर में जा लगी। इस अप्रत्याशित हादसे के बाद कार्यालय में मौजूद लोग स्तब्ध रह गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पूर्व विधायक और अन्य सरकारी अंगरक्षकों ने तुरंत जनकदेव सिंह को अपनी निजी गाड़ी से स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पहुंचाया। इस हादसे ने हथियार सत्यापन की प्रक्रिया में सावधानी की कमी को भी उजागर किया।

## फायरिंग मामले में दो ने किया आत्मसमर्पण

**पटना।** राजधानी पटना के पॉश इलाके बोरिंग कैनाल रोड पर 24 मई को हुई गोलीबारी की घटना ने पूरे शहर में सनसनी फैला दी थी। इस मामले में एक बड़ा अपडेट सामने आया है, जिसमें फरार चल रहे दो मुख्य आरोपी रोहित उर्फ अल्टर और शिबू ने पटना सिविल कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इस गोलीबारी ने न केवल शहर की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं, बल्कि यह भी दर्शाया है कि अपराधी कितने बेखौफ हो चुके हैं। पुलिस इस मामले में गहन जांच कर रही है और शेष फरार आरोपियों को जल्द पकड़ने का दावा कर रही है। फायरिंग मामले में फरार चल रहे दो मुख्य आरोपी रोहित उर्फ अल्टर और शिबू ने शुक्रवार को पटना सिविल कोर्ट में आत्म समर्पण कर दिया। रोहित महेंद्रू क्षेत्र का निवासी है, जबकि शिबू कंकड़बाग का रहने वाला है। सूत्रों के अनुसार, दोनों को जल्द ही रिमांड पर लिया जाएगा ताकि इस घटना के पीछे की मंशा और अन्य संभावित साजिशकताओं का पता लगाया जा सके। तीसरे मुख्य आरोपी शानू के खिलाफ पुलिस ने वारंट और सार्वजनिक नोटिस के लिए कोर्ट में आवेदन दे दिया है, जो अभी भी फरार है। इस आत्मसमर्पण ने मामले में नई गति ला दी है। पुलिस अब अन्य फरार आरोपियों की तलाश में छापामारी कर रही है।ज्ञात हो 24 मई की शाम पटना के बोरिंग कैनाल रोड पर उस समय दहशत फैल गई, जब एक काले रंग की थार एसयूवी से सात बदमाशों ने ताबड़तोड़ आठ राउंड गोलियां चलाईं। यह घटना श्रीकृष्णापुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई थी। इस गोलीबारी से पहले दो गाड़ियों के बीच टक्कर को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद स्थानीय लोगों और स्कॉर्पियो सवार युवकों के बीच तीखी झड़प हुई थी।

# जून महीने में अच्छी बारिश का पूर्वानुमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** आसपास के जिला क्षेत्रों की हुई वर्षा से जैसे उफनती भाप पर तीखी ताप सता रही है। पूरब की हवा के बहाव में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस के साथ जहां इस साल के शिखर अंक पर दर्ज किया गया है। वहीं, अधिकतम तापमान भी लगभग 35 डिग्री सेल्सियस के करीब रहते दर्ज किया जा रहा है।

ऐसे में देखा जाए तो न्यूनतम व अधिकतम तापमान में लगभग चार से पांच डिग्री सेल्सियस का अंतर रह गया है। यूं कहें, विगत दो दिन से मौसम का जो हाल बना हुआ है उसमें दिन हो या रात, दोनों में लोगों को चैन नहीं है।

मौसम विज्ञान विभाग केंद्र, पटना के अनुसार जून में सामान्य से अधिक वर्षा राज्य में होने की संभावना व्यक्त की गई है। विभाग ने 28 से 31 मई तक भी जिले में वर्षा की संभावना जताई थी, जो एक-दो स्थानों पर बूंदाबांदी तक सिमट कर रह गई। ऐसा भी नहीं कि जिले में प्री-मानसून की वर्षा कभी न हुई हो। यह



और बात है कि जिला मुख्यालय में कभी-कभार क्षणिक समय के लिए मेघ बरसे हों, लेकिन जिला के डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में अच्छी वर्षा होने के परिमाण मिले हैं।

जिला कृषि कार्यालय से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को चक्की में 19.2 मिलीमीटर, चौगाई में 20.2 मिलीमीटर, केसठ में 16.2 मिलीमीटर एवं सिमरी प्रखंड अंतर्गत 1.2 मिलीमीटर वर्षा होने की माप की गई है। इससे पहले भी इस अनुमंडल क्षेत्र के कुछ प्रखंडों में कुल 10 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जबकि पूरे माह के दौरान जिला मुख्यालय (सदर प्रखंड) में मात्र छह मई को (17.6 मिमी.) वर्षा हुई है।

यह वर्षा लगभग जिले के सभी प्रखंडों में हुई थी। बहरहाल, आसमान में आंशिक बादल हैं, लेकिन नौतपा की तीखी धूप भी है। मौसमविदों के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून का पुनरीक्षित दीर्घावधि पूवार्नुमान में साल 2025 के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से अधिक यानी एलपीए का 111 प्रतिशत से अधिक रहने की संभावना जताई गई है।

यह संकेत करता है कि राज्य को मानसून के दौरान अच्छी वर्षा प्राप्त होने की संभावना है, जो कृषि एवं जल संसाधन प्रबंधन के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकता है।

# जाम छुड़ाने गयी पुलिस टीम पर हमला,कई घायल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** बिहार में पुलिस बालों पर हमला होना कोई नयी बात नहीं है। इसी दौरान आज फिर गुस्साई भीड़ ने पुलिसबलों पर हमला कर दिया। इस घटना में कई पुलिसकर्मी घायल हो गये। कुछ पुलिसकर्मी चोटिल भी हुए हैं। मामला वैशाली जिले के महनार थाना क्षेत्र का है।

हाजीपुर जेल में बंद कैदी का इलाज करवाने के दौरान मौत हो जाने के बाद गुस्साए लोगों ने महनार सड़क को जमकर जमकर नारे बाजी करने लगे।

घटना की सूचना मिलते ही तमाम पुलिस पदाधिकारियों के साथ भारी संख्या में पुलिसकर्मी प्रदर्शनकारियों को हटाने लगी। इसी दौरान गुस्साए लोगों ने पुलिस पर हमला कर दिया। यह घटना अब सोशल मीडिया पर वायरल है।

घटना के बाद भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। महनार के एसडीएम और डीएसपी सहित तमाम अधिकारी कैंप कर रहे हैं। मृतक कैदी के शव का पोस्टमार्टम मजिस्ट्रेट की निगरानी में की गई है और मृतक के परिवार वालों को पुलिस के द्वारा शव सौंप दिया गया है।

# मां-बेटी की गला रेतकर हत्या, इलाके में सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रोहतास जिले के सासाराम के नोखा थाना क्षेत्र के लेवड़ा गांव में बीती रात एक महिला और उसकी बेटी की धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। इस वारदात में एक अन्य बेटी गंभीर रूप से घायल हुई है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। यह घटना ठीक उस समय हुई, जब जिला प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों में व्यस्त था, जिसने पुलिस प्रशासन को भी सकते में डाल दिया है। नोखा थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू करते हुए घटनास्थल का मुआयना किया और जांच को गति दी है। नोखा थाना क्षेत्र के लेवड़ा गांव में बीती रात हुए इस जघन्य अपराध ने पूरे क्षेत्र को हिलाकर रख दिया। मृतकों की पहचान गांव के निवासी दिवंगत महावीर चौधरी की पत्नी सरस्वती कुंवर (65) और उनकी पुत्री अमृता कुमारी (22) के रूप में हुई है। इस हमले में उनकी दूसरी पुत्री रुपाली कुमारी (16) गंभीर रूप से घायल हुई है और उसे तुरंत सासाराम के सदर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर जमा हो गए और गांव में भय और आक्रोश का माहौल बन गया।

घटना की जानकारी मिलते ही नोखा थाना पुलिस और प्रखंड विकास पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण शुरू किया। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हत्या का कारण क्या था, लेकिन पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों की पहचान कर जल्द से जल्द उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। इस घटना ने प्रशासन की तैयारियों पर भी सवाल उठाए हैं।

# नहाने के दौरान तालाब में डूबने से तीन मासूमों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांका।** जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र के गंगापुर गड़ेल गांव में शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो दिया। गांव के तीन मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई, जिससे न सिर्फ तीन परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, बल्कि पूरे गांव में मातम छा गया। ग्रामीणों में घटना को लेकर गुस्सा और दर्द साफ देखा जा रहा है, वहीं प्रशासन पर सुरक्षा उपायों को लेकर सवाल भी खड़े हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, गांव के ही धर्मेंद्र कुमार (13) पिता हीरालाल दास, स्वीटी कुमारी (14) पिता मुकेश हरिजन और अमन कुमार (7) पिता अंकुश दास शुक्रवार दोपहर पास के हड़का पोखर में नहाने के लिए गए थे। लेकिन जब काफी देर तक वे वापस नहीं लौटे, तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। बच्चों की खोजबीन शुरू हुई और इसी बीच कुछ ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने बच्चों को तालाब की ओर जाते देखा था। यह सूचना मिलते ही गांव के लोग पोखर की ओर दौड़े और बच्चों की तलाश शुरू कर दी। कुछ ही देर में तलाशी अभियान ने दुखद रूप ले लिया जब तीनों बच्चों के शव पोखर से निकाले गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई और पूरा गांव गमगीन हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही तीनों बच्चों को तुरंत अमरपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. ज्योति भारती ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने पुष्टि की कि बच्चों की मौत पानी में डूबने के कारण हुई है।

वहीं, सूचना मिलते ही अमरपुर थाना के अपर थाना अध्यक्ष विक्की कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस कानूनी प्रक्रिया में जुट गई है और घटनास्थल की भी जांच की जा रही है।

इस दर्दनाक हादसे के बाद गंगापुर गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। तीनों बच्चों के घरों में कोहराम मचा हुआ है। हर आंख नम है और हर चेहरा दुखी। बच्चों के शवों के गांव पहुंचते ही चीख-पुकार मच गई और पूरे माहौल में शोक गहराता चला गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह हादसा केवल एक चूक नहीं, बल्कि सुरक्षा उपायों की भारी कमी का परिणाम है।

घटना के बाद गुस्साए और दुखी ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव के पोखरों, तालाबों और सार्वजनिक जल स्त्रोतों के पास सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं।

C M Y K

# भारतीय खाद्य निगम की गेहूं खरीद हुई 1,43,154 क्विंटल पार

## 2 घंटे के अंदर भुगतान से किसान हो रहे हैं प्रेरित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार राज्य में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूं की खरीद जारी है तथा खराब मौसम एवं निजी व्यापारियों के सक्रिय होने के बावजूद भारतीय खाद्य निगम गेहूं खरीद के नित्य नये आंकड़ों को छू रही है। 30 मई, 25 तक बिहार में कुल गेहूं खरीद 1,78,576 क्विंटल को हो चुकी है जिसमें से भारतीय खाद्य निगम ने 1,43,154 क्विंटल गेहूं खरीद किया है जबकि बिहार सरकार के सहकारिता विभाग के द्वारा पैक्स/व्यापार मंडल के माध्यम से कुल 35,421 क्विंटल की गेहूं की खरीद की है। भारतीय खाद्य निगम के खरीद केन्द्रों पर खरीदे गए गेहूं का भुगतान न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425/- रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से बिना किसी कटौती के 2 घंटे के भीतर किसानों के खाते में किया जा रहा है जिससे किसानों के अन्दर काफी उत्साह और खुशी का माहौल है। भारतीय खाद्य निगम द्वारा राज्य भर में 151 गेहूं खरीद केंद्र संचालित किए जा रहे हैं जिन पर अब तक कुल खरीद 1,43,154 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है तथा कुल 3459 किसानों को अब तक न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ पहुंचाया गया है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान सहकारिता विभाग के द्वारा 35,421 क्विंटल की गेहूं की खरीद गई है जो 1674 किसानों से हुई है। भारतीय खाद्य निगम के महाप्रबंधक (बिहार क्षेत्र) अमित भूषण ने भारतीय खाद्य निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए गेहूं की खरीद एवं समय से भुगतान हेतु प्रतिबद्धता को दोहराया तथा किसान भाइयों से पुनः आह्वान किया है कि वे सरकारी गेहूं खरीद केंद्र पर अपनी उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य रुपये 2425/- बेचकर पारदर्शी प्रक्रिया का लाभ उठायें। अब तक की गई खरीद का त्वरित भुगतान किया गया है एवं लगभग 8.158 करोड़ रुपये का भुगतान निगम द्वारा किया जा चुका है एवं औसत भुगतान अवधि 4 घंटे से भी कम है। राज्य में रबी विपणन वर्ष 2025-26 हेतु 2 लाख टन गेहूं खरीद का लक्ष्य राज्य सरकार एवं भारतीय खाद्य निगम के लिए संयुक्त रूप से रखा गया है। गेहूं खरीद 1 अप्रैल, 2025 से प्रारंभ है तथा 15 जून, 2025 तक गेहूं की खरीद की जाएगी।

## अज्ञात युवक का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन थाना क्षेत्र के हबीबपुर गांव स्थित एक पइन से शुक्रवार की दोपहर एक वृद्ध व्यक्ति का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुनपुन पुलिस मौके पर पहुंच मामले की तहकीकात में जुटी है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पईन से एक शव बरामद किया गया है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। एफएसएल की टीम जांच कर रही है। वहीं स्थानीय लोगों ने हत्या कर शव को फेंक देने की आशंका जताई है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव की पहचान के लिए उसे 72 घंटे तक पुलिस अभिरक्षा में रखा जाएगा।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से मुलाकात

## वैभव के कौशल और प्रतिभा की पीएम मोदी ने की सराहना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बिहार दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को पटना एयरपोर्ट पर राज्य के युवा प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी से मुलाकात की। क्रिकेट के ग्राउंड पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सबके चहेते बने वैभव सूर्यवंशी की पीएम मोदी ने भी सराहना की। इस मुलाकात के दौरान वैभव सूर्यवंशी के परिवार के अन्य लोग भी मौजूद थे। दरअसल, युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने इस बार के आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कई मैचों में शानदार खेल दिखाया है। उनकी इसी प्रतिभा के मुरीद हुए पीएम मोदी ने उनसे बिहार दौरे के बीच खास तौर पर मुलाकात की। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी से मुलाकात कर उनके कौशल और प्रतिभा की सराहना की। अपनी इस मुलाकात की जानकारी पीएम ने सोशल मीडिया पर एक्स के माध्यम से दी है। इसके साथ ही पीएमओ इंडिया के यूट्यूब चैनल पर मुलाकात का वीडियो भी शेयर किया गया है। इस मुलाकात को लेकर प्रधानमंत्री ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि पटना एयरपोर्ट पर युवा क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मुलाकात हुई। उनके क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। उल्लेखनीय है कि वैभव सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट का एक चमकता हुआ नाम बनते जा रहे हैं। अपनी धाकड़ बल्लेबाजी, तेजतर्रार क्षेत्ररक्षण और अत्याधुनिक तकनीक से उन्होंने अंडर-19 से लेकर जूनियर क्रिकेट तक में कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं।

# धीरेन्द्र कुमार और त्रिलोकी कुमार मांझी ने थामा कांग्रेस का हाथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम पटना में आयोजित मिलन समारोह में लोकप्रिय समता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार उर्फ धीरू शर्मा और वरिष्ठ नेता त्रिलोकी कुमार मांझी ने हजारों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम के हाथों ग्रहण किया। बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष ने सदस्यता ग्रहण कराने के बाद कहा कि धीरेन्द्र कुमार उर्फ धीरू शर्मा और त्रिलोकी कुमार मांझी के आने से बिहार में कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में भविष्य के दिनों में और भी कई जिलों से महत्वपूर्ण सामाजिक कार्यकर्ता जुड़ेंगे। कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने में दोनों आगत नेताओं और उनके समर्थकों को आज से ही जुटकर काम करने की आवश्यकता है। बिहार में सामाजिक न्याय के लिए राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के संघर्ष का परिणाम है कि विभिन्न क्षेत्रों और दलों के लोग कांग्रेस के प्रति आकर्षित हो रहे हैं।

लोकप्रिय समता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार उर्फ धीरू शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी के संघर्ष और सामाजिक न्याय की विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस से जुड़कर काम करने को इच्छुक हूं। कांग्रेस पार्टी लगातार देशहित में कार्य कर रही है और राहुल गांधी के नेतृत्व पर मुझे बेहद भरोसा है। कांग्रेस पार्टी ने सामाजिक न्याय की जो लड़ाई लड़ी है वो बेहद महत्वपूर्ण है। देश का उज्ज्वल भविष्य कांग्रेस के हाथों में ही संभव है। त्रिलोकी कुमार मांझी ने सदस्यता ग्रहण करने के बाद कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रख सकती है।

# अपर समाहर्त्ता कार्यालयों की रैंकिंग जारी, औरंगाबाद छठे स्थान पर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा सभी अपर समाहर्त्ता (एडीएम) राजस्व कार्यालयों की अप्रैल महीने की रैंकिंग जारी कर दी गई है। इस महीने बांका एडीएम कार्यालय प्रथम स्थान पर है तथा दूसरा स्थान शेखपुरा को प्राप्त हुआ है। मधुबनी पिछले महीने के छठे स्थान से इस माह तीसरे स्थान पर आ गया है। जहानाबाद दूसरे स्थान से चौथे स्थान पर तो नालंदा चौथे से पांचवें स्थान पर चला गया है। औरंगाबाद बेहतर कार्य कर इस माह नौवें स्थान से छठे स्थान पर आ गया है। कैमूर अपने सातवें स्थान पर तो सीतामढ़ी आठवें स्थान पर बरकरार है। किशनगंज दसवें से नौवें और दरभंगा 11 वें से इस माह दसवें स्थान पर आ गया है। राजस्व संबंधित कार्यों के निपटारे में पूर्णिया अपर समाहर्त्ता (राजस्व) कार्यालय 11 वें, मधेपुरा 12 वें, अरवल 13 वें, पूर्वी चंपारण 14 वें, नवादा 15 वें, समस्तीपुर 16 वें, गोपालगंज 17 वें, भोजपुर 18 वें, खगड़िया 19 वें एवं कटिहार 20 वें स्थान पर हैं। सभी कार्यालयों की रैंकिंग उनके द्वारा किये गये राजस्व कार्यों के आधार पर की जाती है। इसमें एडीएम द्वारा किये गये अंचल कार्यालयों के निरीक्षण को भी शामिल किया जाता है। साथ ही एडीएम राजस्व न्यायालय में ऑनलाइन विवादों की सुनवाई के आधार पर भी अंक प्रदान किए जाते हैं।

# विकसित बिहार का सपना साकार कर रही डबल इंजन सरकार : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार के सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार के प्रयासों से बिहार विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के विक्रमगंज से 48,500 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर राज्य को बड़ी सौगात दी है। इससे पहले 24 अप्रैल को मधुबनी में भी प्रधानमंत्री ने 13,500 करोड़ रुपए से अधिक की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में बुनियादी ढांचे, परिवहन, ऊर्जा और उद्योग से जुड़े कई अहम प्रोजेक्ट शामिल हैं जो राज्य की आर्थिक प्रगति में मील का पत्थर साबित होंगे। डॉ. प्रेम कुमार ने विशेष तौर पर गोपालगंज के हथुआ में करीब 340 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले एलपीजी बॉटलिंग प्लांट और रेल अनलोडिंग सुविधा का जिक्र करते हुए इसे ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में बिहार लगातार विकास की दौड़ में आगे बढ़ रहा है। हम सबका सपना – विकसित बिहार, विकसित भारत – अब साकार होता दिख रहा है। बिहार की जनता की ओर से मैं प्रधानमंत्री को हृदय से धन्यवाद और आभार प्रकट करता हूं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि ये योजनाएं न केवल रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगी, बल्कि युवाओं को भी आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग सिर्फ बयानबाजी में व्यस्त हैं, जबकि डबल इंजन की सरकार जमीन पर काम कर रही है।

# बिहार कैंसर केयर एवं रिसर्च सोसाइटी की स्थापना से होगा गरीबों का बेहतर इलाजः मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के सभागार में बिहार सरकार एवं होमी भाभा कैंसर संस्थान, मुजफ्फरपुर के संयुक्त तत्वाधधान में राज्यान्तर्गत कैंसर केयर की सकारात्मक एवं महत्वपूर्ण पहलुओं पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। श्री पांडेय ने बताया कि राज्य के सभी 38 जिलों में कैंसर स्क्रिनिंग कार्यक्रम, 17 जिलों में डे-केयर कीमोथेरेपी कार्यक्रम, 23 जिलों में पैलियेटिव केयर कार्यक्रम, मुफ्त कैंसर की दवाएं जिला अस्पतालों में निरन्तर निर्बाध रूप से वितरित किए जा रहे हैं। श्री पांडेय ने कहा कि 09 से 14 वर्ष की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एच.पी.भी. मुफ्त टीकाकरण जारी है। राज्य में 100 शैय्या का पैलियेटिव केयर अस्पताल की स्थापना हो रही है। स्वास्थ्य विभाग ने इन सकारात्मक प्रयासों को देखते हुए कैंसर प्रीवेंशन एवं कन्ट्रोल को ध्यान में रखते हुए कैंसर केयर एण्ड रिसर्च सोसाइटी का निबंधन करने जा रही है जो मुख्यतः छः प्रक्षेत्रों में कार्य करेगा जिनमें कैंसर की रोकथाम तथा जल्दी पता करना, कैंसर जांच, कैंसर उपचार (कीमोथेरेपी, सर्जरी, रेडियोथेरेपी), उपशामक देखभाल सेवाएं, अनुसंधान एवं शैक्षणिक गतिविधियां एवं कैंसर आधारभूत संरचना का होना प्रमुख है।

# बिना सवालों के जवाब दिए चले गए पीएम मोदी : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रेस के साथियों से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय दौरे को 'फेल पॉलिटिकल टूर' करार दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि आधे अधूरे कार्यों का उद्घाटन करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ही योजना का पांच से छह बार घोषणा करते हैं और दो तीन बार शिलान्यास करके बिहार से चले जाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि पटना की सड़कों पर रोड शो करने से पहले पटना की सड़कों पर तिरंगे लगाए गए, लेकिन वो तिरंगे कहीं जदयू के झंडे के नीचे लगे मिले तो कहीं नालियों के ऊपर जो राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है। एयरपोर्ट के पास पेड़ों को काट दिया गया तो वहीं टूटी फुटपाथ को रंग रोगन से ठोस दिखाने का प्रयास किया गया। सड़कों पर जिस तरीके से सेना के शौर्य को कम करके प्रधानमंत्री ने केवल अपनी तस्वीरें लगवाई वो बताने के लिए काफी है कि उन्होंने सेना का भी अपमान किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बिहार आगमन से पूर्व मैंने स्वयं संवाददाता सम्मेलन करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पांच सवाल किए थे लेकिन उन सवालों का जवाब भी अनुत्तरित रह गया और महागठबंधन के सवालों का भी वें जवाब नहीं दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शाहाबाद में जिस विक्रमगंज में सभा स्थल का चयन किया था वो बाबू कुंवर सिंह की भूमि है और वहां वे सेना का मनोबल तोड़ने वाले अपने कृत्य अमेरिकी दबाव में किए गए सीजफायर पर कोई बयान नहीं दिया। कम से कम अमेरिकी राष्ट्रपति के आठ बार मध्यस्थता वाले बयान का ही विरोध कर देते लेकिन वें वो भी नहीं कर सकें। शाहाबाद से इनका सूपड़ा साफ हो चुका है इसलिए हताश निराश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी अंतिम कोशिश किए जो कि फ़ेल रहा और सरकारी व्यवस्था पर भीड़ बुलाने की उनकी कवायद भी फ़ेल हो गई। सेना के मनोबल को तोड़ने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में शाहाबाद की वीर भूमि में भीड़ इसीलिए नहीं जुटी क्योंकि उन्होंने महसूस किया कि भाषणों में जो वीरता की बात करते हैं जरूरत आने पर राष्ट्र की अस्मिता को अमेरिका के दबाव में गिरवी रख देते हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जुमलों में बिहार की जनता नहीं आने वाली है और इस बार के चुनावों में उनको बैरंग बिहार के सभी इलाके से उनको भेजेगी क्योंकि इनके झूठे वादों और फरेबी जुमलों में अब कोई आने वाला नहीं है।

# राज्य परिवहन आयुक्त ने लम्बित बीमा क्लेम ससमय निपटाने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में वाहन दुर्घटना पीड़ितों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। राज्य परिवहन आयुक्त नवीन कुमार ने बीमा कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे लंबित बीमा क्लेम के मामलों को ससमय निपटाएं। यह निर्देश बिहार मोटर वाहन दुर्घटना न्यायाधिकरण के सचिव और बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों की एक बैठक में दिया गया। बिहार मोटर वाहन दुर्घटना न्यायाधिकरण की ओर से कुल 1016 मामलों में बीमा कंपनियों को 85 करोड़, 38 लाख रुपए का क्लेम आर्डर पास किया गया है। बीमा कंपनियों के स्तर से 494 दावों का निपटारा करते हुए 43.65 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। राज्य परिवहन आयुक्त ने मोटर वाहन दुर्घटना न्यायाधिकरण के सचिव को निर्देश दिया है कि अदालतों में हुई सुनवाई के आधार पर दस्तावेजों को तत्परता के साथ संबंधित अधिकारी द्वारा पोर्टल पर अपडेट कराया जाए। बैठक में परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव कृत्यानंद रंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधानसभा चुनाव के लिहाज से काफी अहम रहा पीएम मोदी का बिहार दौरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुक्रवार को संपन्न हुई दो दिनी बिहार यात्रा को विधानसभा चुनाव की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने इस बिहार दौरे में पराक्रम और विकास का साझा संदेश दिया है। आपरेशन सिंदूर के बाद और बिहार विधानसभा चुनाव से पहले गुरुवार को पटना में रोड शो के जरिए पीएम मोदी कई अहम संदेश देने में पूरी तरह सफल रहे। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के पहले भी प्रधानमंत्री ने पटना में रोड शो करके एनडीए के पक्ष सियासी माहौल बनाया था। रोड शो के बाद प्रधानमंत्री ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय में हुई अहम बैठक में पार्टी नेताओं को जीत का मंत्र दिया। इस बैठक में पार्टी के सांसद, विधायक, विधान पार्षद और संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में अभी चार महीने बचे हैं। इस समय का पूरा उपयोग बूथ को मजबूत करने में करें। बूथ से ही आप चुनाव जीतेंगे। बूथ स्तर के पदाधिकारी वहां के लोगों से लगातार संपर्क बनाए रखें और केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को जन जन तक पहुंचायें। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने बताया कि पीएम मोदी ने पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त और मजबूत बनाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी नेताओं से कहा है कि केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाएं हर लाभुक तक पहुंचे, इसके लिए आप प्रयासरत रहें। उन्होंने यह भी कहा है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है या नहीं, इसकी जानकारी लें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दौरा बिहार के विकास के लिहाज से भी काफी महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने शुक्रवार को विक्रमगंज से बिहार को 48 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सोगात दी है। जाहिर है इसे भी चुनाव प्रचार के दौरान एनडीए के नेता भुनायेंगे। चुनाव में इसका असर भी पड़ सकता है।

# बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी लिमिटेड का पंजीकरण

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक वित्तीय व्यवस्था को नई ऊंचाई देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी लिमिटेड, पटना का औपचारिक रूप से निबंधन (रजिस्ट्रेशन) हुआ। यह राज्य स्तर की एक महिला नेतृत्व वाली साख सहकारी संस्था है जो जीविका द्वारा प्रोत्साहित की गई है। इस संस्था का उद्देश्य है कि राज्य की ग्रामीण महिलाओं को सुलभ, समयबद्ध और संरक्षित ऋण सुविधा उपलब्ध हो, ताकि वे अपने व्यवसाय, कृषि एवं स्वरोजगार गतिविधियों को आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ा सकें। इस अवसर पर सहकारिता विभाग, बिहार सरकार के सचिव धर्मेन्द्र सिंह एवं रजिस्टार इनायत खान ने संयुक्त रूप से बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी लिमिटेड का निबंधन प्रमाणपत्र जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा को सौंपा। यह क्षण न केवल जीविका के लिए, बल्कि राज्य की एक करोड़ से अधिक महिला सदस्यों के लिए भी गौरवपूर्ण रहा। बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी लिमिटेड उन संस्थाओं में शामिल हो गई है जो पूर्णतः महिलाओं की भागीदारी द्वारा संचालित और नियंत्रित हैं।

# चिराग पासवान को पार्टी ने विधानसभा चुनाव लड़ने का प्रस्ताव भेजा : अरूण भारती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रा) प्रमुख चिराग पासवान को बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ने का प्रस्ताव पार्टी ने भेजा है। पार्टी के सांसद अरुण भारती ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी की ओर से चिराग पासवान को यह प्रस्ताव भेजा गया है और वे विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। मालूम हो कि बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ने के संबंध में चिराग पासवान ने हमेशा मीडिया से कहा है कि उनकी पार्टी अगर कहेगी तो वो चुनाव लड़ेंगे। अरुण भारती ने कहा कि बिहार में युवा नेताओं की जरूरत है। पार्टी चाहती है कि चिराग पासवान बिहार की राजनीति में सक्रिय हों। इसके लिए उन्हें पार्टी की तरफ से विधानसभा चुनाव लड़ने का प्रस्ताव भेजा गया है। अगर वह चुनाव लड़ने का प्रस्ताव स्वीकार करते हैं तो आने वाले समय में यह तय किया जाएगा कि वह किस सीट से उम्मीदवार होंगे। चिराग पासवान क्या बिहार के अगले मुख्यमंत्री या उपमुख्यमंत्री हो सकते हैं, इस सवाल के जवाब में अरुण भारती ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चेहरे पर लड़ा जाएगा। लेकिन चिराग पासवान को बिहार के विकास के लिए बड़ी भूमिका में आना होगा। उल्लेखनीय है कि चिराग पासवान ने कुछ दिन पहले बयान दिया था कि वह बिहार की राजनीति में सक्रिय होना चाहते हैं और राज्य के विकास में सक्रिय भूमिका निभाना चाहते हैं। इस बयान के बाद से ही उनके विधानसभा चुनाव लड़ने और चुनाव बाद सरकार में उनकी भूमिका को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी हैं। चिराग पासवान अब तक अपने पिता रामविलास पासवान की तरह ही केंद्र की राजनीति करते रहे हैं। वह मौजूदा नरेंद्र मोदी सरकार में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हैं। 2014 और 2019 में वे बिहार की जमुई सीट से लोकसभा चुनाव जीते थे। 2024 में वह बिहार की हाजीपुर लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। इस सीट से उनके पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान लंबे समय तक सांसद रहे थे।

# मोक्ष कल्याणक दिवस पर अभिषेक शांति धारा कर देश में सुख-समृद्धि की कामना की



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जैन संप्रदाय के 15 वे तीर्थंकर धर्मनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, कदमकुआं सहित पटना के मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह सहित अन्य दिगम्बर जैन मंदिरों में धार्मिक वातावरण में मनाया गया। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि पटना जैन समाज के श्रावको ने आज जैन संप्रदाय के 15 वे तीर्थंकर धर्मनाथ भगवान का मोक्षकल्याणक दिवस पर श्री जी का अभिषेक किया। तदुपरांत आज देश में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना कर सुख समृद्धि, रिद्धि सिद्धि प्रदाता चमत्कारिक लघु शांति धारा की गई जिसे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, कदमकुआं में जिनेश जैन ने एवं मुरादपुर दिगम्बर जी चैत्यालय में सुबोध जैन फंटी ने किया। सभी ने श्री जी की आरती कर अष्ट द्रव्यों से देव शास्त्र गुरु पूजन कर अर्घ्य चढ़ाए।

# सरकारी स्कूलों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अब निजी स्कूलों की तर्ज पर राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में भी शिक्षक और अभिभावक के बीच संवाद आयोजित किया जा रहा है। इसे लेकर शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी प्राथमिक, मध्य, उच्च एवं उच्चतर विद्यालयों में 31 मई यानी शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित करने का निर्देश जारी किया है। इस संगोष्ठी का उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में अभिभावकों की भागीदारी को मजबूत करना है। इसके क्रियान्वयन को लेकर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने सभी स्तर के स्कूलों के प्रधानाध्यापक और प्रभारी शिक्षक को निर्देश जारी किया है। इस निर्देश में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि गर्मी की छुट्टियों से पहले 'पढ़ेंगे, बढ़ेंगे और सीखेंगे हम' विषय पर आयोजित होने वाले संगोष्ठी का आयोजन काफी महत्वपूर्ण है। इस संगोष्ठी में स्कूल के शिक्षक और अभिभावकों के बीच छात्रों की शिक्षा, पुस्तक वितरण, गृहकार्य, स्कूल वातावरण और अनुशासन के मुद्दों पर खुलकर चर्चा होगी। इस संबंध में कुछ महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी जारी किए गये हैं।

**प्रमुख निर्देशः** कक्षा में 1 अप्रैल से 31 मई तक पढ़ाए गए पाठ्यक्रमों और अभ्यास पुस्तिका का छात्र छुट्टियों में घर पर रहकर रिवीजन करेंगे। इसके लिए अभिभावकों को प्रेरित किया जाएगा कि वे बच्चों को समझाकर पढ़ाए गए पाठ्यक्रम का पुर्नअभ्यास कराएं। छुट्टियों के दौरान छात्रों को पढ़ने के लिए घर पर एक 'पढ़ाई का कोना' (स्टडी कॉर्नर) विकसित किया जाए। निर्धारित कोने में कुर्सी या फर्श पर चटाई या बोरा बिछाकर बैठने के लिए जगह बनायी जाए। साथ ही दीवार पर कुछ पोस्टर और रुटीन चिपकाकर पढ़ने का माहौल तैयार किया जाए। इस मीटिंग के दौरान शिक्षक अभिभावकों को गर्मी की छुट्टी में छात्रों को दिए गये होमवर्क के बारे में जानकारी देंगे। सभी कक्षाओं के लिए एससीईआरटी ने गृहकार्य निर्धारित किया है और इसे ई-शिक्षाकोष पर उपलब्ध कराया गया है। शिक्षक अभिभावकों को ई-शिक्षाकोष से गृहकार्य की प्रति डाउनलोड कर उपलब्ध कराएंगे। इसके साथ ही वर्ग शिक्षक अभिभावकों से छात्रों को मिलने वाले पाठ्य पुस्तक, अभ्यास पुस्तिका, डायरी एवं टीएलएम किट के संबंध में अवगत कराएंगे और उसके रखरखाव के संबंध में चर्चा करेंगे। पाठ्यपुस्तक के मुख पृष्ठ और पिछले पन्ने पर यातायात के नियम, साफ-सफाई, समाज में बच्चों का कैसा आचरण हो, कतार में खड़े रहना, वातावरण की साफ-सफाई एवं नागरिक बोध लिखे गए हैं जिसे अभिभावक समझकर छुट्टी के दौरान बच्चों के साथ चर्चा करें।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत लाभुक मई का खाद्यान्न 31 मई तक कर सकते हैं प्राप्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने पत्र जारी कर राज्य के सभी जिला पदाधिकारियों को निदेशित किया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत जिन लाभुकों ने मई 2025 का खाद्यान्न नहीं उठाया है। उनके लिए खाद्यान्न वितरण की अंतिम तिथि 31.05.2025 निर्धारित की जाती है। वैसे लाभुक जिन्होंने माह मई 2025 का खाद्यान्न प्राप्त नहीं किया है, वे अपने नजदीकी जन वितरण विक्रेता के पास प्रथम बार में ई-पॉस के माध्यम से अपना बायोमेट्रिक सत्यापन के उपरांत माह मई, 2025 का खाद्यान्न प्राप्त करेंगे एवं द्वितीय बार में ई-पॉस के माध्यम से अपना बायोमेट्रिक सत्यापन के उपरांत माह जून, 2025 का खाद्यान्न प्राप्त करेंगे। माह जून, 2025 का खाद्यान्न वितरण 22.05.2025 से प्रभावी है। वैसे लाभुक जिन्होंने माह, मई 2025 का खाद्यान्न प्राप्त कर लिया है, वे ई-पॉस के माध्यम से अपना बायोमेट्रिक सत्यापन के उपरांत माह जून, 2025 का खाद्यान्न प्राप्त करेंगे।

## संपादकीय

# 'भारत की चुप्पी अब इतिहास बनेगी' पीएम मोदी का आखिरी इशारा

एक बार फिर प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया है कि अगर वह आतंकवाद का रास्ता नहीं छोड़ेगा, तो उसे और बुरे नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं। पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने जिस सूझबूझ और शौर्य के साथ पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, वह एक बड़ी मिसाल है। उसके बाद पाकिस्तान के हुक्मरान भी सोचने पर विवश हुए कि आतंकवाद को पोसने का इतना बड़ा खमियाजा देश को उठाना पड़ा है। मगर चूंकि वहां की सेना और खुफिया एजंसी आतंकवाद को भारत के खिलाफ एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करती रही हैं, इसलिए वे अब भी अपने रास्ते में बदलाव को तैयार नहीं दिख रही हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात को जोर देकर रेखांकित किया कि पाकिस्तान का एकमात्र मकसद भारत से नफरत करना और इसे नुकसान पहुंचाने के तरीके सोचना है, जबकि हमारे देश ने गरीबी खत्म करने और आर्थिक विकास का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री के इस बयान पर पाकिस्तान की तिलमिलाहट स्वाभाविक है। तुरंत इसके जवाब में उसने प्रतिक्रिया दी कि भारतीय प्रधानमंत्री के इस बयान से इस क्षेत्र में अशांति का खतरा पैदा हो गया है, जबकि पाकिस्तान अमन चाहता है। हालांकि इस तरह की विरोधाभासी प्रतिक्रियाएं वह सदा से देता आया है। आपरेशन सिंदूर के बाद भाजपा पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। सरकार ने दुनिया के अलग-अलग देशों में पाकिस्तान की हकीकत बताने और अपना पक्ष रखने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने भी गुजरात में दो दिन की रैली की। उसी दौरान उन्होंने पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई। सरकार ने बार-बार रेखांकित किया है कि आपरेशन सिंदूर फिलहाल स्थगित है, वह समाप्त नहीं हुआ है। यानी वह अब भी सक्रिय है और पाकिस्तान की हरकतों पर नजर बनाए हुए है। जाहिर है, इससे पाकिस्तान में घबराहट है। बेशक वह कहता है कि भारत के किसी भी हमले का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है, मगर हकीकत यही है कि जिस दौर से वह गुजर रहा है, फिलहाल वह किसी भी तरह के सैन्य संघर्ष का बोझ वहन कर पाने की स्थिति में नहीं है। अगर वह सचमुच भारत का मुकाबला कर सकने की स्थिति में होता तो, जैसा कि भारतीय विदेश मंत्रालय का कहना है, पाकिस्तान के सैन्य अधिकारी आपरेशन सिंदूर पर विराम लगाने की गुहार न लगाते। ऐसी स्थितियों में उसके नेता बेशक सार्वजनिक बयानों में भारत पर हमला करते रहे हों, पर जमीनी हकीकत हमेशा उससे दूर रही है। हकीकत यह है कि पाकिस्तान अपनी अंदरूनी स्थितियों से ही काफी परेशान है। उसकी माली हालत खस्ता हो चुकी है। कर्ज और इमदाद के भरोसे उसकी अर्थव्यवस्था टिकी हुई है। बलूचिस्तान के विद्रोही उसकी नाक में दम किए हुए हैं। इधर भारत ने सिंधु जल समझौता और व्यापारिक गतिविधियां स्थगित करके और परेशानी पैदा कर दी है। ऊपर से भारत पूरी दुनिया में उसकी असलियत बताने में जुटा है।

**कहने का तातपर्य यह कि अभी जो लगभग 22 किलोमीटर की चौड़ी पट्टी है और जिसपर यूनुस और भारत के दुश्मनों की नजर लगी हुई है, वह अप्रत्याशित रूप से इतनी चौड़ी हो सकती है कि मतलब, पूर्वोत्तर की बहुत बड़ी समस्या एक ही झटके में खत्म हो सकती है।**

# आखिरकार बांग्लादेश की कमजोर नसों को कब दबाएगा भारत?

(कमलेश पांडे)

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश एक बार फिर से उबल रहा है, जिससे मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार अस्थिरता के बवंडर की ओर निरंतर बढ़ रही है। उनकी सेना से ही उनकी ऊटपटांग नीतियों का विरोध हो रहा है।

कभी 'ग्रेटर बंगलादेश' का स्वप्न संजोने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता और बांग्लादेश के कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस अब अपने ही देश में ऐसे घिरे हैं कि जब उन्हें आगे का कोई रास्ता नजर नहीं आया तो फिर अपने जन्मदाता भारत पर ही अनर्गल लांछन लगाने लगे। वह अमेरिका, चीन, पाकिस्तान की गोद में खेलें, कोई बात नहीं लेकिन भारत और हिंदुओं से खेलेंगे तो अगले ऑपरेशन सिंदूर के लिए तैयार रहें। याद रखें, तब कोई बाप बचाने नहीं आएगा। हाल ही का पाकिस्तानी मंजर देख लें, अंजाम समझ लें और हो सके तो भारत के पड़ोस में बचकानी हरकत बंद कर दें।

बता दें कि अपनी पिछली चीन यात्रा के दौरान ही उन्होंने बढ़चढ़ कर 'भारत के चिकेन नेक' पर काबिज होने, पश्चिम बंगाल-उत्तर-पूर्व बिहार और उत्तर-पूर्व के सात बहन राज्यों को मिलाकर ग्रेटर बांग्लादेश बनाने और नार्थ-ईस्ट राज्यों को लैंड लॉक्ड बताकर इलाकाई समुद्र का बेताज बादशाह होने का जो दिवास्वप्न उन्होंने देखा है, उसके मुताल्लिक भारत भी उन्हें दिन में ही तारे दिखाने की रणनीति बना चुका है। अब वो आगे बढ़ेंगे तो पीछे से भारत भी एक बार फिर बांग्लादेश का अंग भंग कर देगा! क्योंकि कभी पाकिस्तान से पूर्वी पाकिस्तान का अंग भंग करवाकर भारत ने ही जिस बांग्लादेश का निर्माण करवाया था, आज वही बांग्लादेश जब भारत को आंखें दिखाएगा तो अपने अंजाम को भी भुगतने को तैयार रहेगा।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि वहां की शेख हसीना सरकार की तख्तापलट के बाद महज 6 माह में ही परवर्ती कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस की अगुवाई में बांग्लादेश भारत विरोधी चीनी, पाकिस्तानी और अमेरिकी अखाड़े का अड्डा बन चुका है, जो उसके लिए शर्म की बात होनी चाहिए। यही वजह है कि इस विफल सरकार के खिलाफ अब वहां भी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, जिससे देश में अस्थिरता बढ़ रही है। ऐसे में यूनुस ने अपना सारा दोष भारत पर मढ दिया है। हालांकि भारत के पास उन्हें जवाब देने के लिए ऐसे-ऐसे विकल्प मौजूद हैं, जिससे उनके होश उड़ सकते हैं।

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश एक बार फिर से उबल रहा है, जिससे मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार अस्थिरता के बवंडर की ओर निरंतर बढ़ रही है। उनकी सेना से ही उनकी ऊटपटांग नीतियों का विरोध हो रहा है। जबकि उनकी सरकार के खिलाफ जनता द्वारा भी अविलंब चुनाव की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इससे मुल्क में तनाव का आलम व्याप्त हो चुका है। चूंकि इस विरोध प्रदर्शन में सरकारी



कर्मचारी भी शामिल हो चुके हैं। इसलिए अपनी उल्टी गिनती शुरू होते देख मोहम्मद यूनुस अपनी नाकामियों को बिना नाम लिए भारत पर थोपने की कोशिश कर रहे हैं। वहां उनकी लापरवाही और अदूरदर्शिता से अब जो कुछ भी हो रहा है, उसके लिए 'विदेशी साजिश' को जिम्मेदार बता रहे हैं।

जबकि, हकीकत ये है कि उन्हें सिर्फ चुनाव करवाने तक के लिए सरकार चलाने भर की जिम्मेदारी मिली है। लेकिन, जानकार बताते हैं कि वह चुनाव छोड़कर बाकी हर तरह के हथकंडे अपनाने में लगे हैं। बांग्लादेश की विदेश नीति, उसका संविधान, उसका इतिहास और यहां तक कि उसके जन्म की मूल अवधारणा तक को वो नकारने के लिए आत्मघाती दांव लगा रहे हैं। यही वजह है कि आज बांग्लादेशी फौज भी उनके विरोध में खड़ी हुई है।

ऐसे में यह कहना गलत न होगा कि मोहम्मद यूनुस जब से बांग्लादेश की सत्ता में आए हैं, भारत के चीन और पाकिस्तान जैसे दुश्मनों के साथ झूम-झूम कर नाचने-गाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन, उन्हें चीन के दम पर भारत के जिस भारत के चिकन नेक कॉरिडोर (सिलीगुड़ी कॉरिडोर) को दबा पाने की गलतफहमी हो गई है, ग्रेटर बांग्लादेश बनवाने में विदेशियों व भारत के मुसलमानों के साथ मिलने का भ्रम हो चुका है, और लैंड लॉक्ड नार्थ ईस्ट के चलते समुद्र का बेताज बादशाह होने के जो सपने उन्होंने चीन को दिखाए हैं, तब उन्हें शायद यह अंदाजा भी नहीं रहा होगा कि भारत के रणनीतिकार उनके साथ और उनके हमदम चीन-पाकिस्तान-म्यांमार के साथ क्या क्या कर सकता है।

शायद मोहम्मद यूनुस शायद यह भूल चुके हैं कि बांग्लादेश की पैदाइश ही कुशल भारतीय विदेश नीति की सफल देन रही है, जिसे तब अमेरिका व चीन नहीं रोक पाए थे। यह भारत की वीरता है जो चुटकट्टों पर युद्ध के मैदान में भारी पड़ती है। ऐसे में जब वो अपने जन्मदाता की संप्रभुता और अखंडता को ही चुनौती देने लगेंगे तो भारत को भी देर-सबेर अपने सटीक विकल्प तलाशने पड़ेंगे। यदि भारत के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के एक हालिया सकेसाक्षात्कार को देखें तो स्पष्ट प्रतीत होता है कि नागपुर मुख्यालय से भी मोदी सरकार को उसी तरफ इशारा किया गया है।

मसलन, संघ के मुखपत्र ऑर्गेनाइजर और पांचजन्य में गत रविवार को छपे उनके एक इंटरव्यू के मुताबिक उन्होंने भारत के पड़ोस में 'बुराई को खत्म' करने के लिए शक्ति का इस्तेमाल करने की बात कही है, वह अब हमारी विदेश नीति का महत्वपूर्ण ध्येय बनने जा रहा है। उनके अनुसार जिन कुछ देशों में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, वहां पर हिंदू समाज की ताकत का इस्तेमाल उनकी रक्षा के लिए किया जाना चाहिए।

बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर अपने विचार रखते हुए संघ के सर संघचालक ने ठीक ही कहा है कि, हमारी ताकत अच्छे लोगों की रक्षा और बुरे लोगों को नष्ट करने के लिए होनी चाहिए। जब कोई और चारा नहीं होता, तो बुराई को जबरदस्ती खत्म करना पड़ता है। इसलिए, हमारे पास शक्तिशाली बनने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि हम अपनी सीमाओं पर बुरी ताकतों की बुराई देख रहे हैं।

हमारा तात्पर्य यह है कि शायद जो बात मोहन भागवत ने खुलकर नहीं कहा, उसे असम के मुख्यमंत्री और पूर्वोत्तर के दिग्गज बीजेपी नेता हिमंत बिस्वा सरमा ने अधिक विस्तार से बताने की कोशिश की है, जो सराहनीय है। कुछ दिन पहले भी उन्होंने मोहम्मद यूनुस के भारत के चिकन नेक कॉरिडोर पर उनकी गलत नजर पर पलटवार करते हुए बांग्लादेश के पास भी दो चिकन नेक होने की जो बात कही थी, उससे बंगलादेश व उसके हमदमों का तिलमिलाना स्वाभाविक है।

गौरतलब है कि उन्होंने गत 25 मई रविवार को एक एक्स (एक्स) पोस्ट डाला है, जिसमें उन्होंने दो टूक लिखा है कि जिन्हें भारत को चिकन नेक कॉरिडोर पर धमकाने की आदत पड़ चुकी है, उन्हें तीन तथ्यों को ध्यान से नोट कर लेना चाहिए। पहला, बांग्लादेश के पास अपने दो 'चिकन नेक' हैं और दोनों भारत से कहीं ज्यादा असुरक्षित हैं।

दूसरा, पहला है 80 किमी लंबा उत्तर बांग्लादेश कॉरिडोर, जो दक्षिण दिनाजपुर से दक्षिण पश्चिम गारो हिल्स (मेघालय) तक जाता है। अगर यहां कोई रुकावट आती है, तो पूरा रंगपुर डिवीजन बांग्लादेश से कट सकता है। मतलब, रंगपुर का बाकी बांग्लादेश से संपर्क टूट जाएगा।

तीसरा,यह है 28 किमी का चटगांव कॉरिडोर, जो साउथ त्रिपुरा से बंगाल की खाड़ी तक जाता है। यह कॉरिडोर भारत के 'चिकन नेक' से भी छोटा है। पर यह बांग्लादेश की आर्थिक राजधानी और राजनीतिक राजधानी को जोड़ने वाला एकमात्र रास्ता है।

इससे साफ है कि बांग्लादेश के मौजूदा हालात, मोहम्मद यूनुस की ओर से सत्ता में बने रहने के लिए चलाए जा रहे खौफनाक एजेंडा की गवाही दे रहे हैं और भारत में अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए जो तल्ख विचार सामने आ रहे हैं, उससे भारतीयों को यह आस्वस्ति मिल रही है कि हमारा जवाब बहुत करारा होगा। क्योंकि रंगपुर में चिकन नेक कॉरिडोर काटने का मतलब है कि भारत का सिलीगुड़ी कॉरिडोर बहुत ही विशाल हो जाएगा। कहने का तातपर्य यह कि अभी जो लगभग 22 किलोमीटर की चौड़ी पट्टी है और जिसपर यूनुस और भारत के दुश्मनों की नजर लगी हुई है, वह अप्रत्याशित रूप से इतनी चौड़ी हो सकती है कि मतलब, पूर्वोत्तर की बहुत बड़ी समस्या एक ही झटके में खत्म हो सकती है।

वहीं, अगर हम त्रिपुरा के कुछ किलोमीटर तक नीच चले जाएं यानी चटगांव कॉरिडोर को भारत में मिला लें तो पूरे पूर्वोत्तर को जोड़ने वाला भारत का अपना समुद्र यहां भी हो जाएगा। देखा जाए तो यह सामरिक और आर्थिक रूप से बहुत ही फायदे का सौदा साबित होगा। क्योंकि भविष्य में मोहम्मद यूनुस की तरह के विचार वाले बांग्लादेश के किसी अन्य शासक की भी आए तो आए दिन की होने वाली नौटंकी भी हमेशा के लिए खत्म की जा सकती है।

इसके अलावा, हमें यह भी पता होना चाहिए कि बांग्लादेश के चटगांव से नीचे ही म्यांमार का रखाइन इलाका है, जहां पर रोहिंग्या मुसलमानों की गम्भीर समस्या है। इसका मतलब यह हुआ कि बांग्लादेश से चटगांव के कटते ही रोहिंग्या मुस्लिम समस्या खत्म हो सकती है। क्योंकि तब भारत इस इलाके को रोहिंग्या मुसलमानों को सौंप सकता है और भारत में जो रोहिंग्या घुसपैठिए आ गए हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं, उन्हें यहां पर स्थायी रूप से भेजा जा सकता है। क्योंकि यह उनका मूल इलाका है, जहां जाकर बसना उनके लिए भी आसान हो सकता है।

इसके अलावा, म्यांमार के रखाइन से ही थोड़ा उत्तर-पूर्व में उसका चिन इलाका है, जो पहाड़ी क्षेत्र है और ईसाई (क्रिश्चियन) बहुल इलाका है, जो म्यांमार से अलग होना चाहता है। यह पहले से ही मिजोरम में मिलाए जाने की मांग कर रहे हैं। ऐसे में यदि भारत ने इस पूरे इलाके पर दबदबा कायम कर

# इंटरनेशनल फिल्म सिटी में बनने वाले फिल्म इंस्टीट्यूट में यूपी के युवाओं को मिलेगी वरीयता

(नवीन जायसवाल)

बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्माता बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के कंसोर्सियम बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रा. लि. द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के सेक्टर 21 में फिल्म सिटी का निर्माण करने जा रही है। उत्तर प्रदेश के यमुना एक्सप्रेसवे के पास बनने वाली इंटरनेशनल फिल्म सिटी में एक अत्याधुनिक फिल्म इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाएगी, जो राज्य के युवाओं, खासकर यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र और इसके आसपास के युवाओं के लिए सुनहरे अवसर लेकर आएगा। इस इंस्टीट्यूट में एक्टिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग, वीएफएक्स, कैमरा ऑपरेशन, लाइटिंग, फैशन, मीडिया और मास कम्युनिकेशन जैसे विविध कोर्सेज में प्रशिक्षण दिया जाएगा। खास बात यह है कि प्रशिक्षण के बाद युवाओं को फिल्म सिटी में ही रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। उल्लेखनीय है कि यमुना एक्सप्रेसवे के पास बनने वाली यह इंटरनेशनल फिल्म सिटी 230 एकड़ में पहले चरण के तहत विकसित की जा रही है, जिसमें 1,510 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्माता बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के कंसोर्सियम बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रा. लि. द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के सेक्टर 21 में फिल्म सिटी का निर्माण करने जा रही है। निर्माण के पहले चरण में आगामी तीन साल के अंदर विभिन्न स्टूडियो और फिल्म इंस्टीट्यूट का निर्माण संपन्न होगा। कंपनी के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि यह फिल्म इंस्टीट्यूट अपनी तरह का अनोखा होगा। पहले चरण में 3 लाख स्क्वायर फीट क्षेत्र में इसका निर्माण किया जाएगा। इंस्टीट्यूट में आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित कक्षाएं, स्टूडियो, एडिटिंग सुइट्स और वीआर लैब होंगे। छात्रों को वास्तविक फिल्म परियोजनाओं पर काम करने का अनुभव प्रदान किया जाएगा, साथ ही नवीनतम फिल्म तकनीकों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।

स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता, मिलेंगे रोजगार के अवसर

राजीव अरोड़ा ने कहा कि इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण और रोजगार दोनों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। खास तौर पर यमुना एक्सप्रेसवे और इसके आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को पहली वरीयता मिलेगी, जबकि उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों के युवा भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि मुंबई से स्टाफ लाने की तुलना में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार देना अधिक किफायती होगा, जिससे फिल्म सिटी में ही स्टूडियो, प्रोडक्शन और अन्य क्षेत्रों में नौकरियां सृजित होंगी।

व्यापक पाठ्यक्रम और प्रोडक्शन हाउस से साझेदारी

इंस्टीट्यूट में एक्टिंग, स्टोरी राइटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग, कैमरा ऑपरेशन, लाइटमैन, स्पॉट ब्वॉय, वीएफएक्स, फैशन और मास कम्युनिकेशन जैसे कोर्सेज उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, फिल्म म्यूजिक से संबंधित प्रशिक्षण और सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। प्रोडक्शन हाउस के साथ साझेदारी के माध्यम से कार्यशालाएं, इंटर्नशिप और

**फिल्म इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाएगी, जो राज्य के युवाओं, खासकर यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र और इसके आसपास के युवाओं के लिए सुनहरे अवसर लेकर आएगा। इस इंस्टीट्यूट में एक्टिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग, वीएफएक्स, कैमरा ऑपरेशन, लाइटिंग, फैशन, मीडिया और मास कम्युनिकेशन जैसे विविध कोर्सेज में प्रशिक्षण दिया जाएगा।**

गेस्ट लेक्चर्स का आयोजन होगा, जिससे छात्रों को इंडस्ट्री के दिग्गजों से सीखने का मौका मिलेगा। फिल्म सिटी में फिल्मों के प्रीमियर आयोजित करने की व्यवस्था होगी, ताकि प्रोडक्शन हाउस को अपनी फिल्में लॉन्च करने के लिए अन्य शहरों में भटकना न पड़े। इसके साथ ही, फिल्मों, स्क्रिप्ट्स और अकादमिक सामग्री से युक्त एक समग्र संसाधन केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र छात्रों और फिल्म निर्माताओं के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में काम करेगा।

**फिल्म महोत्सव और छात्र सहभागिता-** इंस्टीट्यूट में फिल्म महोत्सवों, प्रदर्शनियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। ये आयोजन न केवल छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ावा देंगे, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री में नेटवर्किंग और एक्सपोजर भी प्रदान करेंगे। फिल्म इंस्टीट्यूट के कैंपस में छात्रों के लिए छात्रावास, कैफेटेरिया, स्वास्थ्य केंद्र और मनोरंजन क्षेत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ये सुविधाएं छात्रों को एक आरामदायक और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करेंगी, जहां वे अपनी पढ़ाई और रचनात्मकता पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। यह फिल्म इंस्टीट्यूट न केवल युवाओं के लिए रोजगार और प्रशिक्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि उत्तर प्रदेश को फिल्म निर्माण और मनोरंजन उद्योग का एक प्रमुख हब भी बनाएगा।

# पंचकुला खुदकुशी मामला : जिंदगी से पलायन करने की आत्मघाती मानसिकता

मनोज कुमार अग्रवाल

श्री कृष्ण ने पवित्र महाभारत में अर्जुन से कहा, च्चन दैन्यम, न पलायनमञ्ज, जिसका तात्पर्य यह है कि व्यक्ति को जीवन में अपनी समस्याओं से कभी नहीं भागना चाहिए, और कभी भी अपने दुश्मनों के सामने हार नहीं माननी चाहिए और न ही झुकना चाहिए। उनके अनुसार, एक बार जब आप दृढ़ संकल्प बना लेते हैं, और अपने मन, शरीर या आध्यात्मिक स्तर पर पीछे नहीं हटने का निर्णय लेते हैं, तो आप पहले ही जीवन की लड़ाई जीत चुके हैं।

लेकिन धर्म और अध्यात्म से दूर होकर रील और सोशल मीडिया में भटक रहे देश में जिस प्रकार से आत्महत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं, वह दुःखद होने के साथ ही काफी चिंतनीय है। आर्थिक तंगी, कर्ज का बोझ, पारिवारिक कलह, परीक्षा या प्रेम में विफलता आदि के चलते खुदकुशी की घटनाएं पिछले कुछ सालों में लगातार बढ़ती गई हैं।

ताजा मामला पंचकूला में एक ही परिवार के सात लोगों के जिंदगी से हार कर मौत को गले लगाने का है। इस सामूहिक आत्महत्या ने एक बार फिर कई सवाल खड़े कर दिए हैं, जिनका जवाब अब तक लोगों को नहीं मिल सका है। सवाल है कि परिवार पर कर्ज का बोझ, क्या इस कदर था कि सात लोगों की जिंदगियों की बलि देना पडा। इस मामले के सामने आने के बाद एक बार फिर बुराड़ी का भयावह घटनाक्रम सामने घूम जाता है जहां एक ही घर में ग्यारह लाशें मिली थीं। हालांकि इस का रहस्य आज भी अनसुलझा है। पुलिस के अनुसार पंचकूला में खड़ी कार के अंदर एक ही परिवार के सात सदस्यों के मृत पाया गया परिवार देहरादून का रहने वाला था । कार पंचकूला के सेक्टर-27 में एक रिहायशी इलाके में खड़ी थी। सूचना मिलने पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उसे कार के अंदर एक दंपति, तीन बच्चों और दो बुजुर्गों के शव मिले। मृतक प्रवीण मित्तल पंचकूला में पांच दिवसीय हनुमंत कथा सुनने के लिए परिवार के साथ आए थे। परिवार में उनके पिता देशराज मित्तल, मां, पत्नी समेत तीन बच्चे थे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद परिवार हंसी-खुशी देहरादून के लिए निकले थे, उसके बाद क्या हुआ जो यह घटना घटी। यह घटना अब भी अनसुलझी पहेली बनी हुई है। बताया जा रहा है कि मृत मित्तल परिवार आर्थिक तंगी और करीब बीस करोड़ के कर्ज से जूझ रहा था। एक चश्मदीद ने बताया कि मृतक प्रवीण मित्तल ने मरने से पहले यह बताया कि उन्होंने जहर खाया है, हम लोग बहुत कर्ज में डूबे हैं। पांच मिनट बाद उसने भी दम तोड़ दिया पुलिस के अनुसार गाड़ी में दो पेज का सुसाइड नोट भी मिला है ।

बीते कुछ सालों में भारत में सामूहिक आत्महत्या की कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनके कारणों का आज तक खुलासा नहीं हो सका है। पिछले वर्ष दिल्ली के वसंतकुंज के रंगपुरी गांव में एक व्यक्ति ने अपनी चार बेटियों के साथ जहरीला पदार्थ खाकर जीवन लीला समाप्त कर ली थी। आर्थिक तंगी को ही इस दुखद अंत का कारण बताया गया था। मौके पर पहुंची पुलिस जब मौके पर पहुंची थी तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिसकर्मियों ने अंदर से बंद घर का दरवाजा तोड़ा तो पांच शवों को बाहर निकाला था। सभी शव अलग-अलग कमरे में पाए गए थे। इसी तरह की एक भयावह घटना मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में भी हुई थी, जहां एक ही परिवार के पांच सदस्यों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पति-पत्नी और उनके तीन बच्चों के शव फांसी के फंदे पर लटके पाए गए थे। मृतक राकेश पेशे से किसान था। साल 2023 में गुजरात के सूरत में भी एक सामूहिक आत्महत्या का मामला सामने आया था, आठ साल से कम उम्र के तीन बच्चों सहित एक ही परिवार के सात सदस्यों की जान चली गई थी। सुसाइड नोट से पता चला था कि परिवार के एक सदस्य ने पहले अपनी पत्नी, बच्चों और माता-पिता को जहर दिया और फिर स्वयं फांसी लगा ली थी। बुराड़ी का मामला, जिसमें एक ही परिवार के ग्यारह सदस्यों की मौत हुई, आज भी लोगों के मन में सिहरन पैदा करता है। तीन साल तक चली पुलिस जांच के बावजूद, इस घटना का कोई कारण सामने नहीं आ सका और अंततः पुलिस ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी।

इस तरह की आत्महंता वारदातों के पीछे परिवार के किसी एक बड़े सदस्य का अवसाद ग्रस्त होकर आत्महत्या की ओर उन्मुख होना और बाकी परिजनों को भी आत्महत्या के लिए उकसावा कर तैयार करना छिपा होता है। दरअसल कोविड और लाकडाउन के बाद बहुत से लोगों के व्यापार काम धंधे वापस पटरी पर नही लौट सके है ऐसे में कुछ लोग की बार आर्थिक तंगी और कर्ज मे फंस कर अपनी व परिवारजन की खुदकुशी की भूमिका तैयार कर रहे हैं। वहीं शहरी जीवन में लोग अपनी परेशानीयों को किसी से साझा नहीं करते हैं और मानसिक बीमारी से ग्रसित होकर इस तरह के आत्मघाती कदम उठा लेते हैं।

आपसी सद्भाव परस्पर सहयोग और दुख दर्द बांटने की प्रवृत्तियां समाज से दूर हो रहीं हैं प्रतिस्पर्धा और कर्ज लेकर भी दिखावे की होड़ लगी है इस के साथ ही समस्या का समाधान खोजने मुकाबला करने का साहस घट रहा है और ऐसे लोग मेडिकल उपचार काउंसलिंग न ले कर सीधे सुसाइड करने के लिए तैयार हो जाते हैं। पंचकुला की मर्माहत करने वाली घटना भी ऐसा ही मामला है लेकिन संभावना है कि घर के मुखिया ने ही बाकी परिजनों को जहर खिला दिया हो या सुसाइड के लिए तैयार कर लिया हो पुलिस जांच में सामने आया है कि ये सभी बाबा धीरेंद्र शास्त्री की पंचकूला सेक्टर-28 में चल रही कथा में भाग लेने के लिए आया था। कथा से लौटते समय सेक्टर-27 में खड़ी एक कार में परिवार के सातों सदस्यों ने जहर खाकर जान दे दी। मृतकों में प्रवीण मित्तल, उनकी पत्नी, तीन बच्चे और दो बुजुर्ग सदस्य शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की वजह कर्ज का बोझ और आर्थिक तंगी बताई जा रही है। जानकारी अनुसार प्रवीण मित्तल का स्क्रेप का कारोबार था उसमे की करोड़ कर्ज हो गया था फैक्ट्री घर गाड़ी सब जब्त हो गए थे घाटे और बढ़ते कर्ज से मानसिक तनाव में आकर उन्होंने कथित रूप से यह कदम उठाया। आपको बता दें विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर साल लगभग दस लाख लोग आत्महत्या करते हैं। इससे 20 गुना ज्यादा लोग आत्महत्या करने की कोशिश करते हैं। यह एक गंभीर समस्या है। दुनिया भर में आत्महत्या की दर प्रति 100,000 लोगों पर 16 है। मतलब हर 40 सेकंड में एक मौत होती है और हर 3 सेकंड में सुसाइड का एक प्रयास होता है। 2011 तक उपलब्ध विश्व स्वास्थ्य संगठन के सबसे हालिया आंकड़ों के अनुसार, आत्महत्या की दरें मालदीव में 0.7/100,000 से लेकर बेलारूस में 63.3/100,000 तक हैं। भारत में आत्महत्या की दर 10.6/100,000 है। भारत आत्महत्या की दर के मामले में दुनिया में 43वें स्थान पर है। युवाओं में आत्महत्या की प्रवृत्ति बहुत तेजी से बढ़ी है नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार पिछले आठ सालों में 2015 से लेकर 2022 तक, हर साल लगभग एक लाख पुरुषों ने आत्महत्या की है। वहीं, महिलाओं की संख्या 43,314 रही। पुरुषों में आत्महत्या की दर 14.2 प्रति 100,000 पुरुष आबादी है। महिलाओं में यह दर 6.6 प्रति 100,000 महिला आबादी है। इसका मतलब है कि पुरुषों में आत्महत्या करने की संभावना महिलाओं से ज्यादा है। भारत में सुसाइड के पीछे सबसे बड़ा कारण पारिवारिक समस्याएं हैं। भारत में लगभग 23.06 प्रतिशत आत्महत्याएं पारिवारिक समस्याओं की वजह से होती हैं। इसके अलावा आर्थिक तंगी, परीक्षाओं में फेल होना, कैरियर पढ़ाई का दबाव, बेराजगारी, मानसिक अवसाद, पारिवारिक कलह, तलाक, प्रेम में विफलता, गरीबी, मानसिक स्वास्थ्य आदि के कारण भी लोगों को लगता है कि आत्महत्या के अलावा कोई विकल्प ही नहीं है।

युवाओं में कैरियर और भविष्य को लेकर पिछले एक दशक में अधिक जागरूकता आई है लेकिन इसी के साथ उनमें भविष्य को लेकर अनिश्चितता और आशंकाए भी बढ़ गई है जिस कारण आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं। जिंदगी अनमोल है मानव जन्म दुर्लभ है कितना भी बड़ी समस्या हो उसका मुकाबला करें यदि आत्महत्या करने का ठान लिया है तो भी अंतिम पल तक बिना सामाजिक दिखावे की चिंता किए समस्या का मुकाबला करें जब मरना ही है तो मुकाबले का जोखिम क्यों न उठाएं कायरता भरे सुसाइड कदम से जिल्लत भरी मौत क्यों वरण करें।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व भाजपा विधायक विक्रम कुवर पर गैर-जमानती वारंट, हेमनारायण शाह की संपत्ति कुर्क करने का आदेश

**लगातार अदालत में गैरहाजिर रहने पर कड़ा रुख**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व भाजपा विधायक विक्रम कुवर और जदयू विधायक हेमनारायण शाह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोनों नेताओं के खिलाफ अलग-अलग मामलों में कड़ा रुख अपनाया है। साल 2010 के विधानसभा चुनाव में विक्रम कुवर पर बिना अनुमति के झंडा लगे वाहन से प्रचार करने का आरोप है। सर्विलांस प्रभारी बीरबल दास की शिकायत पर हुसैनगंज थाने में उनके खिलाफ भादवि की धारा 171, 188 और एमबी एक्ट की धारा 181 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले में लगातार अनुपस्थित रहने पर विशेष अदालत ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। पुलिस कप्तान के माध्यम से वारंट के अनुपालन का आदेश भी दिया गया है। वर्ष 2002 में अधिवक्ता कृष्णकांत सिंह की ओर से दर्ज परिवाद में हेमनारायण शाह पर आरोप है कि उनके इशारे पर 10 लोगों ने उनके घर में घुसकर मारपीट की, नगदी और हथियार लूटे। मामले में अदालत पहले ही गैर-जमानती वारंट जारी कर चुकी है। लेकिन शाह की अनुपस्थिति जारी रहने पर अदालत ने अब उनकी व सह-अभियुक्तों की संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।

### पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के मामले में आंशिक सुनवाई, आदेश सुरक्षित

**सीवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की संपत्ति जब्ती के मामले में भी सीवान की विशेष अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। 24 मई को बचाव पक्ष ने लालू प्रसाद को कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी से छूट देने का आवेदन दिया था, जिस पर अभियोजन को जवाब देना था। लेकिन अभियोजन अधिकारी के अवकाश पर रहने के कारण जवाब दाखिल नहीं हो सका। अदालत ने इस मामले में फिलहाल आदेश सुरक्षित रख लिया है।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार जीविका कर्मी घायल

मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मशरक थाना क्षेत्र के चंदेश्वर मोड़ के पास राम-जानकी पथ (227 ए) पर शुक्रवार को एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार जीविका कर्मी को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कर्मी को प्राथमिक उपचार के लिए मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान मशरक थाना क्षेत्र के खैरनपुर गांव निवासी शंकर महतो के पुत्र सत्यनारायण प्रसाद के रूप में हुई है। वह जीविका समूह से जुड़े हैं और घटना के समय मशरक स्टेशन रोड स्थित जीविका कार्यालय जा रहे थे। इसी दौरान चंदेश्वर मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गए। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुँचाया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भव्य कलश यात्रा के साथ श्री रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ, श्रद्धा व भक्ति का दिखा अद्भुत संगम

**अमनौर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अमनौर प्रखंड के कटसा पंचायत स्थित मानपुर अरना कोठी गांव में शुक्रवार को श्री रुद्र महायज्ञ और शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत इस कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होकर मानपुर गांव, मानपुर टोला, संदलपुर, रामचक, कटसा चौक होते हुए अरना कोठी होते हुए माही नदी तट तक पहुँची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भराई की विधि सम्पन्न कराई गई। इस दौरान सैकड़ों महिला और पुरुष



श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा के आगे हाथी, घोड़े, बैंड-बाजे और पारंपरिक नृत्य करते श्रद्धालुओं की टोली चल रही थी। पूरा वातावरण 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अमर राय, मुखिया प्रतिनिधि सुनील राय, गौतम साह, राकेश गुप्ता, रामप्रवेश ठाकुर, विकास राय, पप्पू सिंह, विकास सिंह, राम जिनीश सिंह समेत बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल हुए। यज्ञ आयोजन समिति के अनुसार यह महायज्ञ नौ दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन विशेष पूजा, प्रवचन, भजन-कीर्तन और हवन यज्ञ का आयोजन होगा। आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल है।

# जेएसबीसीएल को बंद कर उत्पाद सचिव मनोज कुमार को पद से हटाने व संपत्ति जांच कराने को ले मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**जेएसबीसीएल को बंद कराने के लिए हाईकोर्ट का खटखटाऊंगा दरवाजा : पंकज यादव**

**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उत्पाद विभाग में मचे हुए उत्पात अब थमने का नाम नहीं ले रहा है। पूर्व उत्पाद सचिव विनय चौबे सहित अन्य जेएसबीसीएल अधिकारीयों व कर्मियों को जेल भेजे जाने के बाद अब उत्पाद सचिव मनोज कुमार को पद से हटा कर उनके परिवार व सहयोगियों की संपत्ति की जांच एसीबी से कराने की मांग की जा रही है। सेंटर फॉर आरटीआई के अध्यक्ष पंकज कुमार यादव ने मुख्य सचिव अलका तिवारी को पत्र लिख कर राजस्व का नुकसान पहुंचाने वाले व गुणवत्ताहीन शराब सरकारी शराब दुकानों में पहुंचाने वाले जेएसबीसीएल को बंद करने की मांग की है। उत्पाद सचिव से लेकर जेएसबीसीएल के कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों तक का इस भ्रष्टाचार में सम्मिलित होने की बात पत्र में कही गयी है। पंकज यादव ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि झारखंड के उत्पाद विभाग में हुए 500 करोड़ से अधिक का भ्रष्टाचार हुआ है। झारखण्ड के राजस्व व स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले अधिकारी मनोज कुमार व उनके सहयोगी अधिकारी -पदाधिकरी, कर्मियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। जेएसबीसीएल का गठन झारखंड राज्य बिवरेजेज कार्पोरेशन द्वारा झारखण्ड राज्य में मदिरा के व्यवसाय पर कुछ गिने-चुने व्यापारिक संगठनों के एकाधिकार को समाप्त करने, उपभोक्ताओं को उनकी मांग के अनुसार उचित मूल्य पर शुद्ध व गुणवत्तायुक्त मदिरा उपलब्ध कराने व उत्पाद राजस्व में वृद्धि के लिए मदिरा के वितरण व थोक व्यवसाय के लिए झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कार्पोरेशन लि. का गठन किया गया था। परन्तु पिछले पांच सालों में जेएसबीसीएल भ्रष्टाचार का प्रोयगशाला बन कर रह गया है। यह संस्था ना सिर्फ झारखण्ड



के राजस्व का नुकसान कर रहा है बल्कि झारखंड की जनता का किडनी - लीवर भी खराब कर रहा है। जेएसबीसीएल के टॉप अधिकारियों की मदद से झारखंड के सरकारी दुकानों में गुणवत्ताहीन शराब की ताबड़-तोड़ बिक्री की गयी है। कई अवैध शराब फैक्ट्रियों में जेएसबीसीएल के अधिकारियों की हिस्सेदारी है। मैनपॉवर प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा फर्जी बैंक गारंटी जमा कर जेएसबीसीएल को 100 करोड़ से अधिक की राशि गबन करने में भी जेएसबीसीएल के अधिकारियों की मिलीभगत है। जेएसबीसीएल में कई अवैध शराब व्यापारी पर एफआईआर होने के बावजूद घूस लेकर एफआईआर को फाड़ देने की शिकायत संस्था को प्राप्त हुई है, जो जांच में स्पष्ट हो जायेगा।

पूर्व विभागीय सचिव विनय चौबे व उत्पाद कमिश्नर गजेंद्र सिंह जेल के सलाखों के पीछे हैं। कई अधिकारी व कर्मी अभी भी एसीबी के रडार पर हैं। शराब घोटाले के जद में आये एक एजेंसी के प्रतिनिधि ने अपने कबूलनामे में यह कहा है कि वर्तमान उत्पाद सचिव मनोज कुमार के सहयोगी को वह प्रति माह पचास लाख रुपये देता था। यह कबूलनामा सिर्फ एक एजेंसी के प्रतिनिधि की है। राज्य भर में टोटल छह प्लेसमेंट एजेंसी है। हर एजेंसी से लाखों रुपये की वसूली होती है। मनोज कुमार के कॉल डिटेल से अवैध शराब व्यवसाइयों व प्लेसमेंट एजेंसियों की मिली भगत का प्रमाण आसानी से मिल जाएगा। मनोज कुमार का भ्रष्टाचार से पुराना नाता रहा है। धनबाद के नगर आयुक्त रहते मनोज कुमार ने तीन करोड़ का भुगतान एक ठेकेदार को बिना कार्य किये कर दिया था। इस मामले में इनपर एफआईआर भी दर्ज हुई थी। वर्तमान में यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इस तरह उत्पाद सचिव मनोज कुमार ने करोड़ों की अवैध सम्पति अर्जित की है। अपने सम्बन्धियों के नाम से इन्वेस्टमेंट किया है। प्लेसमेंट एजेंसियों को मदद करने, अनुचित लाभ पहुंचाने व गड़बड़ी पकड़ आने के बावजूद एजेंसियों पर कार्रवाई ना करने के आरोप में मनोज कुमार समेत अन्य पर ऑनलाइन एफआईआर भी दर्ज है। पंकज यादव ने पत्र में लिखा है कि जेसबीसीएल के अधिकारियों ने कैसे राजस्व की हानि पहुंचायी व अपना फायदा पहुंचाया। उन्होंने इस संबंध में मुख्य सचिव को साक्ष्य उपलब्ध कराया है। उन्होंने मुख्य सचिव से कहा है कि एसीबी की जांच के जद में पूर्व विभागीय सचिव , उत्पाद सचिव से लेकर कॉन्ट्रैक्ट कर्मी भी हैं। ये भ्रस्टाचार में पूरी तरह से संलिप्त हैं। जेएसबीसीएल के अधिकतर अधिकारी, पदाधिकारी व कर्मी पर भ्रस्टाचार के दाग लग रहे हैं। क्योंकी जेएसबीसीएल उत्पाद विभाग को मॉनिटरिंग करने की जगह खूद व्यवसाय कर रहा है। नतीजा राजस्व की हानि व राशि की बंदरबाट हुई है। पंकज यादव ने मुख्य सचिव अलका तिवारी से आग्रह किया है कि राज्यहित में मनोज कुमार को पद से हटाते हुए जेएसबीसीएल को बंद करें। वे इसे बंद कराने के लिए जल्द ही हाई कोर्ट का रूख करेंगे।

## डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह बने सवर्ण आयोग बिहार के अध्यक्ष, सारण में हर्ष का माहौल

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह को सवर्ण आयोग, बिहार का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से पूरे राज्य सहित विशेषकर सारण प्रमंडल में हर्ष व उत्साह का माहौल है। जनता के बीच एक सरल, सजग व न्यायप्रिय नेता के रूप



में पहचान रखने वाले डॉ. सिंह वर्षों से समाज के सभी वर्गों के लिए समर्पित भाव से कार्य करते रहे हैं। उनके अनुभव व दृष्टिकोण से सवर्ण आयोग जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थान को नई दिशा मिलने की उम्मीद की जा रही है। उनकी नियुक्ति पर राज्यभर से बधाईयों का तांता लगा हुआ है। सारण प्रमंडल के राजनीतिक कार्यकर्ता, सामाजिक प्रतिनिधि व आम नागरिक विशेष रूप से प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं। उन्हें फोन, संदेश व व्यक्तिगत भेंट के माध्यम से लगातार शुभकामनाएं मिल रही हैं। राजग के अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख दलों के नेताओं ने भी उन्हें बधाई दी है। इनमें जदयू के जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू, भाजपा जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्र नाथ सिंह, भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह, रूपेश कुमार सिंह छोटू, लोजपा (रा) के प्रदेश महासचिव कामेश्वर सिंह मुन्ना, जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, हम पार्टी के जिलाध्यक्ष उज्ज्वल श्रीवास्तव, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अशोक कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान भोला सिंह, ई. प्रभाष शंकर, मोहम्मद फिरोज, कुसुम देवी, अद्धेंदु शेखर, संजीत कुमार सवर्णकार, विवेक सिंह, रमेश कुशवाहा, अधिवक्ता राजेश कुमार सिंह, पूर्व कुलसचिव रणजीत सिंह व ओमप्रकाश ओझा समेत कई गणमान्य लोग शामिल हैं। सभी का मानना है कि डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह अपने नेतृत्व में आयोग को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाएंगे और सामाजिक समरसता को मजबूती प्रदान करेंगे।

## सड़क सुरक्षा को ले एनसीसी कैडेट्स ने जुलूस निकालकर लोगों को किया जागरूक

**ट्रैफिक पुलिस के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने छह मुहान से रेड़मा चौक तक निकाला जुलूस**

**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सड़क सुरक्षा को लेकर ट्रैफिक प्रभारी के नेतृत्व में पलामू प्रमंडल के एनसीसी कैडेट्स ने लोगों को ट्रैफिक नियम पालन करने को ले जागरूक किया। कड़कड़ाती धूप व लहरों के थप्पड़ों के बावजूद एनसीसी कैडेट्स का जज्बा देखने लायक था। एनसीसी कैडेट्स दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट लगाने की गुजारिश कर रहे थे। इसी के साथ चार पहिया वाहनों को रोककर वाहन चालकों से सीट बेल्ट लगाने का अनुरोध किया। उन्होंने वाहन चालकों से किसी भी हालत में शराब पीकर गाड़ी नहीं चलने की हिदायत दी। छह मुहान से निकाली गई जागरूकता रैली कचहरी रोड से होते हुए रेड़मा चौक तक पहुंची। पुणः एनसीसी कैडेट्स ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद व एनसीसी 44 बटालियन के पदाधिकारियों के साथ रेड़मा चौक से ओवर ब्रिज होते हुए छह मुहान तक पहुंचे। मौके पर मौजूद पलामू गढ़वा लातेहार जिले के एनसीसी कैडेट्स व उनके पदाधिकारी के बीच पलामू के ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने कहा कि पलामू की पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार वे एनसीसी कैडेट्स के पदाधिकारियों से मिले व सड़क सुरक्षा को लेकर एनसीसी कैडेट्स द्वारा जागरूकता रैली निकालने का आग्रह किया। एनसीसी के पदाधिकारियों ने इसकी सहमति दी व आज सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकालकर वाहन चालकों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों की मां, बहन, बेटी व पत्नी उनका घर



**कड़ाके की धूप में भी लोगों को एनसीसी कैडेट्स ने किया जागरूक : ट्रैफिक प्रभारी**

पर इंतजार करते हैं। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि दो पहिया वाहन चालक अभी भी वगैर हेलमेट के वाहन चलाते हैं व दुर्घटना का शिकार होकर परलोक सिधार जाते हैं। कहा कि अधिकतर दुर्घटनाओं में देखा गया है कि जिन दो पहिया वाहन चालकों ने हेलमेट लगाया था उनकी दुर्घटना होने के बावजूद भी कुछ नहीं हुआ। लेकिन वगैर हेलमेट लगाए वाहन चालक दुर्घटना करते हैं तो सीधे मौत को गले लगा लेते हैं। ऐसे में घर की मां, बहन, बेटी व पत्नी की स्थिति नाजुक हो जाती है। वे कहीं की नहीं रहती। एक छोटी सी लापरवाही के चलते पूरा परिवार तबाह हो जाता है। इसलिए वे पलामू प्रमंडल के लोगों से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने का आग्रह करते हैं। इसी तरह कार वाहन चालक अगर सीट बेल्ट लगाएंगे तो दुर्घटना होने के बाद भी उनके शरीर को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा। वे बच सकते हैं। कहा कि आए दिन देखने को मिल रहा है कि युवा शराब पीकर गाड़ी चला रहे हैं। ऐसे में दुर्घटनाग्रस्त होकर वे अपने शरीर का अंग भंग तो करते ही हैं साथ ही दूसरे वाहनों में टक्कर मारकर उसके चालक को भी कहीं का नहीं छोड़ते। ऐसे में वे सभी वाहन चालकों से आग्रह करेंगे की हर हाल में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। मौके पर लगभग 100 की संख्या में एनसीसी कैडेट्स, ट्रैफिक पुलिस व उनके पदाधिकारी मौजूद थे।

## मशरक से लूटा गया ट्रैक्टर अमनौर से बरामद, हथियार के साथ पांच अपराधी गिरफ्तार

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र के दुमदुमा पोखरा के पास से लूटी गई ट्रैक्टर को पुलिस ने अमनौर से बरामद कर लिया है। मामले में अमनौर पुलिस ने हथियारों के साथ पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अमनौर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी कट्टा, गोली और



चाकू के साथ एकत्रित होकर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। साथ ही, वे 16 मई को मशरक के चरिहारा गांव निवासी ठेकेदार भूटन सिंह के चालक से लूटी गई ट्रैक्टर को खपाने की तैयारी में थे। सूचना के आधार पर अमनौर थाना की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बताये गये स्थान पर छापेमारी की। इस दौरान दो अपराधियों को एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त आशुतोष कुमार तिवारी उर्फ चुन्नु तिवारी की निशानदेही पर मशरक थाना क्षेत्र के दुमदुमा पोखरा से लूटी गई स्वराज ट्रैक्टर को बरामद कर लिया गया। मामले में मढ़ौरा के हसनपुरा निवासी आशुतोष कुमार तिवारी उर्फ चुन्नु कुमार (पिता-पवन तिवारी), पिंटू कुमार (पिता-रामनरेश राय), मढ़ौरा खुर्द के विशाल कुमार सिंह उर्फ कल्लू (पिता-अमर कुमार सिंह), नितीश कुमार उर्फ निखिल (पिता-उदय शंकर सिंह) तथा राहिमपुर निवासी दारोगा राय (पिता-स्व. दशरथ राय) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से लूटी गई ट्रैक्टर के अलावा एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और एक चाकू भी बरामद किया है। मामले की जांच जारी है।

## बालगृहों के बच्चों का एनडीए एक्वा एम्यूजमेंट वाटर पार्क एवं समाहरणालय में एक्सपोजर विजिट

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खूंटी के निदेर्शानुसार आज दिनांक 30 मई 2025 को जिले के सभी बालगृहों में आवासित बच्चों को बेलाहाथी रोड, खूंटी स्थित एनडीए एक्वा एम्यूजमेंट वाटर पार्क ले जाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न जल क्रीड़ाओं में हिस्सा लिया और दिनभर जमकर मनोरंजन किया। तीनों बालगृहों के बच्चों के आपसी मेल-मिलाप एवं संवाद से उनमें आपसी समझ और सामाजिक सहभागिता को बल मिला। कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों को दोपहर का पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया। इस विजिट के अंतर्गत बच्चों को प्रशासनिक कार्यप्रणालियों से अवगत कराने हेतु समाहरणालय खूंटी में विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने विशेष रूप से बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, समाज कल्याण विभाग तथा सामाजिक सुरक्षा कोषांग का दौरा किया, जिससे उन्हें प्रशासनिक प्रक्रियाओं को समझने का अवसर मिला। बच्चों ने इस अनुभव को अत्यंत उत्साहजनक बताया और आग्रह किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के एक्सपोजर विजिट्स कराए जाएं। इस पर प्रभारी पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा उन्हें आश्वस्त किया गया कि ऐसे विजिट्स नियमित अंतराल पर आयोजित किए जाएंगे। इस सफल आयोजन में एस.डी.एम. खूंटी के मार्गदर्शन में प्रभारी पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी, खूंटी सदर का विशेष योगदान रहा।

## स्वच्छ संपतचक, स्वस्थ संपतचक का दावा खोखला, कई वार्डों में नहीं हो रही नियमित सफाई

**सोशल मीडिया पर कूड़ा कचरा वाली जगह का फोटो डालकर स्थानीय नागरिक कर रहे हैं गुस्से का इजहार**

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संपतचक नगर परिषद भले ही स्वच्छता को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है. नगर परिषद क्षेत्र के कई वार्डों में नियमित सफाई भी नहीं हो रही है, जिससे स्थानीय नागरिकों में नाराजगी है. लोगों का कहना है कि सफाई कर्मी रोजाना नहीं आते और केवल चुनिंदा वार्डों में ही सफाई कार्य किया जा रहा है. स्थानीय निवासी अब अपने इलाके के कूड़ा कचरा वाले जगह का फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर डालकर अपने गुस्से नाराजगी का इजहार कर रहे हैं. सबसे बदतर स्थिति वार्ड संख्या 26 चकबैरिया की बताई जा रही है. स्थानीय निवासियों के अनुसार यहां 08 मई से लेकर आज तक कूड़ा उठाने कोई भी सफाईकर्मी नहीं आया है. स्थिति यह



है कि जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं और दुर्गंध से मोहल्ले का वातावरण दूषित हो गया है. लोगों का आरोप है कि सरकार ग्रामीण इलाकों को शहरी घोषित कर टैक्स तो वसूल रही है, लेकिन बुनियादी सुविधाएं देने में विफल है. कूड़ा उठाव, नालियों की सफाई, और नियमित सफाईकर्मियों की तैनाती जैसे जरूरी कामों में लापरवाही बरती जा रही है. सफाई एजेंसी द्वारा प्रति मजदूर पर जो खर्च दिया जाना चाहिए, वह भी पूरी तरह नहीं मिल रहा है. इसी वजह से कई सफाईकर्मी काम करने से कतरा रहे हैं. नतीजा यह है कि वार्डों में गंदगी का अंबार लग गया है और संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है. इस संबंध में नगर परिषद के सभापति अमित कुमार का कहना है कि संपतचक क्षेत्र को हाल ही में नगर परिषद का दर्जा मिला है.

## सभा आयोजित कर स्वर्गीय अमरेन्द्र सिंह को सारण्य महोत्सव परिवार ने दी श्रद्धांजलि

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण्य महोत्सव के मजबूत स्तम्भ रहे स्वर्गीय अमरेन्द्र सिंह की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सारण्य महोत्सव के अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय में किया गया। सभा का आयोजन सारण्य महोत्सव के तत्वावधान में हुआ, जहां उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। सभा की अध्यक्षता करते हुए सारण्य महोत्सव अध्यक्ष चंद्र प्रकाश राज ने कहा कि स्व. अमरेन्द्र सिंह एक सच्चे समाजसेवी थे, जिन्होंने अपना जीवन गरीबों, जरूरतमंदों और वंचितों की सेवा में समर्पित कर दिया था। उनकी मृत्यु समाज की अपूरणीय क्षति है। महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने कहा कि स्व. सिंह की समाजसेवा की भावना अद्वितीय थी। उन्होंने कभी हार नहीं मानी और समाज हित में लगातार सक्रिय रहे। उनके निष्ठा और समर्पण से हम सभी प्रेरित हैं। डॉ. सम्पूर्णानन्द सिंह ने कहा कि अमरेन्द्र सिंह ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण जैसे विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया। वहीं डॉ. सुरेश प्रसाद




सिंह ने कहा कि वे सदैव समाज के कमजोर वर्गों के साथ खड़े रहे और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे। सभा में वक्ताओं ने उनके कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सुभाष ओझा ने कहा कि आज हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज सेवा के पथ पर अग्रसर होना चाहिए। श्रद्धांजलि सभा में चंद्रप्रकाश राज, श्याम बिहारी अग्रवाल, अमन कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, डॉ. देवेश कुमार, डॉ शशि भूषण शाही, के के सिंह सेंगर, विनोद कुमार सिंह, डॉ. सम्पूर्णानन्द सिंह, राकेश कुमार मिश्रा, सुशील कुमार सिंह, सुभाष ओझा, पूर्व जिप सदस्य रूपेश सिंह, कुमार अर्नज, डॉ. सुरेश प्रसाद सिंह, लालू गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

## चिलबिली पंचायत भवन निर्माण में लाखों रुपये का घोटाला

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना के फुलवारी शरीफ प्रखंड के चीलबिली पंचायत में पंचायत भवन निर्माण में भारी भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है. मैं पंचायत भवन का निर्माण अभी जारी है और दीवारों में कमरों में जगह-जगह दरारें पड़ने लगी है.लोगों का कहना है कि इसमें घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया है. इस कार्य में ठेकेदार से लेकर इंजीनियर और विभाग के लोगों की संलिप्तता की जांच होनी चाहिए. यह भवन कभी भी धराशाई हो सकता है.यह मामला राजधानी पटना के फुलवारी शरीफ प्रखंड में सरकारी योजनाओं में हो रहे भ्रष्टाचार की गंभीर तस्वीर पेश करता है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस निर्माण कार्य में लाखों रुपये का दुरुपयोग हुआ है. लोगों का कहना है कि भवन निर्माण के लिए आवंटित राशि का सही उपयोग नहीं किया गया है.

## प्रधानाध्यापक प्रभार विवाद में दो शिक्षक आपस में भिड़े, मची अफरा-तफरी

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कौरुधौरु में शुक्रवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब दो प्रधानाध्यापक प्रभार को लेकर आपस में भिड़ गए। दोनों शिक्षकों के बीच पहले तीखी बहस हुई, फिर मामला हाथापाई और पटका-पटकी तक पहुँच गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। भयभीत महिला शिक्षिकाएँ और बच्चे कमरों में दुबक गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुँचे और बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि पहले जयप्रकाश साह प्रधानाध्यापक प्रभार में थे, लेकिन विभाग ने उन्हें प्रभारमुक्त कर शाहनवाज खान को नया प्रभारी बनाया। बावजूद इसके, जयप्रकाश साह उन्हें वित्तीय प्रभार सौंपने से कतरा रहे हैं। स्थानीय पूर्व बीडीसी





सदस्य विद्यासागर भगत, भोलू खान, संजय भगत, संजीव कुमार चौरसिया और मुकुंद कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि प्रभार को लेकर दोनों शिक्षकों में अक्सर विवाद होता रहता है, जिससे विद्यालय का पठन-पाठन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि दोनों शिक्षकों को तत्काल निलंबित कर अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए, अन्यथा वे आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि विद्यालय का गेट रात में भी खुला रहता है तथा कुछ शिक्षक देर रात तक परिसर में घूमते देखे जाते हैं। वहीं, कई शिक्षक पढ़ाई के समय स्कूल से गायब रहते हैं।

# बाबा रामदेव की कंपनी को सरकार का नोटिस

## संदिग्ध लेन-देन पर मांगा स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने बाबा रामदेव से जुड़ी कंपनी पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड से कुछ संदिग्ध लेनदेन पर स्पष्टीकरण मांगा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि कॉर्पोरेट अफेयर्स मिनिस्ट्री ने कंपनी को एक



नोटिस भेजा है। आर्थिक खुफिया विभाग को कंपनी के कुछ लेन-देन असामान्य और संदिग्ध लगे हैं। अब तक लेन-देन की रकम का खुलासा नहीं किया गया है क्योंकि जांच शुरुआती दौर में है। कंपनी को नोटिस का जवाब देने के लिए लगभग दो महीने का समय दिया गया है। मंत्रालय कंपनी के कामकाज और पैसे के इस्तेमाल की भी जांच करेगा। मंत्रालय ने इस बारे में तुरंत कोई जानकारी नहीं दी है। पतंजलि आयुर्वेद के प्रवक्ता ने भी कोई जवाब नहीं दिया है। यह पहली बार नहीं है जब पतंजलि आयुर्वेद पर सवाल उठे हैं। पिछले साल कंपनी पर टैक्स नहीं भरने और गलत तरीके से रिफंड मांगने के आरोप लगे थे। कोर्ट ने कंपनी को कुछ बीमारियों के इलाज के तौर पर अपने उत्पादों का विज्ञापन करने से भी रोक दिया था।

### लिस्टेड कंपनी

पतंजलि आयुर्वेद एक प्राइवेट कंपनी है। लेकिन इसकी एक यूनिट पतंजलि फूड्स लिमिटेड शेयर बाजार में लिस्टेड है। इस महीने इसके शेयरों में लगभग 10 प्रतिशत की गिरावट आई है। शुक्रवार को कारोबार के दौरान यह बीएसई पर करीब 3 फीसदी गिरावट के साथ 1691.10 रुपये पर आ गया था। पिछले साल कंपनी की एक यूनिट को सरकार से कारण बताओ मिला था। कोर्ट ने कंपनी को यह भी कहा था कि वह अपने उत्पादों को कुछ बीमारियों के इलाज के तौर पर न बेचे।

# बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी समेत 59 लोग शेयर बाजार में कारोबार करने से प्रतिबंधित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार नियामक सेबी ने बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी, उनकी पत्नी मारिया गोरेट्टी और 57 अन्य को प्रतिभूति बाजार से एक से पांच साल तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। यह प्रतिबंध यूट्यूब चैनलों पर भ्रामक वीडियो के जरिये निवेशकों को साधना ब्रॉडकास्ट के शेयर खरीदने की सलाह देने से संबंधित है। नियामक ने वारसी और उनकी पत्नी



मारिया पर 5-5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। गुरुवार को सेबी की ओर से पारित आदेश के अनुसार, बाजार नियामक ने दंपत्ति को प्रतिभूति बाजार से एक साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। सेबी ने साधना ब्रॉडकास्ट (अब क्रिस्टल बिजनेस सिस्टम लिमिटेड) के प्रमोटरों सहित 57 अन्य संस्थाओं पर 5 लाख रुपये से 5 करोड़ रुपये तक का जुर्माना भी लगाया है। प्रतिबंध के अलावा, सेबी ने इन 59 संस्थाओं को जांच अवधि के अंत से वास्तविक भुगतान की तारीख तक संयुक्त रूप से और अलग-अलग 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ 58.01 करोड़ रुपये के कुल अवैध लाभ को वापस करने का निर्देश दिया।

# हॉलमार्किंग अब और जिलों में लागू होगी

## सोने और चांदी के रेट में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्राफा बाजारों आज एक बार फिर सोने-चांदी के रेट में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। 24 कैरेट गोल्ड की कीमत आज जहां 210 रुपये प्रति 10 ग्राम गिरी है वहीं, चांदी के भाव में 1000 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। इस बीच खबर यह है कि सोने के आभूषणों पर हॉलमार्किंग को अब देश के और जिलों में भी अनिवार्य किया जाएगा। आज 24 कैरेट सोना बिना जीएसटी के 95315 रुपये के रेट से खुला।

वहीं, चांदी के रेट 97100 रुपये पर आ गए हैं। 3 प्रतिशत जीएसटी के साथ आज सोना 98174 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 100013 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रही है। सोने-चांदी के हाजिर भाव इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं। इनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास। अभी यह रेट दोपहर वाला



है। सर्राफा बाजारों आज एक बार फिर सोने-चांदी के रेट में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है।

24 कैरेट गोल्ड की कीमत आज जहां 210 रुपये प्रति 10 ग्राम गिरी है वहीं, चांदी के भाव में 1000 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। इस बीच खबर यह है कि सोने के आभूषणों पर हॉलमार्किंग को अब देश के और जिलों में भी अनिवार्य किया जाएगा। आज 24 कैरेट सोना बिना जीएसटी के 95315 रुपये के रेट से खुला। वहीं, चांदी के रेट 97100 रुपये पर आ गए हैं। 3 प्रतिशत जीएसटी के साथ आज सोना 98174 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 100013 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रही है।

### आभूषण हॉलमार्किंग अब और जिलों में लागू होगी

केंद्र सरकार के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भारतीय मानक ब्यूरो को निर्देश दिया है कि सोने के आभूषणों पर हॉलमार्किंग अब देश के और जिलों में भी अनिवार्य की जाए। फिलहाल यह सिर्फ 371 जिलों में लागू है। मंत्री जोशी ने कहा कि हॉलमार्किंग से ग्राहकों को शुद्ध सोना मिलने का भरोसा मिलता है। इसलिए अगले कुछ सालों में इसे और जिलों तक बढ़ाया जाएगा।

# बीएसएनएल का अजूबा: ग्राहक भागे, कर्मचारी फंड कम, फिर भी दो तिमाही में मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 18 साल के लंबे इंतजार के बाद, भारत संचार निगम लिमिटेड ने लगातार दो तिमाहियों में मुनाफा दिखाया। जनवरी-मार्च 2024 में 280 करोड़ और उससे पहले अक्टूबर-दिसंबर 2023 में 262 करोड़ का लाभ। पर यह सफलता कितनी वास्तविक है ऑडिटर से लेकर विशेषज्ञ तक इस पर सवाल उठा रहे हैं।




**मुनाफे के तीन छुपे हथियार-** कर्मचारी खर्च का जादू- बीएसएनएल ने अपने कर्मचारियों के वेतन/भत्तों में से 1,042 करोड़ को कैपिटल वर्क-इन-प्रोग्रेस खाते में डाल दिया। यानी इस खर्च को तुरंत न गिनकर भविष्य की संपत्ति के निर्माण में लगा दिया। इससे उसका तात्कालिक खर्च कम दिखा। जमीन-इमारतों की बिक्री- कंपनी ने अपनी संपत्तियां बेचकर 1,120 करोड़ कमाए, जो पिछले साल से 77 प्रतिशत ज्यादा है। स्पेक्ट्रम के पैसे का नया हिसाब- स्पेक्ट्रम की लागत के हिसाब का तरीका बदलकर यूनिट-बेस्ड एमॉर्टाइजेशन अपनाया। इससे 1,186 करोड़ का घाटा कम हो गया। पेंशन फंड में छेद- कर्मचारियों की ग्रेच्युटी के लिए 501.5 करोड़और लीव एनकैशमेंट के लिए 82.2 करोड़ फंड कमहैं। यानी भविष्य में पैसों का संकट।

**सरकारी पैसे का गड़बड़झाला-** सरकारी प्रोजेक्ट्स के लिए मिले 3,018 करोड़ में से सिर्फ 1,138 करोड़ बैंक में बचे। 1,880 करोड़ का हिसाब नहीं मिला। बीएसएनएल का बहाना, इन्वॉइस पेंडिंग हैं।

**मुख्य कारोबार ठप-** मोबाइल और इंटरनेट से आमदनी में कोई बड़ी बढ़त नहीं। टेलीकॉम विशेषज्ञ पराग कर कहते हैं , 280 करोड़ का मुनाफा ऑपरेशन्स से नहीं, ज़मीन बेचने से आया।

# अडानी की कंपनी में एलआईसी ने किया 5000 करोड़ रुपये का निवेश




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी सरकारी बीमा कंपनी, लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन की 5,000 करोड़ रुपये की लोन बॉन्डपूरी खरीद ली है। यह कदम अडानी पोर्ट्स की उस रणनीति को दिखाता है जिसमें वह महंगे और छोटी अवधि के कर्ज को सस्ते और लंबी अवधि के कर्ज से बदल रहा है। एलआईसी और अडानी पोर्ट्स ने इस खबर पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

यह बॉन्ड गुरुवार को जारी हुआ और इसकी अवधि 15 साल है। इसमें निवेशक को सालाना 7.75 प्रतिशत का ब्याज (कूपन रेट) मिलेगा। यह अडानी ग्रुप द्वारा हाल के महीनों में जारी किया गया सबसे लंबी अवधि का घरेलू बॉन्ड है।

### महंगे कर्ज को सस्ते कर्ज से बदलने के रास्ते की तलाश

अडानी पोर्ट्स लगातार महंगे कर्ज को सस्ते कर्ज से बदलने के रास्ते तलाश रही है। कंपनी अपना ब्याज बोझ घटाने और नकदी प्रवाह को बेहतर बनाने के लिए लंबी अवधि के बॉन्ड जारी करने पर जोर दे रही है। अडानी पोर्ट्स पर 36,422 करोड़ रुपये का कर्ज 31 मार्च तक, अडानी पोर्ट्स का कुल शुद्ध कर्ज (नेट डेब्ट) 36,422 करोड़ रुपये था। उसकी कमाई 20,471 करोड़ रुपये थी। इस हिसाब से कंपनी का कर्ज-कमाई अनुपात (नेट डेट-टू-ईबीटीडीए) 1.78 गुना है, जो पिछले साल के 2.3 गुना से बेहतर है। अडानी पोर्ट्स के पोर्ट्स कुल 63.3 करोड़ मीट्रिक टन माल ढोने की क्षमता रखते हैं। पिछले साल उन्होंने 45 करोड़ मीट्रिक टन माल की ढुलाई की। कंपनी के भारत में 15 बंदरगाह/टर्मिनल हैं, साथ ही इस्राइल, तंजानिया, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका में भी उसकी एक-एक संपत्ति है।

एलआईसी इस बॉन्ड के एकमात्र खरीदार हैं। पहले से ही एलआईसी के पास अडानी पोर्ट्स की 8.06 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# कमजोर बाजार में यह स्टॉक 8 प्रतिशत चढ़ा


**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमजोर बाजार के बाद भी जिन कंपनियों के शेयरों में उछाल देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में शुक्रवार को 8 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में यह उछाल वित्त मंत्रालय की तरफ से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को दिए एक सलाह के बाद दर्ज की गई है। वित्त मंत्रालय ने आरबीआई को सलाह दी है कि स्मॉल गोल्ड लोन लेने वाले लोगों का हित नई ड्राफ्ट की गाइडलाइन से प्रभावित ना हो।

वित्त मंत्रालय ने अपनी सलाह सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी है। फाइनेंस मिनिस्ट्री ने पोस्ट करते हुए लिखा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से नए ड्राफ्ट की गाइडलाइंस को जांचने के बाद सलाह दी गई है कि 2 लाख रुपये तक लोन लेने वाले कर्जदाताओं पर कोई बुरा असर ना पड़े। वित्त मंत्रालय ने इन छोटे कर्जदाताओं को इससे बाहर रखने की सलाह दी है। जिससे उन्हें समय पर लोन और जल्दी से लोन दिया जा सके।

**शेयर बाजार में कैसा रहा है कंपनी का प्रदर्शन-** बीते एक साल में इस कंपनी के शेयरों की कीमतों में 32 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स में 10 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। 5 साल में कंपनी के शेयरों का भाव 157 प्रतिशत बढ़ा है।

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में लगातार स्थिति मजबूत कर रहा भारत

### चीन को चुनौती देने वाला एकमात्र देश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** फैबलेस चिप बनाने वाली कंपनी थर्ड आईटेक की सीईओ वृंदा कपूर ने कहा, दशकों से वैश्विक प्रौद्योगिकी दिग्गजों ने भारत में बड़े अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित किएहैं।इस कारणबनी इस अद्वितीय बढ़त ने देश को वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षमता में, खासकर रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स में चीन के प्रभुत्व को चुनौती देने की स्थिति में रखा है। रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स में 2030 तक चीन की हिस्सेदारी 65 फीसदी रहने की संभावना है।

भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में लगातार अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।कुशल कार्यबल के साथभारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जो सेमीकंडक्टर उद्योग में चीन के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकता है।खास बात है कि दुनिया की कुल सेमीकंडक्टर डिजाइन प्रतिभा का 20 फीसदी तीन भारतीय शहरों बंगलूरू, हैदराबाद और पुणे में स्थित है। क्वालकॉम का 5जी चिप 100 फीसदी भारत में डिजाइन किया गया था। फैबलेस चिप बनाने वाली कंपनी थर्ड आईटेक की सीईओ वृंदा कपूर ने कहा, दशकों से वैश्विक प्रौद्योगिकी दिग्गजों ने भारत में बड़े अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित किएहैं।इस कारणबनी इस अद्वितीय बढ़त ने देश को वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षमता में, खासकर रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स में चीन के प्रभुत्व को चुनौती देने की स्थिति में रखा है। रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स में 2030 तक चीन की हिस्सेदारी 65 फीसदी रहने की संभावना है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन-2025 में कपूर ने कहा, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखलाओं में चीन के तेजी से विस्तार (2004 से 600 फीसदी वृद्धि) के बावजूद भारत के कुशल इंजीनियरों और डिजाइनरों का विशाल पूल महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धी बढ़त रखता है।

### एआई बदलाव लाने में सक्षम, तैयार रहें उद्योग: वैष्णव

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीआईआई के कार्यक्रम में कहा, आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक वास्तविकता है और यह लंबे समय तक बनी रहने वाली है। एआई से समाज और विभिन्न उद्योगों में बड़े पैमाने पर बदलाव लाने में सक्षम है।हर उद्योग को इन बदलावों के लिए तैयार रहने और उनके अनुकूल होने की जरूरत है। उन्होंने कहा, अतीत में जिस तरह इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक्स ने समाज की दिशा को बदला है, कुछ उसी तरह एआई भी बहुत बड़ा बदलाव लेकर आएगा।

# सुजलॉन एनर्जी को 365 प्रतिशत मुनाफा

### 5 साल में एक लाख के 25 लाख रुपये बना चुका है शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुजलॉन एनर्जी ने एक बड़ी घोषणा की। कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही (क्त्र4एफवाय25) में उसका मुनाफा बहुत बढ़ गया है। पिछले साल के मुकाबले इस साल 365 प्रतिशत ज्यादा मुनाफा हुआ है। पिछले साल यह मुनाफा 254 करोड़ रुपये था। कंपनी की कमाई भी बढ़ी है। यह 73 प्रतिशत बढ़कर 3,773 करोड़ रुपये हो गई है। पिछले साल इसी समय यह 2,179 करोड़ रुपये थी। इस कंपनी का शेयर 5 साल में 25 गुना रिटर्न दे चुका है।

अगर पिछली तिमाही से तुलना करें, तो भी कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। क्त्3एफवाय25 में मुनाफा 387 करोड़ रुपये था। इस बार यह 205 प्रतिशत बढ़कर ज्यादा हो गया है। कंपनी की कमाई भी 27 प्रतिशत बढ़ी है। पिछली तिमाही में यह 2,969 करोड़ रुपये थी। पूरे साल की बात करें तो वित्त वर्ष 25 में कंपनी का मुनाफा 2,072 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल यह 660 करोड़ रुपये था। इस तरह मुनाफे में काफी बढ़ोतरी हुई है। कंपनी की कमाई भी 67 प्रतिशत बढ़कर 10,851 करोड़ रुपये हो गई है। पिछले साल यह 6,497 करोड़ रुपये थी।

### कंपनी का खर्चा भी बढ़ा




कंपनी का खर्चा भी बढ़ा है। इस तिमाही में कंपनी ने 3,274 करोड़ रुपये खर्च किए। पिछली तिमाही में यह 2,611 करोड़ रुपये था। पिछले साल इसी तिमाही में यह 1,927 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कच्चा माल खरीदने, कर्मचारियों को सैलरी देने और अन्य खर्चों में पैसे लगाए।

### कैसा रहा शेयर का प्रदर्शन

सुजलॉन एनर्जी का शेयर एक मल्टीबैगर शेयर साबित हुआ है। इसने 5 साल में निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है। 5 साल पहले इसकी कीमत 2.57 रुपये थी। गुरुवार को यह 1.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65.42 रुपये पर बंद हुआ। ऐसे में इसका 5 साल का रिटर्न करीब 2445 फीसदी रहा है। अगर आपने 5 साल पहले इसके एक लाख रुपये के शेयर खरीदे होते तो उनकी वैल्यू आज 25 लाख रुपये से ज्यादा होती।

### क्या बढ़ेगी कीमत

सुजलॉन एनर्जी के शेयर में पिछले कुछ समय से गिरावट आ रही है। इसका 52 हफ्ते का हाई 86.04 रुपये है। यह पिछले साल 12 सितंबर को था। तब से लेकर अब तक इन 8 महीनों में इसमें करीब 24 फीसदी की गिरावट आई है। चूंकि कंपनी को अब चौथी तिमाही में मुनाफा हुआ है। ऐसे में मान सकते हैं कि इसके शेयर में फिर से तेजी आ सकती है।

# पिता से मिली प्रेरणा, प्लास्टिक के कचरे के साथ किया कुछ ऐसा कि होने लगी करोड़ों की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** किसी भी स्टार्टअप की कहानी समस्या के समाधान से जुड़ी होती है। ऐसी ही एक समस्या और उसका समाधान ढूंढ निकाला दिल्ली के कारोबारी मोहम्मद सुहैल ने। सुहैल ने प्लास्टिक के कचरे से निपटने के लिए अथर पैकेजिंग सॉल्यूशंस की स्थापना की। वे इसे कंपोस्टेबल पैकेजिंग में बदलते हैं। पर्यावरण के प्रति उनकी मजबूत प्रतिबद्धता है। उनका व्यवसाय अब सालाना 1.3 करोड़ रुपये कमा रहा है।

भारत में हर साल प्लास्टिक के कचरा काफी इकट्ठा हो जाता है। यह कचरा काफी लोगों के लिए समस्या खड़ी कर देता है। इस समस्या से निपटने के लिए दिल्ली के 32 वर्षीय उद्यमी मोहम्मद सुहैल आगे आए। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में 200 टन इंडस्ट्रियल प्लास्टिक कचरे को लैंडफिल तक पहुंचने से रोका है। यानी इतना कचरा उन्होंने रीसायकल किया। इससे 300 टन ष्टह्र2 उत्सर्जन को कम किया। यह हमारे कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और एक अधिक टिकाऊ भविष्य में योगदान करने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सुहैल पुरानी दिल्ली की संकरी गलियों में पले-बढ़े हैं। उनके पिता वहां एक मजदूर के रूप में काम करते थे। अपने पिता को बेकार पड़े पॉलिएस्टर और



कागज से पैकेजिंग सामग्री बनाते देखकर उनके मन में हमेशा यह सवाल उठता था कि क्या बेकार चीजें रोजमर्रा की जिंदगी में बेहतर भूमिका निभा सकती हैं। यहीं से उनके दिमाग में कारोबार का पहला विचार आया।

### क्या करती है कंपनी

सुहैल ने साल 2020 में अथर पैकेजिंग सॉल्यूशंस की स्थापना की। वे टिकाऊ विकल्प प्रदान करके बढ़ते कचरे की समस्या का समाधान करना चाहते थे। अपने पिता की सामग्री को फिर से उपयोग करने की प्रेरणा से 32 वर्षीय सुहैल ने प्लास्टिक रीसायकल की क्षमता पर ध्यान केंद्रित किया। वे कहते हैं, छह महीने के शोध के बाद हमने पाया कि केवल तीन प्रकार के प्लास्टिक, यानी स्रुक्कश्व, द्धष्ठक्कश्व और स्रुष्ठ प्लास्टिक को टिकाऊ पैकेजिंग में रीसायकल किया जा सकता है। अब उनकी यह कंपनी प्लास्टिक को प्रीमियम पैकेजिंग प्रोडक्ट जैसे पाउच में बदलती है।

# संकट से जूझ रही जेनसोल ने ब्लूस्मार्ट कैब्स लोन का मई में नहीं किया पेमेंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोलर कंपनी जेनसोल इंजीनियरिंग को इलेक्ट्रिक कैब सर्विस ब्लूस्मार्ट के संस्थापकों ने बढ़ावा दिया था। इस महीने, जेनसोल ने अपने कुछ खास निवेशकों (जिन्हें पीटीसी होल्डर्स कहते हैं) को लगभग 4 करोड़ रुपये वापस नहीं लौटाए। यानी, उसने भुगतान करने में चूक (डिफॉल्ट) कर दी। आखिरी सफल भुगतान अप्रैल महीने में हुआ था।



जेनसोल ने पैसे जुटाने के लिए पास-थ्रू सर्टिफिकेट्स नाम के खास तरह के लोन प्रमाणपत्र जारी किए थे। इन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ग्रिप इन्वेस्ट के जरिए छोटे निवेशकों को बेचा गया था। सोचिए, ये एक तरह के ऐसे लोन हैं, जो किसी चीज (यहां ब्लूस्मार्ट की कारें) को गिरवी रखकर लिए जाते हैं।

**गिरवी क्या रखा था कैसे चुकाना था-** जेनसोल ने इन पीटीसी लोन के बदले ब्लूस्मार्ट प्लेटफॉर्म पर चलने वाली 76 इलेक्ट्रिक कारों को गिरवी रखा था। योजना यह थी कि जब ये कारें ब्लूस्मार्ट पर चलेंगी और कमाई करेंगी, तो उसी कमाई से निवेशकों को पैसे वापस किए जाएंगे।

**फिर समस्या क्यों आई-** मुश्किल यह हुई कि ब्लूस्मार्ट की कैब सर्विस बंद हो गई। जेनसोल ङ्कद्गह्ल जैसी दूसरी राइड-हेलिंग कंपनियों या कार फ्लीट चलाने वालों से बातचीत कर रही थी ताकि ये कारें फिर से चल सकें और कमाई शुरू हो, लेकिन ये सौदे अभी तक पूरे नहीं हुए। कारें खड़ी हैं, कमाई नहीं हो रही, और लोन चुकाने के लिए पैसा नहीं है।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 30-05-2025 21:52 Page 1



# निजी लैबों की लापरवाही से बढ़ रहे मरीज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** कोरोना के मामलों में वृद्धि के बीच, राज्य सरकार ने सतर्कता बरतने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

अस्पतालों और जांच लैबों को नोटिफाइड डिजिज की जानकारी समय पर देने का सख्त निर्देश दिया गया है। इसके बावजूद, कई निजी लैब इस निर्देश का पालन नहीं कर रही हैं।

बुधवार को राजधानी के एक निजी लैब से दो लोगों में कोविड-19 की पुष्टि हुई, लेकिन प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं दी गई। अगर जानकारी दी गई होती तो यहां पर कुल तीन लोग संक्रमित माने जाते। इससे स्वास्थ्य विभाग में यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि कुल संक्रमितों की संख्या क्या है।

जिला के सिविल सर्जन ने बताया कि सभी जांच लैबों और अस्पतालों को कोरोना की जांच के परिणामों की जानकारी तुरंत मेल के माध्यम से भेजनी चाहिए। यदि जानकारी नहीं दी जाती है, तो संबंधित संस्थान पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

इसके लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति पॉजिटिव पाया जाता है और उसे घर में क्वारंटाइन रहने की सलाह दी जाती है, तो उसकी जानकारी भी मुख्यालय को भेजी जानी चाहिए। इससे मरीज की पूरी जानकारी मिल सकेगी और उसके संपर्क में आने वालों की पहचान की जा सकेगी।

जिला प्रशासन ने कोविड संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए लोगों से मास्क पहनने और सतर्क रहने की अपील की है।

प्रशासन ने कहा है कि यदि आप भीड़-भाड़ वाली जगह पर हैं या आपको बहती नाक, गले में खराश, सिरदर्द या बुखार जैसे लक्षण हैं, तो मास्क पहनना अनिवार्य है।

2023 के एम्स/आईसीएमआर-कोविड-19 नेशनल टास्क फोर्स के दिशा-निर्देशों के अनुसार, हल्के लक्षण वाले लोगों को घर पर आइसोलेट रहना चाहिए। यदि किसी को फ्लू के लक्षण हैं, तो उन्हें शारीरिक दूरी बनाए रखनी चाहिए और हाथों की स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए।

हल्के मामलों का प्रबंधन आमतौर पर आराम, तरल पदार्थ और लक्षणों से राहत देने वाली दवाओं से किया जा सकता है। लोगों को हाइड्रेटेड रहना चाहिए, अपने तापमान और आक्सीजन स्तर की निगरानी करनी चाहिए और डॉक्टर के संपर्क में रहना चाहिए। यदि सांस लेने में कठिनाई हो, आक्सीजन स्तर 93 प्रतिशत या उससे कम हो जाए, या तेज बुखार हो, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग या जिनमें हृदय रोग, मधुमेह, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, तपेदिक, पुरानी फेफड़े, गुर्दे या यकृत की बीमारी या मोटापे की समस्या है, उन्हें विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

# जमशेदपुर में संक्रमित मरीज मिलने से हड़कम्प

## बेंगलुरू से आयी थी संक्रमित महिला


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर में कोरोना का एक संदिग्ध मरीज मिलने से हड़कंप मच गया है। स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी मिलते ही उसका नमूना लेकर जांच के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेजा है।

रिपोर्ट 48 घंटे के अंदर आने की संभावना है। कदमा निवासी 44 वर्षीय महिला 25 मई को बेंगलुरु से आई थी। इसके बाद उसे बुखार के साथ सर्दी-खांसी और उल्टी हो रही थी।

बढ़ती परेशानी को देखते हुए महिला को सोनारी स्थित एक अस्पताल में ले जाया गया। वहां पर चिकित्सकों को संदेश होने पर एंटीजन जांच कराया, जिसमें कोरोना की पुष्टि हुई है।

हालांकि, स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जब तक



आरटीपीसीआर रिपोर्ट नहीं आ जाती तब तक कुछ कहा नहीं जा सकता है। मरीज का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है।

वहीं, मरीज को होम आइसोलेशन में रखा गया है। चिकित्सकों ने उसे होम आइसोलेशन के गाइडलाइंस का पालन करने को कहा है। ताकि संक्रमण के फैलाव को रोका जा सके।

# बहाने बनाकर घरों में घुस रहे चोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर और आसपास क्षेत्र में कुछ माह से एक ऐसा शातिर गिरोह सक्रिय है जो महिलाओं और वृद्धों को किसी ना किसी झांसे में रखकर उलझाते है। फिर घर में प्रवेश कर जाते है।

मौका पाकर बेहोशी की दवा स्प्रे कर पांच मिनटों में आभूषण लेकर फुर्र हो जा रहे है। गिरोह ने हाल के दिनों में बागबेड़ा में दो महिलाओं और आदित्यपुर में रिटायर सिविल सर्जन को निशाना बनाया।

वृद्धा पी नागमणि ने बताया कि दोनों बदमाशों की उम्र करीब 35 से 40 साल के बीच थी। दोनों ने चंदन-टीका लगा रखा था। कभी देहाती तो कभी शुद्ध हिंदी में बात कर रहे थे। पुलिस को जांच-पड़ताल में शातिरों का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस के हाथ लगा, लेकिन पुलिस उन तक नहीं पहुंच पा रही है।

भुक्तभोगी परेशान है। घटना को अंजाम देने वाले शातिर स्टाइलिश कपड़े और जूते पहने नजर आते है और हाथ में बैग भी टांग कर रखते है। शायद देखकर कोई शक भी नहीं करें कि वे ऐसी घटना कर सकते है।

29 अप्रैल 2025 को बागबेड़ा थाना क्षेत्र हरहरगुट्ठू के प्रेमकुंज सोसाइटी निवासी वृद्धा पी नागमणि की सोने की कंगन लेकर दो बदमाश भाग निकले थे।

वृद्धा के घर में दो बदमाश पहुंचे थे। खुद को सफाई का पाउडर बेचने वाला बताया। कहा कि इस पाउडर से फ्रिज चमका देंगे। इसके बाद घर में घुस गए। मौका पाकर वृद्धा पर बेहोशी की दवा स्प्रे कर दिया। इसके बाद उनके हाथ से सोने के दोनों कंगन निकाल कर बदमाश भाग निकले थे। कंगन की कीमत एक लाख रुपये है।

बागबेड़ा कालोनी 30 अप्रैल को वृद्धा अन्नू के घर में घुसकर बदमाश ने बेहोशी की दवा स्प्रे कर उसे बेहोश कर दिया। गले से सोने की चेन और दोनों हाथ के कंगन लेकर भाग निकला। घर में बच्चों के रहने के कारण जो मिला बदमाश वो लेकर भाग निकला।

# 645 कर्मचारियों के खिलाफ बेदखली का आदेश

## 1994 से 1997 में 1000 क्वार्टर हुए थे आवंटित

### नोटिस जारी होने से कर्मियों में मचा हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिंदरी।** पीपी कोर्ट ने एफसीआई सिंदरी के आवासों में अवैध रूप से रह रहे बीसीसीएल के 645 कर्मचारियों के खिलाफ गुरुवार को इविक्शन ऑर्डर पारित कर दिया है।

एफसीआई के रांगामाटी स्थित विभिन्न श्रेणी के 645 आवासों में अवैध रूप से रह रहे सभी बीसीसीएल कर्मियों को न्यायालय में हाजिर होने का नोटिस जारी किया गया था। अधिकांश नोटिस धारक न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए।

कोर्ट ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए सभी अवैध कब्जा धारकों के खिलाफ इविक्शन ऑर्डर पारित कर दिया। रैन बसेरा खाली होने के अंदेशे से सभी बीसीसीएल कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है।

एफसीआई के वित्तीय और प्रशासनिक सलाहकार देवदास अधिकारी ने बताया कि एफसीआई प्रबंधन ने 1994 से 1997 के बीच बीसीसीएल प्रबंधन को सिंदरी में 1000 क्वार्टर आवंटित किया था। एफसीआई के इन आवासों में बीसीसीएल कर्मचारी रहते थे। आवासों और बिजली विपत्र को लेकर विवाद में एफसीआई प्रबंधन ने 2009 से 2014 के मध्य में सभी




आवासों का आवंटन रद कर दिया। आवंटन रद होने के बावजूद बीसीसीएल कर्मी एफसीआई के आवासों में रह रहे थे। उन्होंने बताया कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन के लिए एफसीआई प्रबंधन जिला प्रशासन का सहयोग लेगी।

# अवैध गन फैक्ट्री मामले में नए खुलासे

**धनबाद।** महुदा थाना क्षेत्र के सिंगड़ा बस्ती में उजागर हुई अवैध गन फैक्ट्री मामले में पुलिस जांच ने नए खुलासे किए हैं। बरामद हथियारों की संख्या से कहीं अधिक तैयार हथियार पहले ही बिक चुके थे। पुलिस का मानना है कि इन हथियारों की आपूर्ति झारखंड के कोयलांचल क्षेत्र के साथ-साथ बंगाल और बिहार के अपराधियों को की गई है।

सुरक्षा एजेंसियों की प्राथमिकता उन खरीददारों तक पहुंचने की है, जो इन अवैध हथियारों का इस्तेमाल कर सकते हैं या कर चुके हैं।

जांच में यह सामने आया है कि मुर्शिद अंसारी और मुंगेर के चार हथियार कारीगरों द्वारा पिछले छह महीनों में करीब 70 से अधिक देशी पिस्तौल तैयार किए गए थे, जबकि छापेमारी के दौरान 30 के आसपास हथियार, अर्धनिर्मित सामग्री और उपकरण बरामद हुए।

इसका सीधा अर्थ है कि लगभग 40 से अधिक हथियार पहले ही बिक चुके हैं और उनका उपयोग आपराधिक गतिविधियों में हो

# कई ट्रेनों में जोड़े जायेंगे अतिरिक्त डिब्बे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रांची रेल मंडल ने गर्मी के मौसम में यात्रियों की बढ़ती भीड़ और प्रतीक्षा सूची में बढ़ोतरी को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ प्रमुख ट्रेनों में अस्थायी रूप से अतिरिक्त कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। इससे उन यात्रियों को राहत मिलेगी, जो टिकट नहीं मिलने के कारण यात्रा नहीं कर पा रहे थे।

रेलवे प्रशासन ट्रेन संख्या 18603 रांची-गोड्डा एक्सप्रेस में 29 मई, 31 मई और 3 जून 2025 को द्वितीय श्रेणी स्लीपर का एक अतिरिक्त कोच जोड़ा जाएगा। इसी प्रकार 18611 रांची-वाराणसी एक्सप्रेस में 29 मई, 30 मई और 31 मई 2025 को स्लीपर श्रेणी का एक अतिरिक्त डिब्बा लगाया जाएगा। वहीं, ट्रेन संख्या 18640 रांची-आरा एक्सप्रेस में 29 मई, 31 मई और 2 जून 2025 को अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दी जाएगी।

यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रेलवे ने कई ट्रेनों का परिचालन आईसीएफ कोच के स्थान पर अत्याधुनिक एलएचबी कोच से करने का निर्णय लिया है।

12 जुलाई से पटना से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13348 पटना-बरकाकाना पलामू एक्सप्रेस और 13 जुलाई से बरकाकाना से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13347 बरकाकाना-पटना पलामू एक्सप्रेस में यह परिवर्तन किया



जाएगा। इन ट्रेनों में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 कोच, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 04 कोच, शयनयान श्रेणी के 06 कोच और साधारण श्रेणी के 06 कोच शामिल होंगे। एलएचबी कोच यात्रियों को अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान करते हैं। स्टेनलेस स्टील से बने इन कोचों का वजन हल्का और मजबूती में आईसीएफ कोचों से बेहतर होता है।

इन कोचों में आधुनिक सीबीसी कपलिंग और एंटी-क्लाइम्बिंग विशेषताएं सुरक्षा को बढ़ाती हैं, जिससे दुर्घटनाओं के दौरान कोच एक-दूसरे पर चढ़ने से बचते हैं। बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम, सस्पेंशन और शौचालय जैसी सुविधाओं के साथ, एलएचबी कोच से सुसज्जित ट्रेनों में यात्रा करना सुरक्षित और आरामदायक है। यह जानकारी मोहम्मद इकबाल, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी ने दी है।

# मछली पालन करने वालों को सरकार देगी ब्याज मुक्त लोन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए मत्स्य विभाग की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही है। राज्य में अभी साढ़े तीन लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन हो रहा है। राज्य के मछली पालक किसानों को योजनाओं का लाभ देकर मछली का उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

अब तक खेती करने के लिए ही किसानों को केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) लोन का लाभ मिलता था, लेकिन अब राज्य में मछली पालन करने वाले किसानों को भी इसका लाभ मिल रहा है।

किसान मछली पालन करने के लिए पांच लाख रुपये तक का केसीसी लोन ले पाएंगे। पहले यह राशि तीन लाख रुपये थी, जिसे बढ़ाया गया है। यह लोन भी ब्याज मुक्त होगा, इसका लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा, जो लोन की राशि का किस्त वार भुगतान करेंगे।

केसीसी लोन प्राप्त करने के लिए किसान को किसी प्रकार की गारंटी की जरूरत नहीं होगी। मछली पालक किसान को बस अपने पहचान से संबंधित दस्तावेज के साथ संबंधित जिला के मत्स्य पदाधिकारी की सत्यापन की जरूरत होगी। राज्य में मछली पालन करने वाले 1559 किसानों का केसीसी लोन स्वीकृत किया गया है। राज्य में कुल 3044 किसानों ने केसीसी लोन लेने के बैंक को आवेदन दिया था। जिसमें अभी तक 1559 का लोन स्वीकृत हुआ है। शेष अभी लंबित है। उक्त लोन उन्हीं मछली पालक किसान को मिलेगा, जो विभाग की ओर से बनाई गई समितियों से संबंधित होंगे। उनका समिति में पंजीयन होगा।

इसके बाद जिला मत्स्य पदाधिकारी लोन के आवेदन को सत्यापित करेंगे। इसके लिए बैंकों की ओर से लोन की राशि निर्धारित की गई है। जिसमें केज, तालाब, मछली का बीज उत्पादन, बतख पालन सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं।

मत्स्य विभाग के निदेशक डॉ. एचएन द्विवेदी की माने तो अभी तक मछली पालकों में जागरूकता की कमी होने के कारण लोन के लिए कम ही आवेदन आए हैं।

उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से इसका प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। जिन्हें लोन प्राप्त करना है। वह अपने जिला के मत्स्य पदाधिकारी के यहां संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय मछली विकास बोर्ड के वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन कर सकते हैं। यहां पर निबंधन करने पर विभाग की ओर से दी जा रही सभी सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

# मुआवजा लंबित रहने से लोगों में बढ़ रहा रोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेरमो।** विस्थापित संघर्ष समिति गोमिया की बैठक समिति के अध्यक्ष विनय महतो की अध्यक्षता में पलिहारी गुरुडीह पंचायत भवन में शुक्रवार को हुई।

समिति के अध्यक्ष विनय महतो ने कहा कि गोमिया में रेल ओवरब्रिज निर्माण हमारी प्राथमिकता व सपना है।

बैठक में गोमिया रेल ओवर ब्रिज के निर्माण से होने वाले विस्थापित एवं स्थानीय जनता उपस्थित थी। समिति के सचिव राकेश कुमार ने गोमिया में निमार्णाधीन रेल ओवरब्रिज के निर्माण एवं इससे होने वाले विस्थापितों के मुआवजा भुगतान से संबंधित रिपोर्ट पेश की।

कुमार ने कहा कि गोमिया में रेल ओवरब्रिज का वर्षों पुरानी मांग है। ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल भी रहा है लेकिन दूसरी तरफ इस ओवरब्रिज के निर्माण के लिए अधिग्रहण की जाने वाली भूमि का मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया लंबित है।

मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया लंबित रहने से विस्थापितों में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि रेल ओवरब्रिज के निर्माण में अधिग्रहण की जाने वाली भूमि पर गोमिया के रैयतों का अधिकार है।

इस भूमि का मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया को बगैर पूरा किए उक्त भूमि पर निर्माण कार्य किया जाना संभव नहीं है। विस्थापित अपने अधिकार के लिए एकजुट हैं।

उन्होंने कहा कि गोमिया में रेल ओवरब्रिज का निर्माण भी होगा और यहां के रैयतों को मुआवजा का भुगतान भी होगा।

बैठक में मुकेश कुमार, मनोज स्वर्णकार, सूरज कुमार, चमन प्रजापति, रोशन सोनी, अरविंद कुमार, आदित्य स्वर्णकार, अजय कुमार, सुनील कुमार, अर्जुन साव, संजय पासवान, रामचंद्र यादव, किशोर कुमार आदि शामिल थे।

# टीबी मरीजों को सरकार देगी छह हजार रुपये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सभी टीबी मरीजों को पोषण के लिए एकमुश्त छह हजार रुपये चार दिनों के भीतर उनके बैंक खाते में हस्तांतरित होंगे। छह माह की यह राशि निक्षय पोषण योजना के तहत मरीजों के पोषण के लिए होगी। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने चार दिनों के भीतर उक्त राशि हस्तांतरित करने के निर्देश सभी सिविल सर्जनों को दिए हैं।

वे शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि सभी जिले आनेवाले चार दिनों में अपने जिले के सभी टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत पोषाहार राशि का भुगतान कर दें।

चार दिनों के बाद फिर वे इसकी समीक्षा करेंगे। सभी पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत बनाना है। कोशिश होनी चाहिए कि अतिशीघ्र सभी पंचायत टीबी मुक्त हो जाएं।

# बैठक में टेम्पो चालकों को ड्रेस कोड में रहने का निर्णय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन की संयुक्त बैठक गोला रोड स्थित यूनियन कार्यालय में शनिवार को आयोजित की गई।बैठक में मुख्य अतिथि यातायात प्रभारी गजेंद्र पांडे और अरुण कुमार सिन्हा मौजूद थे।

बैठक में रामगढ़ में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने में वाहन चालकों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई।

जिसमें निर्णय लिया गया कि सभी टेंपो चालक यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन में दाहिनी ओर रॉड लगाकर लाक कर देंगे, ताकि दाहिनी और से कोई पैसेंजर न उतरे।

इसके अलावा सभी चालकों के लिए ड्रेस कोड भी लागू किया जाएगा। ताकि रामगढ़ में यातायात व्यवस्था दुरुस्त रहे और जुमार्ना किसी पर न लगे। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा और संचालन बलजीत सिंह बेदी ने किया।

बैठक में पुलिस विभाग के मुन्ना सिंह, शंकर प्रसाद, समेत मोहम्मद सलीम, राजू पासवान, धर्मेंद्र कुमार, बारिक खान, मंटू खान, अब्दुल रशीद, प्रदीप मुंडा, शंकर रजक, मोहम्मद करीम, मोहम्मद सलीम, निर्मल करमाली, अशोक बडेरा, अनिल नायक, सहित ओरमांझी लाइन, रांची लाइन, भुरकुंडा, पतरातू, घाटो, कूज्जू, बरकाकाना, सारूबेड़ा आदि लाइन के कई यूनियन प्रतिनिधि और वाहन चालक आदि मौजूद थे।

# रिटायर्ड अधिकारी से 1.39 करोड़ रुपये की साइबर ठगी मामले में तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** सीआईडी साइबर अपराध थाना पुलिस ने बोकारो के एक सेवानिवृत्त लोक उपक्रम अधिकारी से 1.39 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामले में तेलंगाना और मिजोरम से तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपितों में तेलंगाना के हैदराबाद के बी. इस्साक अहमद, कुन्नापुल्ली सुब्रमण्या शर्मा और मिजोरम के आइजोल के लालदुहासांगा शामिल हैं।

इनके पास से चार मोबाइल, चार सिम, पांच एटीएम कार्ड, एक लैपटॉप, तीन चेकबुक, पैन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, व्हाट्सएप चैट, और कुनापली इंपेक्स प्राइवेट लिमिटेड की सील बरामद हुई।

आरोपितों ने व्हाट्सएप कॉल के जरिए खुद को सीबीआई, एनसीबी,



और एनआईए का अधिकारी बताकर पीड़ित को मनी लॉन्ड्रिंग में फंसाने की धमकी दी।

डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर पीड़ित से बैंक खाता ब्यौरा लिया और 1.39 करोड़ रुपये ठग लिए। जांच में पता चला कि कुन्नापुल्ली सुब्रमण्या शर्मा दुबई के एक साइबर अपराध सिंडिकेट से जुड़ा था, जो रैकबैंक दुबई में प्रोपराइटरशिप फर्मों और भारतीय बैंक खातों के जरिए ठगी करता था।

पीड़ित ने बीते 14 मई को रांची के साइबर अपराध थाने में प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस ने बैंक खातों के विश्लेषण और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपितों को पकड़ा।

कुनापली इंपेक्स प्राइवेट लिमिटेड के आईसीआईसीआई बैंक खाते में एक दिन में 1.72 करोड़ रुपये जमा हुए थे। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर इस खाते से जुड़ी 11 राज्यों में 15 शिकायतें दर्ज हैं, जिनमें झारखंड, बंगाल, तमिलनाडु, गोवा, बिहार, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। यस बैंक खाते से जुड़ी तीन शिकायतें भी मिलीं।

साइबर अपराधी वीडियो कॉल पर सरकारी वर्दीधारी व्यक्ति का वीडियो दिखाकर पीड़ित को मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामलों में फंसाने की धमकी देते हैं। डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर वे बैंक खाता ब्यौरा लेते हैं और राशि ट्रांसफर करवाते हैं।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे ऐसे कॉलों पर भरोसा न करें, क्योंकि सरकारी एजेंसियां वीडियो कॉल के जरिए गिरफ्तारी नहीं करतीं। अनजान लोगों को बैंक विवरण न दें और तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# झारखण्ड-बिहार के बीच नई रेल लाइन शुरू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बिहार के औरंगाबाद जिले के बारुण के सोन नगर जंक्शन और झारखंड के पलामू के मोहम्मदगंज के बीच तीसरी रेल लाइन का उद्घाटन शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। इस नई रेल लाइन पर ट्रेनें अब दौड़ने लगी हैं।

रेलवे के अनुसार, इस तीसरी रेल लाइन से मालगाड़ियों के संचालन की क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे नबीनगर के एनटीपीसी की बिजली परियोजनाओं में कोयले की आपूर्ति सुगम होगी। कोयला लदी मालगाड़ियों को अब कहीं रुकना नहीं पड़ेगा, जिससे रेल यात्रियों की यात्रा भी सुलभ होगी और यात्रा का समय कम होगा।

यह रेलखंड डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) के लिए एक फीडर रूट के रूप में कार्य करेगा। बगहा बिशुनपुर स्टेशन यार्ड में रेलवे के साथ कनेक्टिविटी प्रदान की गई है, जिससे लौह अयस्क, कोयला, उर्वरक, सीमेंट और चीनी आदि का परिवहन बढ़ेगा।

तीसरी रेल लाइन भारी मालगाड़ियों की आवाजाही को सक्षम बनाएगी, जिससे अतिरिक्त यात्री ट्रेनों और मालगाड़ियों का सुचारू संचालन संभव होगा।

सासाराम और अनुग्रह नारायण रोड के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का उद्घाटन भी किया गया है, जो नई दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेनों की गति बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। इससे मौजूदा लाइन की क्षमता में वृद्धि होगी और अधिक ट्रेनों का परिचालन संभव होगा।


**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: एमसी–ट्रक हायर–टीकेएसवाईजेएस–25, दिनांक 29.05.2025,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (सीएचजी. एवं टी/एस), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** 2 वर्ष के लिए कैरिज एवं वैगन विभाग, पूर्व रेलवे, हावड़ा के अधीन लिलुआ वर्कशॉप से वापसी सहित आईसीएफ/एलएचबी कोच ट्रॉली और व्हील सेट के परिवहन हेतु लिलुआ (सॉर्टिंग यार्ड) डिपो में इस्तेमाल करने के लिए 16 टन क्षमता के 4 अदद 10–व्हीलर फ्लैट ट्रक, टिकियापाड़ा डिपो में इस्तेमाल करने के लिए 16 टन क्षमता के 4 अदद 10–व्हीलर फ्लैट ट्रक और जेएस डिपो में इस्तेमाल करने के लिए 30 टन क्षमता के 2 अदद ट्रेलर ट्रक को किराये पर लेना। **निविदा मूल्य :** रु. 6,99,84,653.04 मात्र। **बयाना राशि जमा की जाएगी :** रु. 4,99,900/– मात्र। **अनुबंध की अवधि :** कार्य आरंभ होने की तिथि से 24 माह। **बोली की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 19.06.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा को ऑनलाइन जमा करने के लिए वेबसाइट का विवरण : www.ireps.gov.in**


HWH-111/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का 77 वर्ष की आयु में निधन

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का गुरुवार को क्राइस्टचर्च में 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ट्रिस्ट के निधन की पुष्टि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने की है। ट्रिस्ट का न्यूजीलैंड को साल 2000 की चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में अहम रोल रहा है। ये आईसीसी ट्रॉफी कीवी टीम ने ट्रिस्ट की कोचिंग में ही जीती थी। ट्रिस्ट कैंटरबरी के पूर्व तेज गेंदबाज थे, जिन्होंने 1968 से 1982 तक 14 साल के खेल करियर के दौरान 24 प्रथम श्रेणी मैच और छह लिस्ट ए मैच खेले। ट्रिस्ट ने 1999 से 2001 तक दो साल न्यूजीलैंड की पुरुष टीम को कोचिंग दी और 15 अक्टूबर 2000 को नैरोबी में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी जिताई, जो टीम का एकमात्र वैश्विक व्हाइट बॉल खिताब है। फाइनल में न्यूजीलैंड ने क्रिस केर्न्स के नाबाद शतक की मदद से भारत को चार विकेट से हराया था।



न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा, पूर्व ब्लैककैप्स कोच डेविड ट्रिस्ट के निधन की पुष्टि करते हुए एनजीसी को गहरा दुख हुआ है, जिनका कल क्राइस्टचर्च में 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। कैंटरबरी और न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड ने 1999 से 2001 तक ब्लैककैप्स को कोचिंग दी, जिस दौरान उन्होंने नैरोबी में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। एनजीसी डेविड के परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है। अपने प्रथम श्रेणी के करियर में ट्रिस्ट ने 57 विकेट लिए और 1972 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में विक्टोरिया के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिए खेले। न्यूजीलैंड की भूमिका छोड़ने के बाद, ट्रिस्ट क्राइस्टचर्च के ओल्ड कॉलेजियंस क्रिकेट क्लब के कोचिंग डायरेक्टर बन गए और साथ ही भारत और इंग्लैंड में भी काम किया। इससे पहले उन्होंने 1989-1993 के दौरान कैंटरबरी के साथ और विदेशों में दक्षिण अफ्रीका, नीदरलैंड और हांगकांग में सफलता हासिल की थी। उन्होंने 1989 में ईस्टर्न प्रोविंस को दक्षिण अफ्रीका का खिताब दिलाया और नीदरलैंड को कोचिंग दी, फिर स्वदेश लौटकर कैंटरबरी और ऑकलैंड को कोचिंग दी।

**आरसीबी इन आईपीएल फाईनलः**

# क्या आरसीबी फिर बनेगा आईपीएल फाइनल का चोकर?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल इतिहास की सबसे चर्चित और इमोशनल टीमों में शुमार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू एक बार फिर खिताब के मुहाने पर खड़ी है. 2009, 2011 और 2016 में फाइनल तक का सफर तय करने के बावजूद यह टीम खिताब से चूक गई थी.



आईपीएल की शुरुआत के बाद से अब तक एक पीढ़ी बदल गई है, लेकिन आरसीबी टीम आज तक आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है. इस बार आईपीएल में जिस तरह से खेली है, उसने कई रिकॉर्ड भी बनाए हैं. मसलन वो 18 सालों के इतिहास में पहली ऐसी टीम बनी, जिसने अपने सभी होम अवे (दूसरी वेन्यू) गेम जीते. यानी ई साला कप नामदे जिसका मतलब है कि इस साल कप हमारा है वाली बात सच साबित हो सकती है. ई साला कप नामदे कन्नड़ भाषा का स्लोगन है, जो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फैन्स बीच बेहद पॉपुलर है. पंजाब को 29 मई को हुए क्वालिफायर 1 में पटखनी देने के बाद आरसीबी ने आईपीएल 2025 फाइनल का टिकट सिक्योर कर लिया है. ऐसे में आरसीबी की उम्मीदें एक बार फिर आसमान पर हैं, इस बार यह टीम नए कप्तान रजत पाटीदार के नेतृत्व में इतिहास रचने की दहलीज पर है. पर, आरसीबी की टीम के साथ इतिहास के पन्नों में तमाम किंतु जुड़े हुए हैं. ये पुराने पन्ने आरसीबी को आईपीएल फाइनल में मिली हार की याद दिला रहे हैं. क्या इस बार कप्तान पाटीदार की अगुवाई में आरसीबी फाइनल के चोकर के टैग को मिटा पाएगी? या फिर ये फाइनल भी बीते फाइनल्स की तरह होगा, यह देखने वाली बात होगी. क्योंकि आईपीएल फाइनल में जाकर यह टीम चोकर बन जाती है. टीम के डरावने रिकॉर्ड इस बात की बानगी हैं. यानी एक बात साफ है कि आरसीबी कई बार आईपीएल चैम्पियनबनने की कगार पर पहुंची है, लेकिन फाइनल फ्रंटियर उनसे क्रॉस नहीं हुआ है.

ऐसे में यह सवाल होगा कि क्या इस बार यह टीम चोकर (चोकर का मतलब क्रिकेट के लिहास से उस टीम के लिए होता है जो अहम मौकों पर, खासकर बड़े मुकाबलों में या फाइनल में जीत के बेहद करीब पहुंचकर भी हार जाता है) का टैग हटा पाएगी या नहीं...

**एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिपः**

# अविनाश ने रचा इतिहास 36 साल बाद 3000 मीटर स्टीपलचेज में गोल्ड दिलाया, मेडल टैली में भारत दूसरे नंबर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने गुरुवार को एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में मेंस 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट में गोल्ड जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने 8:20.92 सेकंड का समय निकालकर 36 सालों बाद भारत को इस इवेंट में गोल्ड मेडल दिलाया। एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 साउथ कोरिया के गुमी में जारी है। भारत ने पिछली बार 1989 में इस इवेंट में गोल्ड जीता था, तब दीना राम ने ये कारनामा किया था। वहीं 1975 में हरबेल सिंह स्टीपलचेज में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। साउथ कोरिया के गुमी में जारी इस चैंपियनशिप में जीत के बाद साबले ने कहा, मुझे गोल्ड मेडल जीतने का पूरा भरोसा था, क्योंकि मैं इस क्षेत्र में बेस्ट था। ज्योति ने भी गोल्ड जीता ज्योति याराजी ने 100 मीटर के हर्डल रेस को महज 12.96 सेकंड में पूरा करके गोल्ड मेडल जीता। ज्योति का पिछला रिकॉर्ड 12.99 सेकंड का था। भारत ने अब तक 14 मेडल जीते भारत 26वें एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अब तक अलग-अलग कॉम्पटीशन में 14 मेडल जीत चुका है। पॉइंट्स टेबल में देश दूसरे पायदान पर हैं। भारत ने 5 गोल्ड, 6 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज जीते हैं। इससे पहले 2023 सीजन में भी भारत ने 4×400 मीटर मिक्स्ड रिले में गोल्ड मेडल जीता था।




# आरसीबी से हार के बाद खिलाड़ियों को खुद पर संदेह करने से बचना चाहिए :गेंदबाजी कोच

**मुल्लांपुर, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग के क्वालीफायर एक में खराब प्रदर्शन के बावजूद 11 साल में पहली बार फाइनल में पहुंचने की उम्मीद लगाए पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी खिताबी मुकाबले में पहुंचने के अपने अगले प्रयास से पहले 'खुद पर संदेह करने से बचें।

पंजाब किंग्स ने अपने आक्रामक खेल के साथ लीग चरण में शीर्ष स्थान हासिल किया लेकिन बृहस्पतिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उसे आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। टीम के पास रविवार को दूसरा क्वालीफायर जीतकर फाइनल में जगह पक्की करने का एक और मौका मिलेगा। होप्स ने इस करारी शिकस्त के बाद कहा, 'हमारे बल्लेबाजों के लिए सबसे बुरी यह हो सकती है कि वे खुद पर संदेह करने लगे। उन्होंने कहा, 'हमने शुरुआती ओवर में अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन उसके बाद लगातार विकेट गंवाते रहे। यह जरूरी है कि हम इस प्रदर्शन को पीछे छोड़कर आगे बढ़े। हमें कल (शुक्रवार) यात्रा करनी है और रविवार को एक और मैच खेलना है और अब हम इसे कठिन तरीके से करने जा रहे हैं।




उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि हम मंगलवार रात (फाइनल) को फिर से आरसीबी से भिड़ेंगे। तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों ने जरूरत से ज्यादा आक्रामक रवैया अपनाया जिससे टीम 101 रन पर आउट हो गयी। चोट से वापसी कर रहे जोश हेजलवुड और लेग स्पिनर सुयश शर्मा ने तीन-तीन विकेट लेकर पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया। होप्स ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो हमने बल्ले से बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन अब हमारे पास फाइनल में पहुंचने का एक और मौका है। हमने दूसरा मौका पाने का अधिकार हासिल करने के लिए दो महीने से कुछ अधिक समय तक काम किया है और उम्मीद है कि हम इस मौके का फायदा उठाएंगे। उन्होंने कहा कि टीम को अहमदाबाद की पिच रास आएगी।

होप्स ने कहा, 'ऐतिहासिक रूप से यह (अहमदाबाद) बल्लेबाजी के लिए एक बहुत अच्छी पिच है और हम जानते हैं कि हमें काफी मेहनत करनी होगी और काफी तेजी से रन बनाने होंगे।

# आईपीएल2025 के फाइनल में पहुचकर बोले आरसीबी के सुयश शर्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के क्वालीफायर 1 मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने न्यू चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स पर 8 विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज करते हुए 2016 के बाद पहली बार फाइनल में जगह बनाई। जीत के मुख्य कारकों में एक लेग स्पिनर सुयश शर्मा का शानदार प्रदर्शन था। उन्होंने 17 रन देकर 3 विकेट लिए जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। मैच के बाद सुयश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोचों के एक मंत्र को दिया जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें लगातार कोचों का समर्थन मिला और उन्हें स्टंप्स पर हिट करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा गया। सुयश ने मैच के बाद कहा, कोच ने मुझे सिर्फ एक बात बताई है- मुझे स्टंप्स पर हिट करना है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं गुगली, लेगब्रेक या फ्लिपर फेंकता हूं। इसलिए मैं स्टंप्स पर ज़्यादा से ज़्यादा गेंदें डालने की कोशिश करता हूं। पिच से कुछ मदद मिल रही थी। मुझे लगता है कि इसीलिए मेरी गुगली को समझना आसान नहीं था। जब पंजाब पहले से ही 5 विकेट पर 59 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था, तब आक्रमण पर आते हुए सुयश ने मजबूत शुरुआत को जारी रखी। उनकी दूसरी गेंद एक अच्छी तरह से निष्पादित गुगली, शशांक सिंह को चकमा दे गई, जो लाइन के पार एक बड़ा स्विंग करने से चूक गए। इससे पहले उन्होंने स्टोइनिस को बोल्ड किया था। डेब्यू करने वाले मुशीर खान को पंजाब किंग्स के इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में क्रीज पर भेजा गया। लेकिन युवा खिलाड़ी का पहला आईपीएल मैच निराशाजनक रहा और सुयश ने उन्हें एक और गुगली पर सिर्फ तीन गेंदों में उन्हें एलबीडब्ल्यूआउट कर दिया।



**नॉर्वे शतरंजः**

# गुकेश ने कारुआना को हराया, चौथे राउंड के बाद मैग्नस कार्लसन सबसे आगे



**स्टावेंजर, एजेंसी।** विश्व के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने भारतीय नंबर 2 अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ अंतिम गेम में शानदार जीत के साथ अपनी क्लास दिखाई। पिछले दो राउंड में दो आर्मागेडन गेम हारने वाले नॉर्वेजियन सुपरस्टार ने घरेलू मैदान पर इस जीत के साथ एकल बढ़त बना ली।

विश्व चैंपियन डोमाराजू गुकेश और विश्व नंबर 3 फैबियानो कारुआना के बीच बाजी में, अमेरिकी लगभग पूरे गेम में आगे चल रहे थे, उनके पास जीतने के काफी मौके थे। हालांकि, गुकेश के शानदार रक्षात्मक कौशल के कारण वे अपने लाभ को भुना नहीं सके। इसके बाद गुकेश ने आर्मागेडन गेम को आसानी से जीत लिया। इससे पहले, विश्व चैंपियन गुकेश ने तीसरे राउंड में विश्व नंबर 2 हिकारू नाकामुरा को हराया, और शानदार प्रदर्शन के साथ अपने खिताब की दावेदारी को मजबूत किया। पहले दो राउंड में दो हार के बाद भारतीय प्रतिभा के लिए यह जीत इससे बेहतर पल नहीं हो सकती थी। नॉर्वे शतरंज के पहले दिन गुकेश को दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन के हाथों हार का सामना करना पड़ा। फिर वह तनाव भरे अखिल भारतीय मुकाबले में अर्जुन एरिगैसी से हार गए, लेकिन विश्व चैंपियन ने तीसरे राउंड में नाकामुरा पर जीत और कारुआना के खिलाफ चौथे राउंड में जीत के साथ वापसी की।

चीनी स्टार वेई यी के खिलाफ विश्व नंबर 2 हिकारू नाकामुरा के बीच मुकाबला उनके क्लासिकल हिस्से में एक कड़ा, रोमांचक ड्रॉ रहा। वेई यी ने आखिरकार आर्मगेडन टाईब्रेक में जीत हासिल की, जिससे सभी महत्वपूर्ण अतिरिक्त अंक हासिल हुए। नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में एक और एक्शन से भरपूर दिन देखने को मिला, जिसमें नवागंतुक सरसादत खादेमालशारिह ने टिंगजी लेई के खिलाफ निर्णायक जीत दर्ज की। यह नॉर्वे शतरंज में उनकी पहली जीत थी, जो एक रोमांचक आक्रामक प्रदर्शन के माध्यम से हासिल की गई। शेष दो गेम, अन्ना मुजीचुक बनाम वैशाली रमेशबाबू, और विश्व चैंपियन वेनजुन जू बनाम हम्पी कोनेरू, आर्मगेडन में तय किए गए, जो महिलाओं के क्षेत्र की जबरदस्त प्रतिस्पर्धी प्रकृति को उजागर करता है, जहां हर अंक मायने रखता है।वैशाली रमेशबाबू और वेनजुन जू ने अपने आर्मगेडन मैचों में जीत हासिल की, जिससे महत्वपूर्ण अतिरिक्त अंक अर्जित किए। नॉर्वे शतरंज दुनिया के प्रमुख शतरंज टूर्नामेंटों में से एक है, जो एक विशिष्ट 6-खिलाड़ी डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में शीर्ष पुरुष और महिला खिलाड़ियों को एक साथ लाता है।

**3 मैच खेलने वाले खिलाड़ी ने ऐसे दिया पछाड़**

# हार गए वैभव सूर्यवंशी!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के दौरान वैभव सूर्यवंशी का नाम छाया रहा है. छाए भी कैसे नहीं, इतनी विस्फोटक बैटिंग जो की है. सिर्फ 14 साल की उम्र में वो किया है, जो बड़े -बड़े खिलाड़ी नहीं कर सके हैं. राजस्थान रॉयल्स भले ही आईपीएल 2025 के ग्रुप स्टेज से बाहर हो गई मगर वैभव सूर्यवंशी के लिए ये सीजन विन-विन वाला रहा है.

बहरहाल, हम यहां बात कर रहे उन्हें मिली हार. वैभव सूर्यवंशी को सिर्फ 3 मैच खेलने वाले खिलाड़ी ने हरा दिया है. अब आप सोच रहे होंगे कि वैभव को हार मिली तो किस चीज में? और किसने उन्हें हराया? आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स का सफर थमने के बाद वैभव सूर्यवंशी का सेलेक्शन अंडर 19 टीम में हुआ है. भारत की अंडर 19 टीम इंग्लैंड दौरा 24 जून से शुरू होने वाला है. जिसका हिस्सा वैभव सूर्यवंशी भी हैं. इंग्लैंड जाने से पहले इंडिया अंडर 19 टीम का कैंप बेंगलुरु में लगा है.



**3 मैच खेलने वाले खिलाड़ी से हारे वैभव सूर्यवंशी!**

अब आते हैं वैभव सूर्यवंशी को मिली हार पर. जिस मामले में 3 मैच खेलने वाले खिलाड़ी से हार का सामना करना है, उसका ताल्लुक आईपीएल 2025 के प्रदर्शन से ही जुड़ा है. दरअसल, एक वक्त वैभव सूर्यवंशी का स्ट्राइक रेट आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा था.

लेकिन, ग्रुप स्टेज के मुकाबले खत्म होने के बाद हाईएस्ट स्ट्राइक रेट की फाइनल लिस्टिंग में वैभव सूर्यवंशी पिछड़ गए. उन्हें 3 मैच खेलने वाले खिलाड़ी उरविल पटेल ने पछाड़ दिया.

**वैभव का स्ट्राइक रेट- 206.55, उरविल का 212.50 का**

राजस्थान रॉयल्स से खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी का स्ट्राइक रेट अ 2025 में खेले 7 मैचों में 206.55 का रहा, वहीं सिर्फ 3 मैच खेलने वाले सीएसके के उरविल पटेल ने 212.50 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए. इस तरह उरविल पटेल आईपीएल 2025 में सर्वाधिक स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाज भी रहे. वहीं वैभव को नंबर 2 पर रहना पड़ा.

**इंडिया-इंग्लैंडः**

# समय से पहले इंग्लैंड पहुंचेगा भारत का सबसे अनुभवी बल्लेबाज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टेस्ट टीम में सबसे सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल 6 जून से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया ए के लिए दूसरा अभ्यास मैच खेलेंगे। राहुल सोमवार को इंग्लैंड रवाना होंगे। 18 सदस्यीय टेस्ट टीम के सदस्य राहुल ने चयनकर्ताओं को सूचित किया कि वह अभ्यास मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे क्योंकि उनकी आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स क्वालिफायर के लिए क्वालिफाई करने में विफल रही थी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, वह सोमवार को फ्लाइट लेंगे और इंडिया ए टीम के साथ दूसरा अभ्यास मैच खेलेंगे। चूंकि वह सीनियर टीम का हिस्सा हैं, जो सीरीज में पांच टेस्ट मैच खेलेगी, इसलिए इन मैचों से उन्हें गेम टाइम और मैच प्रैक्टिस मिलेगा।

# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 238 रन से रौंदा

**बर्मिंघम, एजेंसी।** इंग्लैंड के सीमित ओवरों के नए कप्तान के रूप में हैरी ब्रूक का कार्यकाल एजबेस्टन में वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय मैच में 238 रनों की बड़ी जीत के साथ शुरू हुआ। इंग्लैंड के शुरुआती 7 बल्लेबाजों ने 35 या उससे अधिक रन बनाए। एकदिवसीय मैचों में पहली बार हुआ था जब शुरुआती सात बल्लेबाजों ने 35 या उससे अधिक रन बनाए। ब्रूक उन चार खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने अर्धशतक जड़ा। इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 400 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज को 27वें ओवर में 162 रन पर आउट कर दिया।

मध्यम गति के गेंदबाज साकिब महमूद (32 रन पर तीन विकेट) ने शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया जबकि तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन (22 रन पर तीन विकेट) ने पुछल्ले बल्लेबाजों को चलता किया। इंग्लैंड के पास रविवार को कार्डिफ में जीत के साथ सितंबर 2023 के बाद से पहली बार एकदिवसीय द्विपक्षीय श्रृंखला को अपने नाम करने का मौका होगा। इस श्रृंखला का तीसरा और आखिरी मैच मंगलवार को ओवल में होगा।



वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने तेज गेंदबाजों के लिए माकूल परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया लेकिन उनके गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन से घरेलू टीम ने शुरुआत में ही दबदबा बना लिया। पहली बार एक साथ पारी का आगाज कर रहे बेन डकेट (60) और जैमी स्मिथ (37) सात ओवर में 64 रन की साझेदारी कर इंग्लैंड को तेज शुरुआत दिलाई। जो रूट ने 57 जबकि ब्रूक ने 58 रन का योगदान दिया। टीम की रनगति ने हालांकि उस समय उड़ान भरी जब बारबडोस में जन्में जैकब बेथल ने 53 गेंद में आठ चौके और पांच छक्के की मदद से 82 रन की पारी खेली।

इंडियन प्रीमियर लीग से यहां लौटे बेथल ने विल जैक्स (24 गेंद में 39 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 44 गेंद में 98 रन की विस्फोटक साझेदारी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाये। टीम 12वें ओवर में 66 रन पर चार विकेट गवांकर मैच से लगभग बाहर हो चुकी थी। सबसे निचले 11वें क्रम पर बल्लेबाजी के लिए सिल्स नाबाद 29 रन के साथ टीम के सर्वोच्च स्कोरर रहे। होप ने 25 और केसी कार्टी ने 22 रन का योगदान दिया।

# हैरी ब्रूक ने 4000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे किए



**बर्मिंघम, एजेंसी।** हैरी ब्रूक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और अपने उभरते करियर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 26 वर्षीय ब्रूक ने बर्मिंघम में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे के दौरान 4,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे किए और सभी प्रारूपों में इंग्लैंड के लिए 49वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। ब्रूक ने मैच में 45 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 58 रनों की पारी खेली जिससे इंग्लैंड को व्हाइट-बॉल कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में शानदार जीत हासिल करने में मदद मिली। उनके प्रदर्शन ने उनकी नेतृत्व क्षमता और एक भरोसेमंद मध्य-क्रम बल्लेबाज के रूप में उनके महत्व को रेखांकित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल टीचर से रेप, साथी ने अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर 4 साल तक बनाया शिकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से सटे गुरुग्राम में एक स्कूल टीचर को साथी द्वारा ब्लैकमेल कर चार साल तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़ित टीचर का आरोप है कि आरोपी ने उसके आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बनाए हुए थे, जिसके आधार पर वह उसे ब्लेकमेल कर सालों से दुष्कर्म कर रहा था।

महिला टीचर की शिकायत के आधार पर थाना भोंडसी पुलिस ने इस सिलसिले में मामला दर्ज किया है। भोंडसी पुलिस में शिकायत देकर एक महिला ने बताया कि वह एक प्राइवेट स्कूल में टीचर है। इस स्कूल में 2021 में मध्य प्रदेश के ग्वालियर का रहने वाला अजीत प्रताप कुशवाह नौकरी करता था। फिलहाल वह भोंडसी इलाके की भिवानी एंक्लेव कॉलोनी में रहता है।

**मानसिक, शारीरिक, आर्थिक तौर पर प्रताड़ित करने का आरोप:** आरोप है कि स्कूल में बातचीत करने के दौरान उनके बीच दोस्ती हो गई थी। 6 नवंबर, 2021 को आरोपी अजीत प्रताप कुशवाह ने फोन करके उसे अपनी तबीयत खराब होने के बारे बताया। इस पर वह उसके लिए दवा लेकर मिलने के लिए उसके घर चली गई। आरोप है कि वहां अजीत ने कोल्डड्रिंक में कोई नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। बेहोश होने के बाद आरोपी ने इसका फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, उसने उसके अश्लील फोटो और वीडियो भी बना ली। आरोप है कि इसके बाद अजीत उसे मानसिक, शारीरिक, आर्थिक तौर पर प्रताड़ित करने लगा।

### 70 की स्पीड से चलेंगी हवाएं, गरज-चमक के साथ होगी बारिश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में गुरुवार को दिनभर आंशिक रूप से बादल छाए रहने से उमस ने लोगों को परेशान किया। हालांकि, शाम को हल्की बारिश और तेज हवाओं से मौसम खुशनुमा हो गया। शाम 4:30 से 5:30 के बीच हुई हल्की बारिश के साथ तेज हवाएं चलीं। शुक्रवार को भी दिल्ली में गरज-चमक और धूल भरी आंधी की संभावना है।

मौसम विभाग ने शुक्रवार को मौसम को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 50 से 60 किलोमीटर और बाद में 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। बता दें कि, 'ऑरेंज अलर्ट' बताता है कि मौसम खराब हो सकता है, इसलिए लोगों को सतर्कता बनाए रखनी चाहिए। मौसम विभाग ने शुक्रवार को अधिकतम तापमान 36-38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26-28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान जताया है। राजधानी में गुरुवार को अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस कम था। न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस अधिक था। मौसम संबंधी जानकारी देने वाली संस्था स्काईमेट के अनुसार दिल्ली में लगातार तीसरे दिन शुष्क मौसम बना रहा, हालांकि तापमान और उमस में बढ़ोतरी हुई। पूर्वी हवाएं और चक्रवाती परिसंचरण के चलते गुरुवार शाम को हल्की बारिश और हवाएं चलीं।

गुरुवार को पालम हवाई अड्डे पर पिछले 24 घंटों में 27 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से दक्षिणी पश्चिमी हवाएं चलीं जो शाम 5:30 बजे बढ़कर 46 किलो मीटर प्रतिघंटा की गति की हो गईं।

**मॉनसून के लिए तैयार रहें अफसर : एलजी:** दिल्ली उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गुरुवार को कमला नेहरू रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने डीडीए और पीडब्ल्यूडी के अफसरों को क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, यहां की जैव विविधता संरक्षण के कार्यों को जल्द से जल्द लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने अफसरों को युद्धस्तर पर मॉनसून की तैयारी की योजना लागू करने का भी निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने सद्भावना पार्क में चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की। वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट ने भी मॉनसून सीजन को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को एमसीडी व पीडब्ल्यूडी को साथ बैठकर ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में बरसाती पानी की निकासी के काम को तेज करने को कहा है।

# दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों में फीस वृद्धि पर लगेगी लगाम?

## रेखा गुप्ता सरकार एक हफ्ते में ला सकती है अध्यादेश





**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार राजधानी के प्राइवेट स्कूलों में फीस रेगुलेशन के लिए जल्द एक अध्यादेश लाने की योजना बना रही है। अध्यादेश एक सप्ताह के भीतर पेश किया जा सकता है। दिल्ली सरकार निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस बढ़ोतरी पर लगाम लगाने के लिए यह अध्यादेश लाने की तैयारी कर रही है।

सूत्रों के अनुसार, दिल्ली स्कूल शिक्षा विधेयक, 2025 के तहत प्रस्तावित अध्यादेश का ड्राफ्ट पहले ही लॉ डिपार्टमेंट को भेजा जा चुका है। अध्यादेश में उल्लंघन करने पर 50,000 रुपये तक का जुर्माना लगाने का प्रस्ताव है और बार-बार उल्लंघन करने पर स्कूल की संपत्ति जब्त करने का प्रावधान किया गया है। इतना ही नहीं, फीस निर्धारित करने के लिए स्कूल, जिला और समीक्षा स्तर पर कमेटियां बनाई जाएंगी।

इस बिल को पहले 13-14 मई को दिल्ली विधानसभा के प्रस्तावित विशेष सत्र के दौरान पेश किया जाना था, लेकिन सत्र आयोजित नहीं हो सका। अब इसे आगामी मॉनसून सत्र में बिले के रूप में पेश किया जाएगा।

16 अप्रैल को मनमानी फीस वृद्धि के मामले में 10 स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था और ऑडिट रिपोर्ट जमा न करने वाले स्कूलों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। मौजूदा दिल्ली सरकार ने पहले ही 600 स्कूलों से ऑडिट रिपोर्ट ले ली है। इससे पहले, प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस बढ़ोतरी के मुद्दे पर बात करते हुए दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा, हम एक मजबूत डॉक्यूमेंटशन सिस्टम बनाएंगे और ऐसे स्कूलों पर नकेल कसेंगे। हम जांच करेंगे कि पिछले समय में मनमाने तरीके से फीस बढ़ोतरी को कैसे मंजूरी दी गई और क्या पिछली सरकार के साथ कोई भ्रष्ट व्यवहार हुआ था। हम किसी भी हालत में ऐसी किसी भी गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

प्राइवेट स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से फीस बढ़ोतरी का मामला तब सामने आया जब डीपीएस द्वारका में कई छात्रों को बढ़ी हुई फीस नहीं भरने पर नाम काट दिया गया और अदालत ने इसमें हस्तक्षेप किया। सरकार ने एक कमेटी भी भेजी जिसने मामले की जांच की, जिसके बाद स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी बार-बार घोषणा की है कि इस तरह की फीस बढ़ोतरी और अभिभावकों और छात्रों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार मनमानी फीस वृद्धि पर अंकुश लगाने के लिए यह अध्यादेश लाने की योजना बना रही है। रेखा गुप्ता सरकार का लक्ष्य राज्य के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा प्रदान करना है। दिल्ली में निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि का मुद्दा लंबे समय से चिंता का विषय रहा है, जिसके समाधान के लिए दिल्ली सरकार पिछले कई वर्षों से विभिन्न उपाय कर रही है।

# 100 की स्पीड से दौड़ती बाइक से पुलिस पर गोली बरसा रहा था शूटर नवीन, एनकाउंटर में हुआ ढेर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के फर्श बाजार इलाके में पिछले साल सरेआम बर्तन कारोबारी सुनील जैन की हत्या में शामिल लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर नवीन कसाना को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और यूपी एसटीएफ ने बुधवार को ढेर कर दिया। मौत से पहले वह सौ किलोमीटर की रफ्तार पर दौड़ रही बाइक से पुलिस पर गोली चला रहा था।

हापुड़ में यूपी एसटीएफ-दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के साथ बुधवार रात को हुई मुठभेड़ में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शार्प शूटर के शरीर में पुलिस की तीन गोली आर-पार हो गई थीं, जबकि उसने पुलिसकर्मियों पर 32 बोर की पिस्टल से चार फायर दागे थे। इसमें दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए थे। तीन राज्यों की पुलिस उसका 20 दिन से पीछा कर रही थी। गुरुवार को पोस्टमॉर्टम के बाद नवीन के परिजन उसका शव अपने साथ ले गए।

**पुलिस के लिए बने थे चुनौती:** कारोबारी सुनील जैन की हत्या के बाद दिल्ली पुलिस की खासा किरकिरी हुई थी। दिनदहाड़े हुई हत्या के बाद न सिर्फ कानून व्यवस्था पर सवाल उठे, बल्कि पिछले छह महीने से शूटर पुलिस को गच्चा देकर फरार चल रहे थे। बर्तन कारोबारी हत्याकांड में स्पेशल सेल की टीम ने जब शूटरों से पहले दिल्ली पुलिस के ही एक सब-इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया तो हर कोई हैरान रह गया।

पकड़े गए पुलिसकर्मी पर आरोप है कि वह इन शूटर्स की मदद कर रहा था,जिसकी वजह से वह हर बार पुलिस के पहुंचने तक अपने ठिकाने से भाग निकलते थे।

**चार साल से फरार था :** पुलिस सूत्रों की मानें तो लॉरेंस गिरोह का खास नवीन कसाना पिछले चार साल से फरार चल रहा था। उस पर मकोका समेत, हत्या, हत्या की कोशिश, डकैती, लूट, रंगदारी, आर्म्स एक्ट समेत 20 से अधिक मुकदमें दर्ज थे।

### पाक अफसर पत्रकार बन सीआरपीएफ के एएसआई से लेते थे खुफिया जानकारी, हर महीने देते थे पैसे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में दिल्ली से गिरफ्तार किए गए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एएसआई मोती राम जाट से पूछताछ में सुरक्षा एजेंसियों को कई अहम बातें पता चली हैं। पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी टीवी जर्नलिस्ट बनकर उसे जासूसी के जाल में फंसाकर भारत से जुड़ी अहम जानकारी हासिल कर रहे थे। एनआईए को मामला सौंपे जाने से पहले केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी जाट से पूछताछ की थी। द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, मोती राम जाट ने कथित तौर पर पिछले दो सालों में पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के साथ कई अहम जानकारी शेयर की हैं। इनमें पहलगाम आतंकी हमले के कुछ घंटों बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जम्मू-कश्मीर दौरा, 50 पर्यटन स्थलों का बंद होना, सीआरपीएफ जवानों की आवाजाही और संख्या तथा आतंकियों के संदिग्ध ठिकाने ये कुछ प्रमुख जानकारियां हैं। पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों ने खुद को टीवी पत्रकार बताकर उसे 3,500 रुपये प्रति माह और महत्वपूर्ण जानकारी के लिए 12,000 रुपये अतिरिक्त दिए थे।

एनआईए ने इस हफ्ते की शुरुआत में सीआरपीएफ के एएसआई मोती राम जाट को दिल्ली से गिरफ्तार किया है और उससे पूछताछ कर रही है। एनआईए का आरोप है कि उसने पाकिस्तानी एजेंटों के साथ खुफिया जानकारी साझा की और वह उनसे पैसे ले रहा था। वह जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में सीआरपीएफ बटालियन में तैनात था और 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पांच दिन पहले उसका ट्रांसफर दिल्ली कर दिया गया था।

# दो भारतीय शांति सैनिक मरणोपरांत सम्मानित, दुनिया ने इस खास मौके पर किया शौर्य को सलाम



**न्यूयार्क, एजेंसी।** पिछले साल संयुक्त राष्ट्र के झंडे तले सेवा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले दो भारतीय शांति सैनिकों को संयुक्त राष्ट्र की ओर से अंतरराष्ट्रीय शांति सैनिक दिवस पर मरणोपरांत सम्मानित किया गया। संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर गुरुवार को यहां एक भव्य समारोह में ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा और हवलदार संजय सिंह को डैग हैमरशॉल्ड पदक से सम्मानित किया गया।

ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा ने संयुक्त राष्ट्र विघटन पर्यवेक्षक बल (यूएनडीओएफ) के साथ काम किया था, जबकि हवलदार संजय सिंह कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र स्थिरीकरण मिशन (एमओएनयूएससीओ) के साथ तैनात थे। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित भव्य समारोह में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से शहीद भारतीय शांति सैनिकों के परिवारों की ओर से डैग हैमरशॉल्ड पदक प्राप्त किया।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिवंगत शांति सैनिक हमें मानवता की व्यापक और सामूहिक भलाई के लिए किए गए बलिदानों की याद दिलाते हैं। ब्लू हेलमेट्स दुनिया भर में संकटों के समय संयुक्त राष्ट्र का चेहरा बने हुए हैं, जो सबसे गंभीर रूप से प्रभावित लोगों को शांति और आश्वासन मुहैरया कराते हैं। वे उम्मीद की किरण बनकर उभरते हैं। भारत ने दिवंगत ब्रिगेडियर अमिताभ झा (यूएनडीओएफ), हवलदार संजय सिंह (एमओएनयूएससीओ) और कर्नल (सेवानिवृत्त) वैभव अनिल काले को भी याद किया, जिन्हें हमने पिछले साल खो दिया था।

# खुले में सिगरेट पीने वालों पर सरकार का सख्त फैसला, लगेगा 13,000 रुपये का जुर्माना

## नया नियम 1 जुलाई से लागू

**पेरिस, एजेंसी।** यूरोप की चमकदार गलियों और कैफे कल्चर के लिए मशहूर फ्रांस से एक अहम खबर आई है। वहां की सरकार ने सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का बड़ा कदम उठाया है। यह फैसला खासतौर पर बच्चों और आम लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। फ्रांस की स्वास्थ्य और परिवार मंत्री कैथरीन वौट्रिन ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि यह नया नियम 1 जुलाई 2025 से लागू होगा। नए कानून के तहत यदि कोई व्यक्ति खुले में धूम्रपान करता पाया गया, तो उस पर 13,000 रुपये (लगभग 150 यूरो) तक का जुर्माना लगाया जाएगा।



**कहां-कहां नहीं कर पाएंगे धूम्रपान:** इस प्रतिबंध में पार्क, सार्वजनिक उद्यान, समुद्रतट, स्कूल के बाहर के इलाके और सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन स्थल शामिल हैं। यानी अब सार्वजनिक स्थानों पर सिगरेट पीना बीते कल की बात हो जाएगी।

**सरकार की मंशा क्या है:** फ्रांस सरकार इस अभियान को धूम्रपान मुक्त पीढ़ी की दिशा में एक बड़ा कदम मान रही है। मंत्री वौट्रिन ने साफ किया कि बच्चों को पैसिव स्मोकिंग के खतरे से बचाना उनकी प्राथमिकता है। सरकार चाहती है कि युवा वर्ग न सिर्फ सिगरेट से दूर रहे, बल्कि ऐसी आदतों को सामान्य भी न माने।

**इससे पहले क्या था नियम:** फ्रांस में अब तक सिर्फ कुछ विशेष स्थानों जैसे स्कूल, अस्पताल, सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट आदि में धूम्रपान पर रोक थी। लेकिन अब यह दायरा पूरे सार्वजनिक क्षेत्र तक बढ़ा दिया गया है।

**दुनियाभर के लिए उदाहरण:** फ्रांस का यह कड़ा कदम कई अन्य देशों के लिए एक मिसाल बन सकता है। एक ऐसा देश, जहां कैफे में बैठकर सिगरेट पीना एक आम दृश्य था, अब वहां भी जनस्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। नया नियम न सिर्फ चेतावनी है, बल्कि एक मजबूत सामाजिक संदेश भी है - बच्चों का बचपन धुएं में न खोने दें।

# कोपेनहेगन पहुंची टीम रविशंकर; सिएरा लियोन में श्रीकांत शिंदे नीत शिष्टमंडल

**कोपेनहेगन, एजेंसी।** भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर रहे हैं। अलग-अलग दलों में शामिल 51 सांसदों के अलावा कई राजनयिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाह टीम इंडिया की तरह पाकिस्तानी दुष्प्रचार को धराशायी करने में जुटे हैं। इन शिष्टमंडलों में शामिल सभी लोग दहशतगर्दों के पनाहगाह पाकिस्तान और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों को अलग-अलग मंचों पर बेनकाब कर रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद नीत शिष्टमंडल फ्रांस-इटली के बाद कोपेनहेगन पहुंचा है। अन्य दल सिएरा लियोन, पनामा, ग्रीस, बहरीन, कतर, रूस, जापान और यूएई जैसे देशों का दौरा कर चुके हैं। वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत की कूटनीतिक मुहिम जारी है।

इंडोनेशिया में जदयू सांसद और सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल समूह 3 के नेता संजय कुमार झा ने कहा कि केएच उलिल अबशार अब्दुल्ला ने कहा कि एक मुसलमान होने के नाते वे भारत का दर्द समझते हैं। वे महाकुंभ में भी गए थे। भारत में मुस्लिम आबादी पाकिस्तान से ज्यादा है, लेकिन पाकिस्तान इस्लामिक सहयोग संगठन में समर्थन जुटाकर भारत के खिलाफ प्रस्ताव पारित करता है। उन्होंने मुझे भरोसा दिलाया कि वे इस पर गौर करेंगे। पहलगाम में निर्दोष लोगों को उनके धर्म का पता लगाकर मार दिया गया। वे भारत के सांप्रदायिक सद्भाव को नष्ट करना चाहते थे। हमने अपनी चिंताओं से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने भारत की आर्थिक वृद्धि की भी सराहना की। इंडोनेशिया में नहदलातुल उलमा कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष केएच उलिल अबशार अब्दुल्ला ने कहा कि कुछ समूह इस्लाम के नाम पर हिंसा को बढ़ावा देते हैं। यह सही नहीं है क्योंकि इस्लाम एक शांतिप्रिय धर्म है और मुसलमान शांतिप्रिय लोग हैं। मैंने भारत के अपने सहयोगियों से कहा कि आतंकवाद के सबसे बड़े पीड़ित हिंदू, बौद्ध या ईसाई नहीं हैं। सबसे बड़े पीड़ित खुद मुसलमान हैं। इसलिए इस समस्या से निपटने के बारे में सबसे पहले चिंतित लोग खुद मुसलमान हैं। दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया में रहने वाले लोग शांति और सद्भाव चाहते हैं क्योंकि इसके बिना आर्थिक विकास और राजनीतिक स्थिरता हासिल नहीं की जा सकती। अगर लोगों को धर्मों की उचित और सही समझ नहीं है और वे हिंसा को वैध बनाने के लिए धर्मों का शोषण करते हैं, तो यह खतरनाक है। मैंने भारतीय संसद के अपने सहयोगियों से कहा कि इंडोनेशियाई इतिहास की सबसे गहरी भूगर्भीय परत भारतीय इतिहास और सभ्यता द्वारा आकार ली गई है। इसलिए भारत और इंडोनेशिया को लोगों के बीच आपसी सहयोग के आधार पर भी सहयोग करना चाहिए। जकार्ता में जदयू सांसद संजय झा के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने नहदलातुल उलमा कार्यकारी बोर्ड (पीबीएनयू) के अध्यक्ष केएच उलिल अबशार अब्दुल्ला के साथ बैठक की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि भारतीय संसद में लंबे समय से सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को खाली करके भारत को वापस दिया जाना चाहिए। भारत सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि बातचीत तभी हो सकती है जब पाकिस्तान की शांति के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट हो और आतंकवाद को उसका समर्थन बंद हो जाए। इसमें सिंधु जल संधि को स्थगित करने के बारे में बातचीत भी शामिल है।



# वित्त आयोग की टीम ने रांची में विभिन्न दलों के नेताओं से की मुलाकात

## भाजपा और आजसू ने आयोग के समक्ष राज्य सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का लगाया आरोप

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 16वां वित्त आयोग की टीम ने आज रांची में सत्तारूढ़ राजनीतिक दल और विपक्षी दलों समेत कुछ अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं से मुलाकात की। मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी और आजसु पार्टी ने आयोग के समक्ष राज्य सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया है। भाजपा नेता राकेश सिन्हा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आयोग के समक्ष पार्टी ने 21 बिंदुओं को रखा है। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग मूलतः तीन बिंदुओं पर काम करता है। आपदा प्रबंधन, पंचायती राज और राजस्व घाटा। उन्होंने कहा कि इन तीनों बिंदुओं पर भाजपा ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि राज्य में पंचायती राज चुनाव संपन्न कराए गए हैं लेकिन दो वर्षों से स्थानीय निकाय चुनाव नहीं हुआ है। हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद चुनाव नहीं कराना जन भावनाओं के साथ धोखा है।इस बात को पार्टी ने आयोग के समक्ष रखा है। उन्होंने आयोग के अध्यक्ष से आग्रह किया है कि चुनाव तुरंत कराया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव नहीं होने से जिन योजनाओं से संबंधित निर्णय जनप्रतिनिधियों को लेना चाहिए उसे अधिकारी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा होने से भ्रष्टाचार चरम पर हो गयाहै। राकेश प्रसाद ने कहा कि आयोग के समक्ष आपदा प्रबंधन पर भी बातचीत हुई है। झारखंड में 30% वन क्षेत्रहै। इसके कारण वज्रपात की घटनाएं होती रहती हैं। इस घटना में हर साल 300 से 400 लोगों की मौत हो जाती है। इस पर भी विचार करने की जरूरतहै। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजा राशि को भी बढ़ाने की मांग की गई। राकेश प्रसाद ने कहा कि मतदाता सूची को आधार से लिंक करने की जरूरत है ताकि योजनाओं का लाभ घुसपैठिए ना उठा सके। इधर आजसू पार्टी के नेता प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि झारखंड राज्य लंबे संघर्ष के बाद मिला है। इस राज्य पर विशेष दृष्टि होनी चाहिए। प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में विकास की रफ्तार को पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया गया है। राज्य को राजनीतिक स्वार्थ की बलि चढ़ाया जारहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि 15 वे वित्त आयोग की अनुशंसा पर मिली राशि का खर्च का ब्यौरा भी राज्य सरकार देने में असमर्थ है। उन्होंने जानना चाहा कि क्या केंद्र सरकार की राशि को लोक लोभावन योजनाओं में डायवर्ट कर दिया गया। इधर सत्तारूढ़ गठबंधन की प्रमुख पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी आयोग के समक्ष कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को उठाया। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने केंद्र सरकार से झारखंड को पर्याप्त सहयोग नहीं मिलने की बात को प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि 16 वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के आधार पर केंद्र सरकार का सहयोग झारखंड को मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से बकाया रॉयल्टी की राशि एक लाख चालीस हजार करोड रुपए झारखंड को जल्द से जल्द मिलेंगे। उन्होंने कहा की रॉयल्टी का पैसा जब केंद्र सरकार से झारखंड को मिलेगा तो उसका उपयोग राज्य के विकास में किया जाएगा।

## राज्य सरकार ने वित्त आयोग टैक्स में हिस्सेदारी बढ़ाने की मांग रखी



**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य सरकार ने 16वें वित्त आयोग के समक्ष करों मे हिस्सेदारी को 41 प्रतिशत से बढाकर 50 फीसदी करने की मांग रखी है। चार दिवसीय झारखंड के दौरे के तीसरे दिन शुक्रवार को रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि 15वे वित्त आयोग ने करो में हिस्सेदारी का प्रतिशत राज्यों के लिए 41% और केंद्र के लिए 59% की सीमा तय की थी। उस सीमा को झारखंड सरकार ने इकतालीस प्रतिशत से बढ़ाकर 50% करने की मांग रखी है। उन्होंने बताया कि इस तरह की मांग रखने वाले राज्यों की संख्या 28 है। इसी सन्दर्भ में 41 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की बढ़ी हुयी मांगो का वर्गीकरण करते हुए श्री पनगढ़िया ने कहा कि 17.5% को जनसंख्या के आधार पर, 15% क्षेत्र के आधार पर 50% को प्रति व्यक्ति आय के आधार पर, 12.5% को वन क्षेत्र के आधार पर और इसके अलावा ढाई प्रतिशत को झारखण्ड में हुए जीएसटी लॉस के आधार पर और ढाई प्रतिशत कर संग्रहण क्षमता के आधार पर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में पंचायत और स्थानीय निकाय का चुनाव एक लंबे समय से लंबित है जिसके कारण राज्य सरकार को केंद्रीय राशि नहीं मिल पा रही है। इसको लेकर पूछे गए सवाल पर अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि इस साल राज्य सरकार को हर हाल में स्थानीय निकाय का चुनाव कराना होगा जिससे पिछले और इस वित्तीय वर्ष की केन्द्रांश राशि जारी की जा सकेगी अन्यथा इस राशि को केंद्र द्वारा जारी करने में समस्या आयेगी। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में जल्द से जल्द पेसा कानून को लागू करने की भी सिफारिश राज्य सरकार से की।

# बोकारो एयरपोर्ट से उड़ान सेवा को लेकर राजनीति गर्म





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो हवाई अड्डे से उड़ान सेवा कब शुरू होगी इसका तो पता नहीं, लेकिन इसको लेकर राजनीति तेज हो गई है। बोकारो की वर्तमान कांग्रेस विधायक स्वेता सिंह और पूर्व भाजपा विधायक बिरंची नारायण के बीच जुमानी जंग शुरू हो चुकी है। दोनों ही नेता हवाई अड्डे से उड़ान सेवा शुरू करने को लेकर किसी भी हद तक जाने की बात कह रहे हैं। कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह ने भाजपा के पूर्व विधायक की मनसा पर सवाल उठाया और कहा कि यह सिर्फ हमारी कमियों को निकालने का काम कर रहे। उन्हें इस मुद्दे पर हमारा साथ देना चाहिए ।क्योंकि मैं इस पर पहल कर रही हूं और काम केंद्र और राज्य सरकार का है। जनप्रतिनिधि का काम है दोनों के पास जाकर इसका रास्ता निकालना। पूर्व विधायक को अपने गिरेबान पर झांकना चाहिए। उन्होंने क्या-क्या किया है सिर्फ उन्होंने 10 साल लोगों को ठगने का काम किया है। हवाई अड्डे से उड़ान सेवा जल्द शुरू होगी कुछ अड़चन है उसे दूर किया जा रहा है। वहीं भाजपा के पूर्व विधायक ने कहा कि वर्तमान विधायक को थोड़ी जानकारी ले लेनी चाहिए, उन्हें जानकारी का अभाव है। उन्होंने कहा कि बोकारो से उड़ान सेवा शुरू करने के लिए वह किसी भी हद तक जाएंगे सड़क पर उतरना पड़े तो वह उतारने के लिए तैयार है। क्योंकि बोकारो हवाई अड्डा हो उनका भावनात्मक मुद्दा है।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्लड सेंटर आइकॉन क्रिटिकल केयर का उद्घाटन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर व विकासशील बनाने के क्रम में गोल्ड बिल्डिंग मोड के निकट जी आश्रम सरायढेला में ब्लड सेंटर आइकॉन क्रिटिकल केअर का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि उदय प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि चुनाव आयोग की ब्रांड एम्बेसडर श्वेता किन्नर और निशांत सिंह ने किया। मौके पर ब्लड बैंक के मालिक नगीना कहा कि चिकित्सा एक ऐसा कार्य है, जिसे ईश्वरीय कार्य का दर्जा दिया जाता है।

### हजारीबाग में चार हजार किलो नकली पनीर जप्त

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हजारीबाग जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 4000 किलो नकली पनीर जप्त किया है। यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई कही जा रही है। पूरा खेप बिहार के बख्तियारपुर और मनेर से हजारीबाग पहुंचा था। जानकारी के अनुसार पनीर रांची सप्लाई करना था. यह भी बात कही जा रही है कि कुछ पनीर हजारीबाग रामगढ़ भेजने की तैयारी चल रही थी. सदर अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ कामती ने बताया एक बड़ा गिरोह इसके पीछे काम कर रहा है. जो आधे दाम में पनीर विभिन्न दुकानों में सप्लाई करता है . जिस दो बसों से नकली पनीर बरामद किया गया है उनके मालिक को नोटिस जारी किया जाएगा. यह जानकारी इकट्ठा किया जाएगा कि नकली पनीर के कारोबार में कौन-कौन व्यक्ति संलिप्त है. ताकि कार्रवाई की जा सके. इन्होंने स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में हजारीबाग के तमाम छोटे से बड़े होटल में औचक निरीक्षण किया अभी जाएगा.

### सेना के सम्मान में आयोजित जय हिन्द सभा में पूर्व केन्द्रीय मंत्री हुए शामिल

**डालटनगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पाकिस्तान के साथ युद्ध में सौर्य का प्रदर्शन करने वाली भारतीय सेना के सम्मान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के द्वारा पूरे देश में जय हिन्द सभा की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पलामू जिला मुख्यालय डालटनगंज के कचहरी परिसर में इसका आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, कार्यक्रम संयोजक पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी समेत कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकताओं ने भाग लिया। मौके पर पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि युद्ध को लेकर जब भी स्थिति बनी है कांग्रेस पार्टी ने पहले भी सरकार को समर्थन दिया था। इस बार की स्थिति में भी पूरा समर्थन दिया था। भारतीय सेना ने अपने अदमय साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। उनके जज्बे को हम सलाम करते हैं। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि पहलगाम हिंसा में 27 लोगों की मौत हुई थी और उसके गुनाहगारों को सजा मिलने तक भारतीय सेना की कार्रवाई होनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

### आनंद मार्ग का पृथ्वी बचाओ सप्ताह शुरू, 100 से अधिक पौधे और 200 बीज बॉल वितरित

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोनारी कबीर मंदिर के पास एवं गदरा आनंद मार्ग जागृति में पृथ्वी बचाओ सप्ताह के प्रथम दिन शुक्रवार को 100 से ज्यादा पौधे एवं 200 बीज बॉल का वितरण किया गया। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में सात दिवसीय पर्यावरण सप्ताह मनाया जा रहा है। ऐसा पृथ्वी की गर्मी को कम करने के प्रयास के तहत किया जा रहा है। लोगों को बीज बॉल बनाकर नदी के किनारे एवं खाली झाड़ी नूमा मैदान, लॉन्ग ड्राइव में जाने के समय सड़क के आसपास की सरकारी जमीन पर इस तरह फेंकना है ताकि बीज बिखर जाएं और नमी पाकर पौधा का रूप ले लें। सोनारी कबीर मंदिर के पास एवं गदरा आनंद मार्ग जागृति में प्रत्येक दिन सुबह 8 बजे से 10 बजे तक पौधे बांटे जाएंगे। आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं प्रीवेंशन आफ क्रुएलिटी टू एनिमल्स एंड प्लांट्स जमशेदपुर की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# एचएमएस के दर्जनों कार्यकर्ता डीसीकेएस में शामिल



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीसीसीएल के चाँच विक्टोरिया क्षेत्र संख्या-12 में एचएमएस के राजेन्द्र महतो सहित सैकड़ो कार्यकर्ता धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ (बीएमएस) में शामिल हुए। इसी क्रम में भारतीय मजदूर संघ अपने रीतिनीति के साथ लायकडीह सामुदायिक भवन में सभा आयोजित कर सभी कार्यकताओं को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ दे कर सम्मानित किया। मौके पर माधव सिंह कार्यसमिति सदस्य भारतीय मजदूर संघ झारखंड प्रदेश सह प्रभारी बीसीसीएल ईसीएल और सीएमपीएफ, मुरारी तांती अध्यक्ष धकोकसंघ सह सलाहकार समिति सदस्य बीसीसीएल, उमेश कुमार सिंह महामंत्री धकोकसंघ सह कोल इंडिया सुरक्षा बोर्ड सदस्य सह एपेक्स सुरक्षा समिति सदय बीसीसीएल , के. के. सिंह संगठन मंत्री धकोकसंघ सह मंत्री अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ,, लालमोहन दास मंत्री धकोकसंघ, गोरचंद चटर्जी बरिष्ठ कार्यकर्ता भामसं, देवाशीष मोदी क्षेत्रीय अध्यक्ष, महेश कुमार तांती क्षेत्रीय सचिव, संजीव श्रीवास्तव क्षेत्रीय सह सचिव, ओम प्रकाश राम क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के साथ-साथ क्षेत्र एवं शाखा के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ईएसएल ने किया माहवारी स्वच्छता जागरूकता सत्र का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर, वेदांता लिमिटेड की सहायक कंपनी ईएसएल स्टील लिमिटेड ने नंदघर, बांधडीह में एक विशेष माहवारी स्वच्छता जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़ी जरूरी जानकारी देना, स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में 60 से अधिक महिलाओं और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने मासिक धर्म जैसे संवेदनशील विषय पर खुलकर चर्चा की और सक्रिय रूप से अपनी जिज्ञासाएं साझा की. जिससे यह स्पष्ट हुआ कि समाज में अब इस महत्वपूर्ण विषय पर संवाद की आवश्यकता को समझा जा रहा है। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मीनाक्षी सभरवाल, मुख्य गुणवत्ता अधिकारी, ईएसएल स्टील लिमिटेड रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा, मासिक धर्म स्वच्छता केवल स्वास्थ्य से जुड़ा विषय नहीं है, बल्कि यह सम्मान और सशक्तिकरण से भी जुड़ा हुआ है। इस जागरूकता सत्र के जरिए हमारा उद्देश्य महिलाओं को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना और मासिक धर्म के अनुकूल समाज के निर्माण की दिशा में योगदान देना है। आज चुप्पी तोड़ने से कल का समाज अधिक स्वस्थ और समावेशी बनेगा। सत्र में सरकारी स्वास्थ्य टीम की काउंसलर, आभा कुमारी ने भी भाग लिया। उन्होंने मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता, व्यवहार और मिथकों पर खुलकर बात की। उनके संवादात्मक सत्र में महिलाओं और लड़कियों ने अपने सवाल पूछे, जिनका उन्होंने सरल और व्यावहारिक उत्तर दिया। सत्र के समापन पर उपस्थित सभी महिलाओं और किशोरियों को निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरित किए गए, ताकि वे स्वच्छता बनाए रखने के लिए सही संसाधनों का उपयोग कर सकें। यह पहल ईएसएल स्टील लिमिटेड के सामुदायिक कल्याण और महिलाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कंपनी अपने सी एस आर कार्यक्रमों के माध्यम से समावेशी विकास और सामाजिक जागरूकता को निरंतर बढ़ावा दे रही है।

# मजदूरों को काम नहीं देने पर जताया आक्रोश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंदनकियारी प्रखंड स्थित अमलाबाद बीसीसीएल कोलियरी को संचालित करने वाले आउटसोर्सिंग कंपनी मंगलम कोलफील्ड लिमिटेड में गार्ड ने गुरुवार को लोहा लदा ट्रक पकड़ा था। इस मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने शुक्रवार को संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में अमलाबाद में बैठक की। मोर्चा ने कंपनी द्वारा स्थानीय मजदूरों को शुक्रवार से काम पर बैठा दिये जाने के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। कंपनी को चेतावनी देते हुए कहा कि कंपनी अगर स्थानीय मजदूरों को काम पर नहीं रखेगी, तो अन्य कोई भी मजदूरों को कंपनी के अंदर नही जाने दिया जाएगा। गेट जाम कर दिया जाएगा। ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से ट्रक से बरामद लोहे की जांच करने की मांग की है। बैठक में मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी चास के नाम मांग पत्र सौंपने की बात कही। अमलाबाद स्थित आउटसोर्सिंग कंपनी का लोहा लदा ट्रक पकड़े जाने वाले मामले में कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अशोक सिंह व ग्रामीण प्रेम सिंह ने एक-दूसरे पर मामला दर्ज कराया है।




# हवाई उड़ान को लेकर चलाया जा रहा है जनजागरण अभियान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो हवाई अड्डा जल्द प्रारंभ हो इस अभियान को लेकर नागरिक अधिकार मंच द्वारा जोरदार तरीके से जनजागरण अभियान एवं जन प्रतिनिधियों पर आज से दबाव बनाने का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत बोकारो जिला से संबंधित सभी वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों से मिलकर नागरिक अधिकार मंच के प्रतिनिधि मंडल द्वारा ज्ञापन दिया जाना प्रारंभ किया गया है। इसके माध्यम से यह आग्रह किया गया है कि इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए जनता चाहती है कि जनप्रतिनिधि अपनी विशेष शक्ति का प्रयोग करते हुए बोकारो हवाई अड्डा से हवाई उड़ान प्रारंभ होने में जो भी दिक्कतें आरही हैं उसे अविलंब दूर कराकर इसे जल्द चालू कराएं। नागरिक अधिकार मंच द्वारा सात टीमों का गठन किया गया जो अलग अलग ग्रुप में वर्तमान एवं जनप्रतिनिधियों से मिलकर हवाई अड्डा को जल्द चालू कराने का आग्रह करेगी। रघुवर प्रसाद, अखिलेश ओझा, लक्ष्मण शर्मा एवं ललित कुमार को बोकारो विधायक श्रीमती श्वेता सिंह और पूर्व विधायक बिरंची नारायण को ज्ञापन देंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक: मनोज विशाल
फोन नंबर: 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या: JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com

# सदर अस्पताल के सभी चिकित्सक ओपीडी में रहेंगे मौजूद : उपायुक्त



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सदर अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर सेवा मिलनी चाहिए। पैथोलॉजी भी पूरी तरह से कार्यरत होनी चाहिए। यहां पदस्थापित सभी चिकित्सक ओपीडी में मौजूद रहेंगे। चिकित्सक एवं स्पेशलिस्ट का माहवार रोस्टर तैयार करें। सभी के वेतन का भुगतान बयोमेट्रिक अटेंडेंस के अनुसार करें। उपरोक्त निर्देश उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने गुरुवार को सदर अस्पताल के सुदृढ़ीकरण को लेकर आयोजित बैठक में सिविल सर्जन को दिया। उपायुक्त ने कहा कि मरीजों को बेहतर सेवा देना जिला प्रशासन का लक्ष्य है। इसलिए एक सप्ताह में सदर अस्पताल में साफ सफाई, सुरक्षा तथा बुनियादी सुविधाओं को लेकर सुधार नजर आना चाहिए। पैथोलॉजी के लिए जरूरी संसाधनों की पूर्ति कर पैथोलॉजी पूरी तरह से कार्यरत रहनी चाहिए। अस्पताल के हर उपकरण सुचारू रूप से चलने चाहिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सक एवं कर्मी अपने कर्तव्य का सर्वोत्तम तरीके से पालन करें। कर्मी औपचारिक वस्त्रों (फॉर्मल ड्रेस) में आएं। चिकित्सक एवं कर्मी समय पर अस्पताल पहुंचे। सभी विभागों के बाहर नेम प्लेट लगाएं। स्टोर रूम में पर्याप्त मात्रा में अच्छी कंपनी की दवाइयां रखें। बैठक के दौरान उपयुक्त ने सदर अस्पताल के सुदृढ़ीकरण और जरूरी संसाधनों की पूर्ति के लिए सुझाव मांगे। साथ ही अगस्त महीने तक सदर अस्पताल में 1000 ओपीडी एवं 500 सर्जरी करने का निर्देश दिया। बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पियूष सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन, नोडल डॉ संजीव कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन के अलावा सदर अस्पताल के सभी कर्मी मौजूद थे।